सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.8 न्यू | 26.23अधि |
| धर्मशाला | 12.9 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,399 |
| निफ्टी | 23,690 |
| सोना | 1,61,000 |
| चांदी | 2,87,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 15 मई 2026 | 1 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 136, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### एमपी में पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट, तीन की मौत



**एजेंसी, देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंक कलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे पटाखा फैक्टरी में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए। इनमें 13 गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया। मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि शवों के टुकड़े 20-25 फुट दूर तक जा गिरे। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्टरी को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्टरी मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। (अनंत ज्ञान)

### वीडी सतीशन होंगे केरलम के नए मुख्यमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वीडी सतीशन केरलम में राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। गुरुवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने उनके नाम की घोषणा की है। मालूम हो कि केरलम विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित हुए थे।



तब से कांग्रेस पार्टी में सीएम के नाम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। नए सीएम की घोषणा के बाद एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मैं इस फैसले का पूरे दिल से स्वागत करता हूं। मैं वीडी सतीशन को इस पद के लिए बधाई देता हूं। (अनंत ज्ञान)

### पुणे में अस्पताल के अंदर टाइमर बम मिला

**एजेंसी, पुणे।** पुणे के हडपसर इलाके में एक प्राइवेट हॉस्पिटल के अंदर कम तीव्रता वाला विस्फोटक मिला। पुलिस के मुताबिक, यह बम जैसी ही डिवाइस थी जिसे अस्पताल के वॉशरूम में रखा गया था। डिवाइस में कुछ तार थे जो टाइमर से जुड़े थे। टाइमर को 7 घंटे के लिए सेट किया गया था। बम स्कॉड की एक टीम तुरंत मौके पर भेजी गई। विस्फोटक को बाहर मैदान में लाकर डिफ्यूज किया गया। पुणे पुलिस की एक टीम, क्राइम ब्रांच और एंटी टेररिस्ट स्कॉड ने जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### फाजिल्का में खेत से मिला पाकिस्तानी ड्रोन

**एजेंसी, फाजिल्का।** पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार और नशे की तस्करी की कोशिशें लगातार जारी हैं, जिन्हें बीएसएफ और पुलिस समय-समय पर नाकाम कर रही हैं। गुरुवार को फाजिल्का के गांव चक्क बाजीदा में एक किसान के खेत से संदिग्ध ड्रोन बरामद हुआ। सूचना मिलते ही बीएसएफ और पुलिस ने इलाके को सील कर सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद ड्रोन कब्जे में लिया गया। इस मामले में जलालाबाद सदर थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल की वित्तीय स्थिति बेहद मजबूतः नरेश चौहान -पेज 2
- ? -पेज 5
- मंडी से दो आरोपी गिरफ्तार जेवरात और नकदी बरामद -पेज 12

# देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसआईआर

## चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा।

चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसंबर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितंबर से दिसंबर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)




### दूसरे चरण में 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में हुआ एसआईआर

**मतदाता** सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर 2205 से किया गया था। इस चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुदुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसआईआर किया गया। इनमें से चुनावी राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। जबकि एसआईआर के पहले चरण में सिर्फ बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था।

### हिमाचल, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर सूची में शामिल नहीं

**आयोग** ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। आयोग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसमें बर्फ से ढके क्षेत्रों में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि, मतदाता सूची के तीसरे चरण में दिल्ली को शामिल किया जाएगा, जहां 7 अक्तूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

# सीएम सुक्खू का ऐलान-पालमपुर में पार्षदों की जीत पर हर वार्ड को एक-एक करोड़



पालमपुर में चुनाव प्रचार के दौरान सीएम सुक्खू, रजनी पाटिल व विनय कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर के चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत कम करने की अपील के अनुरूप प्रदेश सरकार पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेशभर में कांग्रेस नगर निकाय और पंचायत चुनावों में मजबूत प्रदर्शन कर रही है और पालमपुर नगर निगम की सभी 15 सीटों पर पार्टी की जीत तय है। उन्होंने घोषणा की कि सभी पार्षदों के जीतने पर प्रत्येक वार्ड को एक-

### ◆ नगर निकाय चुनाव प्रचार में कार्यकर्ताओं में भरा जोश


एक करोड़ रुपए की विकास राशि दी जाएगी। सीएम सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार पर प्रदेश को कर्ज में डुबोने का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर वित्तीय अनुशासन स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा क्षेत्रों में व्यापक सुधार कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य में 150 सीबीएसई स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं तथा सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं, योग, संगीत और संस्कृत शिक्षकों की तैनाती की जा रही है। अनाथ बच्चों के लिए 'मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना' लागू की गई है, जबकि आपदा प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज दिया गया है।

पालमपुर के विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पुलिस प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा रहा है, कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार पर कार्य जारी है और भविष्य में हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने की योजना है। इसके अलावा पार्किंग, इंडोर स्टेडियम, जलापूर्ति और लाइब्रेरीजी से चल रहा है।

इस अवसर पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा, मंत्री राजेश धर्माणी, यादवेंद्र गोमा, गोकुल बुटेल, विधायक भवानी पठानिया आदि उपस्थित रहे।

# ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से मिले पीएम मोदी, होर्मुज पर की चर्चा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में हो रही ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल कई विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इनमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा शामिल थे।

ये मुलाकातें भारतीय राजधानी में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने आए हुए मंत्रियों और प्रतिनिधियों के साथ आधिकारिक 'ब्रिक्स फैमिली फोटो' के लिए भी पोज दिया। इस फोटो में इस उच्च-स्तरीय राजनयिक कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे सदस्य देशों और सहयोगी राष्ट्रों के प्रतिनिधि एक साथ नजर आए। इससे पहले, भारत ने गुरुवार को ब्रिक्स देशों से भू-राजनीतिक उथल-पुथल और व्यापारिक व्यवधानों के परिणामों से बेहतर ढंग से निपटने के लिए 'व्यावहारिक तरीके' खोजने का आग्रह किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह टिप्पणी यहां आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में की। (अनंत ज्ञान)


# यूपी में आंधी-तूफान, 111 लोगों की मौत

## 80 किमी प्रति घंटा की आंधी में युवक उड़ा, राजस्थान में गर्मी का रेड अलर्ट

**एजेंसी, लखनऊ**

यूपी में आंधी-तूफान और तेज बारिश की वजह से पिछले 24 घंटे में 111 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मौतों पर दुख जताया है। पुतिन ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना शोक संदेश भेजा है। कहा कि उत्तर प्रदेश में तूफान के कारण हुई भारी जान-माल की हानि और बड़े पैमाने पर हुई तबाही पर मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

बुधवार शाम को गाजियाबाद, वाराणसी, अयोध्या समेत 30 जिलों में तूफान आया। बारिश के साथ ओले गिरे। कई जगह पेड़ टूटकर गिर गए। बिजली के खंभे उखड़ गए। दीवार गिरने से गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। बरेली में 90 की रफ्तार में चली आंधी में टिन शेड के साथ 50 साल का युवक करीब 50 फुट हवा में उड़ गया। वह 100 मीटर दूर खेत में गिरा। उसका हाथ टूट गया। अस्पताल में इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। गुरुवार को मौसम साफ है। तेज धूप निकली है। मौसम विभाग ने आज 51 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं। (अनंत ज्ञान)



### ◆ मध्य प्रदेश भी हीटवेव की चपेट में

# दिल्ली-शिमला हवाई सफर हुआ महंगा

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हवाई संपर्क को लेकर महीनों से बनी अनिश्चितता के बीच आखिरकार राहत भरी खबर सामने आई है। दिल्ली-शिमला और शिमला-धर्मशाला हवाई मार्गों पर उड़ान सेवाओं की दोबारा शुरुआत के साथ नए किरायों की घोषणा कर दी गई है।

राज्य सरकार और एलायंस एयर के बीच हुए नए समझौते के बाद अब प्रदेश के लोगों, पर्यटन कारोबारियों व व्यापारिक वर्ग को एक बार फिर तेज हवाई संपर्क की उम्मीद जगी है। लंबे समय से उड़ानों के प्रभावित रहने के कारण जहां पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान झेलना पड़ा, वहीं राजधानी शिमला की हवाई पहुंच को लेकर भी लगातार सवाल उठ रहे थे। सूत्रों के अनुसार दिल्ली-शिमला मार्ग का किराया 7,782 रुपए और शिमला-दिल्ली का किराया 7,740 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं, शिमला-धर्मशाला उड़ान के लिए यात्रियों को 4,424 रुपए और धर्मशाला-शिमला मार्ग के लिए 4,997 रुपए खर्च करने होंगे। नए किरायों में सभी शुल्क शामिल बताए गए हैं। सरकार का दावा है कि कठिन पहाड़ी परिस्थितियों और सीमित परिचालन लागत को देखते हुए यह किराया व्यावहारिक रखा गया है, ताकि सेवाएं नियमित रूप से जारी रह सकें।

# मंडी में कार खाई में गिरी, 2 की मौत

अनंत ज्ञान

**जंजैहली।** सराज क्षेत्र के शिकारी माता मंदिर मार्ग पर गुरुवार को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब एक बजे हुआ जब आल्टो कार (एचपी-87-2981) शिकारी माता मंदिर के मुख्य द्वार से करीब 20 मीटर आगे अनियंत्रित होकर लगभग 700 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

सूचना मिलते ही जंजैहली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। दुर्घटना में कार चालक एवं मालिक भूपेंद्र कुमार निवासी जाजर और हेतराम निवासी भराड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि योगराज निवासी चौरासणी और पूर्ण चंद निवासी कुरसौणी घायल अवस्था में मिले। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने थाना जंजैहली में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।



दुर्घटनाग्रस्त कार।

### एहजू में स्कूली छात्रा को वाहन ने रौंदा, मौत

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल के जिला मंडी में वीरवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में स्कूली छात्रा की मौत हो गई। मंडी-पठनकोट हाईवे पर जोगेंद्रनगर उपमंडल के एहजू के समीप सुबह यह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे का शिकार छात्रा की पहचान 17 वर्षीय अनु पुत्री पुन्नू राम निवासी बैजनाथ के रूप में हुई है। वह एहजू विद्यालय में 11वीं कक्षा की छात्रा थी। छात्रा के पिता पुन्नू राम कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में आउटसोर्स पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि स्कूल जाते वक्त तेज रफ्तार टैंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिस कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अनु अपने मामा के घर मचकेहड़ में रहती थी और रोज की तरह वहीं से स्कूल एहजू के लिए जा रही थी।

# दिल्ली लाल किला ब्लास्ट मामले में 7500 पेज की चार्जशीट पेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने वाले कार बम धमाके मामले में एनआईए ने 7500 पन्नों की चार्जशीट पेश कर दी है। दिल्ली की पटियाला हाउस स्थित एनआईए स्पेशल कोर्ट में दाखिल इस चार्जशीट में 10 आरोपियों को नामजद किया गया है।

### ◆ 10 आरोपियों पर आतंकी नेटवर्क चलाने का आरोप 8 आतंकियों में 5 डॉक्टर

10 नवंबर, 2025 की शाम लाल किले के पास हुए इस धमाके में 11 लोगों की मौत, जबकि कई घायल हुए थे। एनआईए की जांच में पता चला है कि सभी आरोपी आतंकी संगठन सार गजवत-उल-हिंद और अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़े थे। गिरफ्तार किए गए 8 आतंकियों में 5 पेशे से डॉक्टर हैं। चार्जशीट में मुख्य आरोपी पुलवामा निवासी डॉ. उमर उन नबी का भी नाम है, जिसकी मौत हो चुकी है। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुका था। (अनंत ज्ञान)

# पेपर फूटा, सपना टूटा, नीट घोटाले पर भड़के पंजाब सीएम भगवंत मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला/गगल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान वीरवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स टीम का हौसला बढ़ाने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए नीट परीक्षा रद्द होने के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। मान ने कहा कि नीट परीक्षा रद्द होना सरकार की बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि लाखों बच्चे दिन-रात मेहनत करते हैं, बड़े सपने देखते हैं कि वे अपने परिवार की किस्मत बदलेंगे, लेकिन जब पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द होती है तो बच्चों का दिल टूट जाता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जहां भाजपा की डबल इंजन और ट्रिपल इंजन सरकारें हैं, वहीं इस



### ◆ आईपीएल मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स टीम का बढ़ाया हौंसला

तरह के पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पेपर फूटा, सपना टूटा, देश का सिस्टम एक पेपर भी सही तरीके से नहीं करवा पा रहा।

इस दौरान मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाकर खुद विदेश दौरों पर निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति जनता को बताई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि देश में तेल की स्थिति क्या है, सोने का भंडार कितना है और आखिर हर चीज पर पाबंदियां क्यों लगाई जा रही हैं। किसी दूसरे देश ने ऐसी पाबंदियां नहीं लगाई हैं। युद्ध का बहाना बनाया जा रहा है, जबकि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही खस्ता हालत में है।

# जिनपिंग ने डोनाल्ड ट्रंप से कहा-पार्टनर बनें, प्रतिद्वंद्वी नहीं

**एजेंसी, बीजिंग**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में जिनपिंग ने ट्रंप का स्वागत किया। इस दौरान ट्रंप को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया।

दोनों नेताओं के बीच 2 घंटे बैठक चली। बैठक की शुरुआत में जिनपिंग ने कहा कि पूरी दुनिया इस बैठक पर नजर लगाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि पार्टनर बनना चाहिए। उन्होंने कहा, 'बार-बार साबित हुआ है कि ट्रेड वॉर में कोई विजेता नहीं होता।



### ◆ ट्रेड वॉर में कोई नहीं जीतता, ट्रंप बोले-आपसे दोस्ती सम्मान की बात

चीन-अमेरिका आर्थिक संबंधों का आधार आपसी लाभ और विन-विन सहयोग है।' वहीं, ट्रंप ने जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा, 'आपका दोस्त होना सम्मान की बात है।' ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी नेताओं को अपने साथ लेकर चीन आए हैं। (अनंत ज्ञान)

# बंगाल में बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के गोहत्या पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की असेंबली में 'वंदे मातरम' को अनिवार्य कर दिया है। सभी स्टूटेंट्स को इसमें शामिल होना पड़ेगा। वहीं, सरकार गोहत्या से जुड़े 1950 के कानून और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए एक नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में कहा गया है कि बिना 'फिटनेस सर्टिफिकेट' के किसी भी मवेशी-भैंस की हत्या पूरी तरह से प्रतिबंध है।

बंगाल सरकार ने कहा कि फिटनेस सर्टिफिकेट केवल किसी नगरपालिका के अध्यक्ष, किसी पंचायत समिति के प्रमुख और एक सरकारी पशु चिकित्सक के साथ मिलकर जारी किया जाएगा। यह सर्टिफिकेट तभी जारी होगा जब अथॉरिटी सहमत हो कि जानवर 14 साल से ज्यादा उम्र का है, वह प्रजनन के लायक नहीं और बूढ़ा है। चोटिल और अपंग है, या लाइलाज बीमारी के कारण अक्षम है। इसके अलावा सार्वजनिक बूचड़खानों पर भी रोक लगा दी गई है। सरकार ने कहा है कि जानवरों की हत्या केवल नगरपालिका के बूचड़खाने, या स्थानीय प्रशासन से निर्धारित बूचड़खाने में ही की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**झटका**

## ओमान तट के पास हादसा, 14 क्रू मेंबर्स को कोस्टगार्ड ने बचाया

# होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और जहाज डूबा

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया।

हादसे के बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि, ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुल्तान अहमद अंसार ने बताया कि एमएसवी हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हो गया। क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद जहाज में आग लग गई। हालात बिगड़ने पर सभी 14 क्रू मेंबर्स ने लाइफ बोट की मदद से जहाज छोड़ा। इससे पहले 7 मई को होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का एक और मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी-एक भी अमेरिका और ईरान नेवी के बीच फायररिंग का शिकार हुआ था। (अनंत ज्ञान)



### भारत के दो एलपीजी वाहक जहाजों ने पार किया होर्मुज

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच दो और भारतीय गंतव्य वाले एलपीजी जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। एलपीजी जहाज सिमी होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान अपने ट्रांसपोंडर को कुछ समय तक बंद रखने के बाद गुरुवार को ओमान की खाड़ी में देखा गया। अन्य एलपीजी जहाज एनवी सनशाइन ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान कुछ ऐसा ही किया। यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका में तनाव बना हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रुवैस रिफाइनरी से एलपीजी से लदा एनवी सनशाइन जहाज को आखिरी बार भारत के मंगलौर की ओर जाते हुए देखा गया था। इसी बीच, सिमी कतर के रस लाफान बंदरगाह से गुजरात के कांडला तक ईंधन ले रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### गहरी खाई में गिरी गाड़ी, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में वीरवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। गानवी-क्याओ मार्ग पर एक बोलेरो कैंपर अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गानवी निवासी शिशु पाल के रूप में हुई है, जो सुबह अपने कार्यस्थल की ओर जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद वाहन और शव को गहरी खाई से बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है। शिशु पाल अपने पीछे पत्नी, दो बच्चों तथा वृद्ध माता-पिता को छोड़ गए हैं। परिवार पर अचानक टूटे इस दुख के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा प्रबंध अब तक पर्याप्त नहीं किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### युवती समेत दो लोगों से 17.7 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के सुन्नी थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से 17.7 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। इस मामले में एक युवती समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 13 मई की रात करीब तीन बजे थाना सुन्नी की पुलिस टीम घराटनाला क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर कार में सवार दो लोगों के कब्जे से 17.7 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान महेश कुमार और मनोरमा के रूप में हुई है। महेश कुमार मंडी जिले के करसोग का रहने वाला है, जबकि युवती मनोरमा हमीरपुर जिले के भोरंज क्षेत्र की निवासी है। इस संबंध में थाना सुन्नी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद किया गया चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

### जुन्गा के प्राचीन राजमहल का हो रहा जीर्णोद्धार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** तत्कालीन क्योंथल रियासत के मुख्यालय जुन्गा स्थित करीब आठ सौ वर्ष पुराने ऐतिहासिक राजमहल में मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बीती सात जनवरी को भीषण अग्निकांड में राजमहल का एक बड़ा हिस्सा आग की भेंट चढ़ गया था, जिससे देव जुन्गा सहित चार प्राचीन मंदिरों की दुर्लभ और असाधारण मूर्तियां पूरी तरह पिघलकर नष्ट हो गई थीं। इस त्रासदी के बाद अब पूरे क्षेत्र के लोगों ने अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया है। क्योंथल धरोहर पुरातात्विक संस्कृति एवं देवालय जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष पंकज सेन ने बताया कि राजमहल के पुनर्निर्माण में क्योंथल रियासत की प्रजा का अभूतपूर्व योगदान मिल रहा है। देव जुन्गा की 22 टीका देवठियों से जुड़े कलैणों ने न केवल श्रमदान किया बल्कि आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि राजमहल से मलबा हटाने का कार्य नवरात्रों में पूरा कर लिया गया है। अब आगे का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# हिमाचल प्रदेश का एंटी चिट्टा मॉडल बना देश के लिए मिसाल

## एनसीबी ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट, देश के अन्य राज्यों में भी लागू करने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल सरकार का एंटी चिट्टा मॉडल अब पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। राज्य में चिट्टा तस्करी व नशे के जाल पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अपनाई गई रणनीति से प्रभावित होकर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के रीजनल कार्यालय ने सरकार से इस मॉडल की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। माना जा रहा है कि अध्ययन के बाद इस मॉडल को अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सकता है, ताकि नशा तस्करी के नेटवर्क पर प्रभावी और संगठित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चिट्टे के बढ़ते खतरे को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे।

इसके तहत पहली बार पंचायत स्तर तक नशा करने वालों और तस्करों की पहचान कर रेड, येलो और ग्रीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया। सर्वेक्षण में प्रदेश की 234 पंचायतों को रेड जोन में रखा गया, जहां चिट्टे का प्रभाव सबसे

◆ **पंचायत स्तर पर रेड, येलो और ग्रीन मैपिंग से नशा तस्करों पर कसा शिकंजा**

◆ **प्रदेश की 234 पंचायतों को रखा गया रेड जोन में**

अधिक पाया गया। इन क्षेत्रों में पुलिस निगरानी बढ़ाने, गुप्त सूचनाओं के नेटवर्क को मजबूत करने और लगातार अभियान चलाने से सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। राज्य सरकार ने नशे की गिरफ्त में आए युवाओं के पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया है। पिट-एनडीपीएस अधिनियम के तहत 174 बड़े अपराधियों को हिरासत में लिया गया, जबकि 51 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। 700 से अधिक मामलों की जांच में करीब 300 मामलों को आर्थिक जांच और संपत्ति जब्ती के लिए उपयुक्त पाया गया है। यही कारण है कि हिमाचल का मॉडल कानून, निगरानी और सामाजिक पुनर्वास का संतुलित उदाहरण बनकर उभरा है। बता दें कि आधुनिक नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थापना को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। नीति आयोग, एम्स दिल्ली और पीजीआई चंडीगढ़ के सहयोग से सिरमौर के कोटला बड़ोग में अत्याधुनिक पुनर्वास केंद्र तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा शिमला के मशोबरा और कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज में भी नए पुनर्वास केंद्र शीघ्र शुरू होंगे। स्कूलों और महाविद्यालयों में ड्रग फ्री कैंपस अभियान, एंटी ड्रग शपथ और विशेष एंटी ड्रग सेल स्थापित कर युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास तेज किया गया है।

### चुनाव के बाद शुरू होगा दूसरा अभियान

**राज्य** सरकार के अभियान का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह माना जा रहा है कि अब समाज भी खुलकर इस लड़ाई में भागीदारी निभा रहा है। अभिभावक सामाजिक संकोच छोड़कर स्वयं सहायता के लिए आगे आ रहे हैं और टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क कर अपने बच्चों को नशे की दलदल से बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं पंचायत चुनावों के बाद सरकार अब इस अभियान का दूसरा चरण शुरू करने जा रही है, जिसे चिट्टा माफिया के खिलाफ निर्णायक प्रहार माना जा रहा है।

# हिमाचल की वित्तीय स्थिति बेहद मजबूत : नरेश चौहान

## पीएम मोदी की देशवासियों से बचत की अपील, आर्थिक संकट की ओर इशारा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा राजनीतिक प्रहार किया है। शिमला से जारी प्रेस वक्तव्य में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से ईंधन की बचत करने, विदेशी यात्राएं सीमित रखने और सोने की खरीद में संयम बरतने की अपील यह संकेत देती है कि देश संभावित आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि देश की आर्थिक स्थिति सामान्य और मजबूत है, तो फिर ऐसी अपीलों की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। नरेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति पर खुलकर जनता के सामने तथ्य रखने चाहिए, ताकि लोगों के मन में किसी प्रकार का भ्रम न रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार आर्थिक चुनौतियों को छिपाने का प्रयास कर रही है, जबकि आम जनता महंगाई और आर्थिक दबाव का सामना कर रही है। नरेश चौहान ने प्रधानमंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति और कर्मचारियों के वेतन को लेकर दिए गए बयान को पूरी तरह तथ्यों से परे बताया।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था लगातार सुधर रही है और कर्मचारियों के वेतन या वित्तीय प्रबंधन को लेकर किसी प्रकार का संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश को आर्थिक स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ाया है। उन्होंने केंद्र सरकार पर पलटवार करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया के सबसे अधिक कर्ज वाले देशों में शामिल हो चुका है और केंद्र को इस पर जवाब देना चाहिए।

चौहान ने मांग उठाई कि यदि केंद्र सरकार वास्तव में हिमाचल की चिंता करती है तो राज्य को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए और बंद की गई आरडीजी सहायता को तत्काल बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू कर 1.36 लाख कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत दी है।

इसके साथ ही महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सहायता देने की योजना को चरणबद्ध ढंग से लागू किया जा रहा है, जिससे सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों–पशुपालकों के हितों का उल्लेख करते हुए नरेश चौहान ने कहा कि सरकार ने दूध खरीद मूल्य में 20 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ोतरी कर ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार का मुख्य उद्देश्य गांवों से पलायन रोकना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

### नीट पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की मांग



**नरेश** चौहान ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री से मांग की कि इस पूरे मामले में त्वरित, कठोर और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके और देश की परीक्षा प्रणाली पर जनता का विश्वास कायम रहे। भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कांग्रेस सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा नहीं है और वह केवल भ्रम तथा दुष्प्रचार फैलाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनहित, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# एबीवीपी ने नीट और यूजी पेपर लीक के विरोध में किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक और लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के विरोध में विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा निजी एजेंसियों पर निर्भरता समाप्त करने की मांग उठाई।

◆ **परिषद ने निष्पक्ष जांच करने की उठाई मांग**

अभाविप का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार–बार हो रही गड़बड़ियां लाखों विद्यार्थियों के भविष्य और विश्वास के साथ सीधा खिलवाड़ हैं। इकाई उपाध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा कि नीट–यूजी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। अभाविप ने मांग की कि मामले की जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से कर सभी तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए। परिषद ने प्रिंटिंग, परीक्षा केंद्र प्रबंधन और स्टाफिंग जैसी संवेदनशील जिम्मेदारियां निजी एजेंसियों को सौंपने का भी विरोध किया। अभाविप नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार को परीक्षा प्रणाली में व्यापक संरचनात्मक सुधार करते हुए आउटसोर्सिंग मॉडल पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक प्रभावित 22 लाख अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक विद्यार्थी परिषद का आंदोलन देशभर में जारी रहेगा।

# रकछम–छितकुल में शावकों संग दिखी दुर्लभ भूरे रंग की मादा भालू

अनंत ज्ञान



वन्यजीव अभयारण्य में शावकों संग कैमरे में कैद दुर्लभ हिमालयी मादा भालू।

**ब्यूरो, शिमला/किन्नौर।** किन्नौर जिले के दुर्गम रकछम–छितकुल वन्यजीव अभयारण्य में दुर्लभ हिमालयी भूरे रंग की मादा भालू की मौजूदगी ने एक बार फिर हिमाचल की समृद्ध जैव विविधता को नई पहचान दिलाई है। अभयारण्य क्षेत्र में एक मादा भालू अपने दो शावकों के साथ कैमरे में कैद हुई है, जिसे वन्यजीव संरक्षण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय बाद मिले इस ठोस फोटोग्राफिक प्रमाण ने वन विभाग, पर्यावरण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह की नई लहर पैदा कर दी है। वन विभाग की फील्ड टीम में वन खंड अधिकारी संतोष कुमार ठाकुर, एफजीडी छायानंद, एफजीडी अक्षय, एफजीडी पवन कुमार तथा वन मित्र अल्पना नेगी शामिल रहे। इनके साथ प्रसिद्ध पक्षी निरीक्षक गैरी भट्टी तथा उनकी टीम के सदस्य डॉ. बिश्वरूप सतपति और डॉ. राहुल देब मंडल भी मौजूद थे। सबसे पहले इसी टीम ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में मादा भालू और उसके शावकों को देखा तथा कैमरे में कैद किया।

विशेषज्ञों के अनुसार, हिमालयी भूरे भालू की यह प्रजाति अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है और इसका दिखना प्राकृतिक संतुलन तथा सुरक्षित वन्य आवास का मजबूत संकेत है। वन खंड अधिकारी संतोष ठाकुर ने बताया कि रकछम–छितकुल क्षेत्र में पहले भी हिमालयी भूरे भालू देखे जाने की सूचनाएं मिलती रही हैं, लेकिन इस बार मादा भालू और उसके शावकों के स्पष्ट दृश्य प्राप्त होना बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि शावकों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि अभयारण्य का प्राकृतिक परिवेश इस प्रजाति के संरक्षण और प्रजनन के लिए पूरी तरह अनुकूल बना हुआ है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने श्री श्री रवि शंकर से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** बंगलुरु स्थित कनकपुरा के आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर से आत्मीय भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दोनों के बीच विश्व शांति, सद्भावना और तनावमुक्त समाज के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि श्री श्री रवि शंकर पूरे विश्व में शांति, अहिंसा और मानवता का संदेश देकर करोड़ों लोगों को सकारात्मक जीवन की प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 से अधिक देशों में चलाए जा रहे उनके आध्यात्मिक और सामाजिक अभियानों से वैश्विक स्तर पर भाईचारे और सौहार्द की भावना मजबूत हुई है। इस अवसर पर गुरुजी ने भी पठानिया का आश्रम पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें आशीर्वाद स्वरूप आश्रम से संबंधित विशेष संस्करण भेंट किए।

◆ **विश्व शांति व सद्भावना पर हुई विशेष चर्चा**

इस दौरान सतीश महाना भी उपस्थित रहे। भेंट उपरांत कुलदीप पठानिया ने सतीश महाना के साथ आश्रम परिसर में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, आत्मीयता और सौहार्द से परिपूर्ण रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रहित अपील पर देश एकजुट, विपक्ष फैला रहा भ्रम : हर्ष महाजन

## अपील दूरदर्शी व राष्ट्रहित में, विपक्ष पैनिक और अफवाह की राजनीति में जुटा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रहित में की गई अपील पर पूरा देश एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है, जबकि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल भ्रम और डर फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील पूरी तरह स्वैच्छिक, एहतियाती और दूरदर्शी सोच पर आधारित है तथा देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कोई कमी नहीं है। महाजन ने कहा कि विपक्ष बिना तथ्यों की जानकारी के जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है और राष्ट्रहित जैसे गंभीर विषयों पर भी राजनीति से बाज नहीं आ रहा।

हर्ष महाजन ने शिमला से जारी बयान में कहा कि देश के इतिहास में संकट के समय पूर्व प्रधानमंत्रियों लाल बहादुर शास्त्री, जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी जनता से सहयोग की अपील की थी, लेकिन आज वही कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी की अपील को लेकर दुष्प्रचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में देश की अर्थव्यवस्था कमजोर स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भाजपा सांसद ने कहा कि वैश्विक तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद देश में तेल और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं हुई तथा मोदी सरकार ने पेट्रोल–डीजल के दाम भी स्थिर रखे। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष सोशल मीडिया के माध्यम से गैस सिलेंडर और आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर झूठी तस्वीरें और अफवाहें फैलाकर जनता में 'पैनिक' पैदा करना चाहता है।

### बोले–हर संकट से बाहर निकलेगा भारत



**महाजन** ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, प्राकृतिक खेती अपनाने और संसाधनों के संतुलित उपयोग की अपील पूरी तरह राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि कोविड जैसी वैश्विक चुनौती का सफल सामना करने वाला भारत आज भी मजबूत नेतृत्व और सशक्त अर्थव्यवस्था के बल पर हर संकट से सफलतापूर्वक बाहर निकलेगा।

# वेव्स डॉक बाजार के व्यूइंग रूम के लिए मांगे आवेदन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे वेव्स डॉक बाजार 2026 के व्यूइंग रूम अनुभाग में भाग लेने के लिए लघु फिल्म, वृत्तचित्र तथा एनीमेशन परियोजनाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि यह मंच देश एवं विदेश के फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्मों तथा पोस्ट–प्रोडक्शन चरण में चल रही परियोजनाओं को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि व्यूइंग रूम के माध्यम से चयनित परियोजनाओं को फिल्म महोत्सव में भाग लेने वाले प्रोग्रामर्स, वितरकों, अंतरराष्ट्रीय बिक्री एजेंट्स, निवेशकों तथा अन्य उद्योग प्रतिनिधियों के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा। इससे फिल्म निर्माताओं को अपनी रचनात्मक परियोजनाओं के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

◆ **लघु फिल्म, वृत्तचित्र, एनीमेशन को मिलेगा वैश्विक मंच**

जानकारी के अनुसार यह विशेष मंच फिल्म महोत्सवों, वैश्विक वितरण अवसरों तथा फिनिशिंग फंड्स के लिए संभावित साझेदारों से संपर्क स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। इसके माध्यम से स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को सौहार्दपूर्ण वातावरण में विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न अवधियों की लघु, मध्यम अवधि तथा फीचर–लेंथ वृत्तचित्र और एनीमेशन फिल्में आवेदन के लिए पात्र होंगी। हालांकि, परियोजना का एक महत्वपूर्ण भाग पूर्ण होना आवश्यक है। विकास अथवा प्री–प्रोडक्शन चरण में चल रही परियोजनाएं इस श्रेणी में स्वीकार नहीं की जाएंगी।

**पुस्तक विमोचन** 'शारदा पीठ–सती देश कश्मीर' पुस्तक का विमोचन

# शारदा पीठ ज्ञान का अमर प्रतीक : राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने गुरूवार को नई दिल्ली में 'शारदा पीठ–सती देश कश्मीर' नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक विश्व हिंदू पीठ, नई दिल्ली के अध्यक्ष आचार्य मदन ने लिखी है। कार्यक्रम में शारदा हिंदू पीठ से जुड़े कई विद्वान, बुद्धिजीवी और श्रद्धालु भी मौजूद रहे। राज्यपाल काविंदर गुप्ता ने इस पुस्तक को जम्मू–कश्मीर की प्राचीन आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विरासत पर आधारित महत्वपूर्ण शोध कार्य बताया।

उन्होंने कहा कि शारदा पीठ भारत की सभ्यतागत पहचान, ज्ञान परंपरा और सनातन संस्कृति का एक बड़ा प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक कश्मीर के इतिहास, शारदा सभ्यता और वहां की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



'शारदा पीठ–सती देश कश्मीर' पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।

राज्यपाल ने पुस्तक के लेखक आचार्य मदन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की शोध आधारित किताबें नई पीढ़ी को देश की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर लंबे समय तक शिक्षा, अध्यात्म और संस्कृत विद्या का प्रमुख केंद्र रहा है और शारदा पीठ को पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में विद्वानों और संतों के बीच विशेष सम्मान प्राप्त था। उन्होंने कहा कि पुस्तक में कश्मीर के गौरवशाली इतिहास, शारदा सभ्यता, संस्कृत विद्वता और मां शारदा से जुड़ी प्राचीन परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह पुस्तक कश्मीर की प्राचीन विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं पर गंभीर अध्ययन और चर्चा को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। इस मौके पर आचार्य मदन ने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य समाज के सामने शारदा पीठ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को लाना है। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत के इस महत्वपूर्ण ज्ञान केंद्र के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और शारदा सभ्यता से जुड़ी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने की आवश्यकता है।

# हिमाचल के 4416 विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में ले रहे प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में कौशल आधारित शिक्षा को नई पहचान दिलाते हुए समग्र शिक्षा ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत व्यवसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों और राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से जोड़ने की अभिनव पहल शुरू की है। पहली बार हिमाचल के 4416 विद्यार्थियों को प्रदेश से बाहर प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यस्थल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल से विद्यार्थी अब केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वास्तविक कार्य संस्कृति, आधुनिक तकनीकी व्यवस्था और रोजगारोन्मुख वातावरण को भी नजदीक से समझ सकेंगे।

समग्र शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सर्वाधिक 922 विद्यार्थियों को पीजीआई चंडीगढ़ में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सूचना प्रौद्योगिकी एवं सेवा क्षेत्र में 713, पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में 672, दूरसंचार क्षेत्र में 435, कृषि क्षेत्र में 391, खुदरा व्यापार क्षेत्र में 326 तथा वाहन निर्माण एवं मरम्मत क्षेत्र में 215 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही बैंकिंग, वस्त्र निर्माण, विद्युत उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य संवर्धन तथा शारीरिक शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

कृषि क्षेत्र के विद्यार्थियों को अग्रणी कृषि संस्थानों, खुदरा व्यापार से जुड़े विद्यार्थियों को बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, वाहन क्षेत्र के विद्यार्थियों को नामी वाहन निर्माण कंपनियों तथा पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रसिद्ध होटल समूहों में प्रशिक्षण मिल रहा है। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े विद्यार्थियों को तकनीकी कंपनियों, बैंकिंग क्षेत्र के विद्यार्थियों को निजी बैंकों तथा दूरसंचार क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रमुख संचार संस्थानों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है।

# भाजपा चाहती तो प्रदेश को बना सकती थी कर्जमुक्त : मुख्यमंत्री

## धर्मशाला नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का 29 संकल्पों का चुनावी घोषणा पत्र किया जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के चुनाव के लिए वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 29 विभिन्न संकल्पों का चुनावी घोषणा पत्र जारी किया । पत्रकार वार्ता में सीएम ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम के विभिन्न वार्डों में सरकारी भूमि पर मकान बनाने वालों के नियमितीकरण के लिए नगर निगम सरकार के समक्ष मजबूती से पक्ष रखेगा तथा आवश्यक कार्रवाई करवाएगा। निगम के हर वार्ड में गेमिंग और इनोवेशन जोन बनाएं जाएंगे। साथ ही हर वार्ड में स्मार्ट ई-बेंच सुविधाएं भी शुरू की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम धर्मशाला के विकास कार्यों के लिए हर वार्ड के लिए एक-एक करोड़ रुपये पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके चलते शिमला से कई कार्यालयों को धर्मशाला शिफ्ट किया जा रहा है। गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लिए भी दो हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। पूर्व भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि भाजपा चाहती तो प्रदेश को कर्जमुक्त बना सकती थी, क्योंकि उन्हें आरजीडी के जरिए 60 हजार करोड़ मिले थे, जबकि प्रदेश पर 48 हजार करोड़ रुपए का ही कर्ज था, लेकिन भाजपा ने यह पैसा रेवड़ियां बांटने में खर्च कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेता अब भाजपा को नहीं, बल्कि अपने आप को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का सोशल मीडिया पर हर कुछ कहती है, जबकि इसकी हकीकत कुछ और ही होती है।



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### कांग्रेस पार्टी के 29 विकास संकल्प

**कांग्रेस** के 29 विकास संकल्प में मर्ज हुए क्षेत्रों में आधुनिक सीवरेज प्रणाली का विस्तार। सभी 17 वार्डों में सुरक्षित फुटपाथ। प्रत्येक वार्ड में कूहलों का निर्माण। चरान-स्टेडियम-कचहरी अड्डा-चरान फुटपाथ, साइकिलिंग एवं जॉगिंग कॉरिडोर तैयार करेंगे, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधुनिक फुटपाथ, साइकिलिंग ट्रैक एवं जॉगिंग कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण एवं देश के बलिदानियों के नाम पर नामकरण। डल झील का संपूर्ण पुनरुद्धार एवं सौंदर्यीकरण। एडवेंचर खेलों को बढ़ावा देकर धर्मशाला को विश्वस्तरीय पर्यटन एवं खेल हब बनाया जाएगा। हर वार्ड में हरित पार्क एवं मनोरंजन स्थल। हर वार्ड में संगठित पार्किंग सुविधा। वार मेमोरियल के पास वाटर रिक्रिएशन सुविधाओं का निर्माण । सुरक्षित स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। हर वार्ड में ईवी चार्जिंग स्टेशन। हर वार्ड में स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट। आधुनिक सीवरेज प्रणाली को पूर्ण कर सक्रिय बनाना। इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा (प्रगति पर)- 48 ई-रिक्शा स्वीकृत। होर्डिंग मुक्त शहर से डिजिटल साइन बोर्ड की व्यवस्था। कुत्तों के आश्रय गृह। डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मार्ट लर्निंग सेंटर। हर वार्ड में गेमिंग एवं इनोवेशन जोन। अंडरग्राउंड बिजली एवं इंटरनेट केबल (प्रगति पर)। फ्री वाईफाई एवं स्मार्ट इंटरनेट जोन। आधुनिक जल आपूर्ति प्रणाली - हर घर तक पानी (प्रगति पर)। कोतवाली बाजार में ओपन एयर थिएटर एवं सांस्कृतिक हैबिटेट सेंटर। हर वार्ड में स्मार्ट ई-बेंच सुविधाएं। सिटी ब्यूटीफिकेशन एवं चिन्हित स्थानों पर आधुनिक सामुदायिक केंद्रों का निर्माण।

# मुख्यमंत्री ने मंडी में वोट के बदले पार्षदों को दिया 50-50 लाख रुपए का लालच : जयराम

## सीएम की घोषणा को बताया आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन



भयूली में एक चुनावी जनसभा के दौरान मंच पर विराजमान पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्य भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश सरकार और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पार्षदों को 50-50 लाख रुपए देने की घोषणा को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए इसे राजनीतिक प्रलोभन करार दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनावी जनसभाओं में इस प्रकार की घोषणाएं करना मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता और यह उनकी विवेकहीन कार्यशैली को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए झूठी गारंटियों और प्रलोभनों का सहारा ले रही है, लेकिन जनता अब पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शहरी चुनौती योजना के तहत मिलने वाला धन केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है, ऐसे में राज्य सरकार उसे अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास न करे।

जयराम ठाकुर ने मंडी के विकास में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र को भेजे गए एक हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों में से केवल 180 करोड़ रुपए की योजनाओं को स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के समय जारी 15 करोड़ रुपये भी वापस ले लिए गए थे। दहौंदी वार्ड में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि भविष्य में भाजपा सरकार बनने पर जनता की इच्छा के अनुरूप सीमांकन और नगर निगम अथवा पंचायत में रहने के मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने बेहना वार्ड में जनभावना का सम्मान किया, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दहौंदी वार्ड से अंतिम समय में पीछे हट गईं।

इस दौरान सदर विधायक अनिल शर्मा, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी, दरंग विधायक पूर्ण चंद तथा भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अपनी मर्जी का चुनाव निशान लेकर बरधियाड़ में चुनाव प्रचार में जुटे प्रधान पद के उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** अभी पंचायतीराज चुनाव के प्रत्याशियों को चुनाव आयोग द्वारा चुनावी निशान आवंटित किए ही नहीं हैं, जबकि ग्राम पंचायत बरधियाड़ के प्रधान पद के प्रत्याशी नरेंद्र कुमार गुड्डू द्वारा अपना चुनावी निशान धनुष बाण लेकर मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने की अपील की जा रही है, जो कि क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला नादौन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरधियाड़ का है। इस बारे में आज इसी पंचायत के निवासी विनोद कुमार ने इस बारे में निर्वाचन अधिकारी नादौन से उक्त प्रत्याशी के खिलाफ शिकायत करते हुए कड़ा संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने सवाल किया कि चुनाव प्रत्याशियों को 15 मई 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने हैं तो यह प्रत्याशी कैसे अपना चुनावी निशान धनुष बाण लेकर चुनाव प्रचार कर रहा है। इस बारे में निर्वाचन अधिकारी नादौन (एसडीएम ) निशांत शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बरधियाड़ के निवासी विनोद कुमार ने इस संदर्भ में शिकायत की है। इस बारे में उक्त प्रत्याशी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### केवल मतदान वाले दिन ही रहेगा अवकाश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनावों की सरगर्मियों के बीच मतदान अवकाश को लेकर चल रहा भ्रम आखिरकार समाप्त हो गया है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नए आदेशों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल उसी पंचायत और क्षेत्र में अवकाश रहेगा, जहां मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक मशीनरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक चुनावी गतिविधियों में नई तेजी आ गई है। जानकारों का मानना है कि पहाड़ के गांवों में लोकतंत्र का यह सामाजिक भागीदारी, स्थानीय नेतृत्व और विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण अवसर भी बन रहा है। ऐसे में सरकार का यह संशोधित आदेश चुनाव व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार पहले जारी आदेशों में 26, 28 और 30 मई को क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे चरण के मतदान दिवस के रूप में अवकाश घोषित माना जा रहा था, जिससे पूरे प्रदेश में भ्रम की स्थिति बन गई थी। अब सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिस पंचायत या क्षेत्र में जिस दिन मतदान होगा, केवल वहीं उस दिन सार्वजनिक अवकाश प्रभावी रहेगा। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों में सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शिक्षण संस्थान तथा औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। व्यापारिक प्रतिष्ठानों और दुकानों पर भी यह आदेश लागू होगा, जबकि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी अवकाश दिवस का पूरा भुगतान किया जाएगा। सरकार के इस फैसले को प्रशासनिक दृष्टि से संतुलित और आवश्यक माना जा रहा है, क्योंकि इससे अनावश्यक रूप से पूरे प्रदेश की कार्यप्रणाली प्रभावित नहीं होगी।

### पहले दिन किसी ने वापस नहीं लिया नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद के वार्ड 7-स्योग, 8-कटौला, 30-सरयाणा और 31-कोटली के लिए नामांकन वापसी के पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी रुपिंदर कौर ने दी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 15 मई को सायं 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड 7-स्योग से सुरेन्द्र, गिरीश ठाकुर, रूपेन्द्र, धर्मपाल, श्यामलाल, वीरेन्द्र कुमार और हेम सिंह उम्मीदवार हैं। वार्ड 8-कटौला से शेर सिंह, शुभम शर्मा, मुनीश कुमार, दीपक कुमार शर्मा, हरि सिंह, प्रेम सिंह और संगीत चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार वार्ड 30-सदयाणा से लाभ सिंह, राकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार और परस राम तथा वार्ड 31-कोटली से हेम लता और चम्पा ठाकुर उम्मीदवार हैं।

# आज दोपहर बाद 3 बजे थम जाएगा चुनावी शोर

## केवल घर-घर जाकर सीमित जनसंपर्क ही कर सकेंगे उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चार नगर निगमों समेत 51 शहरी निकायों में होने जा रहे चुनावों को प्रदेशभर में सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। शुक्रवार दोपहर बाद 3 बजे चुनाव प्रचार पूरी तरह थम जाएगा और इसके बाद प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर सीमित जनसंपर्क ही कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक रखी है, क्योंकि इन चुनावों को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सेमीफाइनल माना जा रहा है।

प्रदेश के सभी नगर निकायों में मतदान आज सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा। मतदान प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से संपन्न करवाई जाएगी। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद नगर परिषदों और नगर पंचायतों में मतगणना शुरू कर दी जाएगी, जबकि सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर नगर निगमों के परिणाम 31 मई को घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश जारी किए हैं ताकि कानून व्यवस्था पूरी तरह बनी रहे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश के 51 शहरी निकायों में कुल 439 पदों के लिए 1147 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कांगड़ा जिले में सबसे अधिक 218 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा मंडी में 180, शिमला में 123, सोलन में 121, ऊना में 118, कुल्लू में 100, बिलासपुर में 87, सिरमौर में 84, चंबा में 72 और हमीरपुर में 44 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव में करीब 3.80 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें बड़ी संख्या में महिला मतदाता भी शामिल हैं।




### कई वार्डों में निर्विरोध चुने गए पार्षद

**चुनाव** आयोग के अनुसार, कई नगर निकायों में पार्षद निर्विरोध भी चुने गए हैं। नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर 1 और 3, नगर परिषद ज्वालामुखी के वार्ड नंबर 2, नगर पंचायत बंजार के वार्ड नंबर 6, नगर पंचायत रिवालसर के वार्ड नंबर 1 तथा नगर पंचायत नेरवा के वार्ड नंबर 2, 3 और 4 में उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत चिड़गांव के वार्ड नंबर 2 में भी निर्विरोध चुनाव हुआ है।

# कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेगी भाजपा

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 17 मई को होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। भाजपा धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मंडी नगर निगम क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेगी। पार्टी का कहना है कि इन आरोप पत्रों के जरिए वह जनता के सामने कांग्रेस सरकार की विफलताओं, झूठी गारंटियों और जनविरोधी नीतियों को रखेगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने वीरवार को शिमला में कहा कि पार्टी ने चारों नगर निगमों में अपने वरिष्ठ नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। धर्मशाला में पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर, पालमपुर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री विपिन परमार, सोलन में भाजपा नेता राजेश कश्यप और शैलेंद्र गुप्ता, जबकि मंडी में विधायक और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जनता के सामने आरोप पत्र पेश करेंगे। विनोद का कहना है कि कांग्रेस ने चुनावों से पहले जो गारंटियां दी थीं, उनमें से एक भी पूरी नहीं हुई। विनोद ने कहा कि भाजपा नगर निगम चुनावों में विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

# भाजपा को विकास से कोई सरोकार नहीं : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** चुनाव प्रभारी एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए उसे जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मंडी जिला के हितों से कोई लेना-देना नहीं है, उनका एकमात्र लक्ष्य सत्ता हथियाना और लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है।



प्रचार के दौरान जनसभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा के पिछले कार्यकाल पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों तक नगर निगम में भाजपा के मेयर और डिप्टी मेयर काबिज रहे, लेकिन शहर के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मंत्री ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर केवल भाजपा पार्षदों के वार्डों में ही चुनिंदा काम किए गए, ताकि उनके चहेतों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं से खेलना भाजपा नेताओं की पुरानी आदत बन चुकी है और जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है।विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को मंडी शहर के विभिन्न वार्डों में पदयात्रा निकालकर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया। उन्होंने हनुमान मंदिर व मंगवाई, थनेहड़ा और इंदिरा मार्केट, पड्डल गुरुद्वारा, पैलेस कालोनी-1, समखेतर और खलियार वार्ड में लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि मंडी की जनता अब बदलाव चाहती है। हमने हमेशा विकास की राजनीति की है और नगर निगम में कांग्रेस की सरकार बनते ही शहर के समान विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। विक्रमादित्य सिंह जी के साथ चिंतपूर्णी के विधायक बबलू और कांग्रेस के अन्य स्थानीय नेता भी मौजूद रहे।

# सिरमौर के धारवा ने निर्विरोध पंचायत चुन कायम की मिसाल

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर के शिलाई की पंचायत धारवा ने दूसरी बार पंचायत के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य सर्वसम्मति से चुने गए हैं। जनता ने सर्वसम्मति से रीना देवी पत्नी खजाना सिंह को प्रधान एवं अतर सिंह ठाकुर को उपप्रधान को चुना है। धारवा के बुद्धिजीवी लोग विकास के प्रति बहुत सजग है, इसलिए पिछले चुनाव में भी पंचायत के पूरे पैनल को सर्वसम्मति से चुना गया था और इस बार फिर से जागरूक और सजगता का परिचय देते हुए पूरी पंचायत पैनल को निर्विरोध चुनने का फैसला लिया गया है। ग्राम पंचायत धारवा से एससी परिवार की महिला को मौका मिला है, उपप्रधान के पद के लिए छोटे से गांव बुढ़ियाण कांडो के गरीब परिवार से संबंध रखने वाले अतर सिंह ठाकुर को मौका दिया गया है।




# चुनाव बहिष्कार : कंगरी के बाशिंदे नहीं डालेंगे वोट

## री से निकालकर दूसरी पंचायत में जोड़ने की है मांग, 2 साल पहले भी प्रशासन को दी थी अर्जी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के 'री' ग्राम पंचायत में कंगरी गांव के बाशिंदे पंचायत चुनाव में इस बार वोट नहीं डालेंगे। चुनाव का मुकम्मल तौर पर बहिष्कार करने का उन्होंने फैसला लिया है। उनके गांव से वार्ड पंच के लिए किसी ने भी फॉर्म नहीं भरा है।

गांववासियों का कहना है कि न उनकी जिला प्रशासन ने सुनी है और न ही जनप्रतिनिधियों ने। 2 सालों से जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर वे री से निकालकर दूसरी पंचायत में जोड़ने की फरियाद कई बार कर चुके हैं, मगर उनकी दास्तां कोई नहीं सुन रहा।

दरअसल में यह गांव खड्डों-नालों से घिरा हुआ है। सड़क सुविधा तो गांव में है नहीं एक हिस्से तक सड़क है, लेकिन पंचायत घर पहुंचने के लिए उन्हें 40 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। ऐसी पंचायत का उन्हें कोई फायदा नहीं। गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों भी जिला प्रशासन से मिलकर अपनी फरियाद रखी थी। वीरवार को गांव के लोगों कुलदीप राणा, जगदीश डोगरा, विशाल ठाकुर और अरविंदर सिंह ने बताया कि इस गांव की तकरीबन 400 से ज्यादा आबादी है। 298 वोटर हैं। पर दुख-दर्द सुनाने और समझने वाला कोई नहीं है। अब वोट इस बार नहीं डालेंगे, किसी भी पोस्ट के लिए।

आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों का भी वे बहिष्कार करेंगे। पहली मर्तबा इस गांव के लोग गुस्से में हैं। उनके दुख दर्द की 'टीस' को कोई नहीं समझ रहा। गांव के लोगों का कहना है जो भी पंचायत प्रधान या अन्य प्रतिनिधि यहां से जीतते हैं, वे इस गांव से मुंह फेर लेते हैं यहां विकास के नाम पर भी तंग और कच्चे रास्ते हैं। उनका कहना है कि अब आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए गांववासी एकजुट हैं।

उनका कहना है कि जो प्रस्ताव पारित करके प्रशासन को दिए गए थे, उसमें निजी वर्तमान पंचायत के प्रधान और अन्य सदस्यों ने भी अपनी सहमति दी थी। उसके बावजूद भी उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई।

# मनाली कांग्रेस में अंतर्कलह प्रेम शर्मा ने दिखाए बागी तेवर

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में मनाली कांग्रेस का अंदरूनी कलह अब सड़कों पर आ गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कद्दावर चेहरा प्रेम शर्मा ने संगठन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के भीतर उनके साथ बार-बार नाइंसाफी की जा रही है और उन्हें जानबूझकर हाशिये पर धकेलने की कोशिश की जा रही है। शर्मा का यह गुस्सा उस समय फूटकर बाहर आया जब उन्होंने जिला परिषद चुनाव के बहाने अपनी ही सरकार और संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। अपनी उपेक्षा से आहत शर्मा ने अपनी मेहनत का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि अगर पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने और उनके परिवार ने दिन-रात मेहनत न की होती, तो आज मनाली सीट पर भाजपा का विधायक होता। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि मनाली कांग्रेस में अब केवल 'भाई-भतीजावाद' और 'सिफारिश' का बोलबाला है।

### कहा- मुझे बाहर करने के लिए रातों-रात बदल दी गई कार्यकारिणी

**प्रेम** शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करने के लिए बूथ स्तर से लेकर ऊपर तक की कार्यकारिणी को जल्दबाजी में बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि जिला परिषद चुनावों में पार्टी समर्थित प्रत्याशी नहीं उतारे जाएंगे, लेकिन मनाली विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा को दरकिनार कर दिया गया। शर्मा के अनुसार, यह सब केवल उन्हें नीचा दिखाने और मुख्यधारा से बाहर करने के उद्देश्य से किया गया है।

चुनाव | पहली बार पारंपरिक राजनीति से आगे बढ़कर शहर के रोडमैप पर हो रही सीधी बहस

# विकास मॉडल पर केंद्रित हुआ मंडी नगर निगम चुनाव

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** नगर निगम मंडी का चुनाव इस बार पारंपरिक राजनीतिक समीकरणों से अलग एक नए मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। पहली बार चुनावी मैदान में विकास, विजन और शहर के रोडमैप को लेकर सीधी बहस देखने को मिल रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अपने-अपने घोषणा पत्रों के साथ जनता के बीच उतरे हैं, वहीं आजाद उम्मीदवारों ने भी विकास मॉडल और स्पष्ट विजन के सहारे चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव केवल नारों और आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की मूल समस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित हो चुका है। शहर के सौंदर्यीकरण, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, बुजुर्गों के लिए सुविधाएं, सफाई व्यवस्था और आधारभूत ढांचे जैसे मुद्दे चुनावी चर्चा के केंद्र में हैं।

हालांकि कुछ लोग अब भी पारंपरिक राजनीतिक बयानबाजी को चुनाव का मुख्य आधार मान रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है। फील्ड में असली आकलन यह बताता है कि मतदाता इस बार प्रत्याशियों से विजन और विकास का स्पष्ट खाका मांग रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा विधायक अनिल शर्मा को भी शहर के विकास रोडमैप को लेकर प्रेस वार्ता करनी पड़ी, जबकि कांग्रेस ने भी अपने घोषणा पत्र में विकास से जुड़े बड़े वादों को प्रमुखता से रखा है। सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि आजाद उम्मीदवारों ने भी चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय और मुद्दा आधारित बना दिया है।

अधिकांश निर्दलीय प्रत्याशी जनता के बीच केवल विरोध की राजनीति नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक विकास मॉडल और स्पष्ट उद्देश्य लेकर पहुंचे हैं। इससे भाजपा और कांग्रेस दोनों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि नगर निगम मंडी का यह पहला चुनाव है, जहां विकास और शहर के भविष्य को लेकर इतनी गंभीर चर्चा हो रही है। यही वजह है कि पूरा हिमाचल इस चुनाव पर नजर बनाए हुए है।

### मंडी में डेरा डाले हुए हैं भाजपा-कांग्रेस के बड़े नेता

**नगर** निगम मंडी चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने पूरी ताकत झोंक दी है। मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने मंडी में लगातार डेरा डाल रखा है। प्रतिदिन चार से पांच छोटी-बड़ी जनसभाएं आयोजित की जा रही हैं। कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक लगातार चुनाव प्रचार में जुटा हुआ है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि दोनों दलों की राजनीतिक साख इस चुनाव से जुड़ चुकी है।

### निर्दलीयों ने बदला चुनावी समीकरण

**इस** बार निर्दलीय उम्मीदवार केवल वोट काटने की भूमिका में नजर नहीं आ रहे, बल्कि वे अपने विजन और विकास एजेंडे के साथ जनता के बीच सक्रिय हैं। कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों की रणनीतियों को प्रभावित किया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, निर्दलीयों की सक्रियता ने चुनाव को और अधिक रोचक तथा प्रतिस्पर्धी बना दिया है।

# प्रदेश में अब सीधे अफसरों को नहीं भेज सकेंगे पत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में अनुशासन व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा और सख्त कदम उठाया है। अब कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी अपने सेवा संबंधी मामलों को लेकर सीधे उच्च अधिकारियों को पत्र, आवेदन या सिफारिश नहीं भेज सकेगा। कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि सभी प्रस्ताव और अनुरोध निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही विभागीय माध्यम से भेजे जाएंगे। सरकार ने साफ संकेत दिए हैं कि नियमों की अनदेखी अब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी सूत्र बताते हैं कि सरकार के संज्ञान में लगातार ऐसे मामले आ रहे थे, जिनमें कर्मचारी स्थानांतरण, पदस्थापन, वेतन विसंगति और पदोन्नति जैसे मामलों को लेकर सीधे उच्चाधिकारियों तक पहुंच बना रहे थे। कई मामलों में राजनीतिक या बाहरी दबाव डालने की कोशिशें भी सामने आईं। इसी को देखते हुए कार्मिक विभाग ने कार्यालय मैनुअल के पैरा 8.5 और केंद्रीय कार्मिक सेवा नियम, 1964 का हवाला देते हुए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सूत्रों ने बताया कि मेमोरेंडम में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी कर्मचारी सीधे पत्राचार, एडवांस कॉपी या व्यक्तिगत आवेदन के माध्यम से अधिकारियों पर प्रभाव बनाने का प्रयास नहीं कर सकेगा। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी मामलों को तय प्रक्रिया और विभागीय चैनल के माध्यम से ही आगे बढ़ाया जाए। सरकार ने इसे प्रशासनिक गरिमा बनाए रखने और अनुशासन मजबूत करने की दिशा में बेहद अहम कदम बताया है।

## धर्मशाला रण में उतरे भाजपा के सांसद, बोले- खिलेगा कमल, कांग्रेस का सूपड़ा होगा साफ

# कांग्रेस क्यों घबराई है, 26 तो अंगड़ाई है, 2027 में विदाई है: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम चुनाव में प्रचार के लिए वीरवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान अनुराग ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस क्यों घबराई है, 26 तो अंगड़ाई है, 27 में विदाई है। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए अनुराग ने कहा कि हिमाचल सरकार ने दूध के नाम पर जनता का दोहन किया है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गोबर में मिला दिया है। नीट परीक्षा रद्द होने पर पंजाब के सीएम भगवंत मान के बयान पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि पंजाब की जनता उनसे हिसाब मांग रही है कि पंजाब में इतना भ्रष्टाचार क्यों है। आम आदमी पार्टी के नेताओं पर ईडी की रेड हुई है और पार्टी नेता भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए हैं। नगर निगम चुनाव को लेकर हिमाचल की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है।


सांसद अनुराग ठाकुर ने धर्मशाला में जनसभा को संबोधित किया।

भाजपा ने चुनावी मैदान में अपना बड़ा चेहरा उतारते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर को धर्मशाला के रण में उतार दिया है। धर्मशाला में जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता को केवल झूठी गारंटियां दीं, जबकि जमीनी स्तर पर विकास पूरी तरह ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सड़क, पानी, सफाई और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति बदहाल है और अब जनता जवाब मांगने के मूड में है। अनुराग ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सिर्फ झूठी गारंटी दी, डिलीवरी जीरो रही। नगर निगम में सड़क, पानी, सफाई सब ठप है। जनता अब हिसाब मांगेगी। धर्मशाला की जनता मन बना चुकी है। इस बार नगर निगम में भी भाजपा, विकास की गारंटी। अनुराग ने कहा कि धर्मशाला की जनता ने मन बना लिया है। इस बार नगर निगम में भी भाजपा का कमल खिलेगा। कांग्रेस सरकार ने केवल भ्रम फैलाया, लेकिन अब जनता उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

नगर निगम चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। इस अवसर पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, सचिन शर्मा आदि नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीएम का स्पष्ट संकेत-सीएम, मंत्री, नागरिक जहां संभव हो ट्रेवल प्लान में करें कटौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर वीरवार को जिला कांगड़ा दौरे पर पहुंचे। कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में प्रधानमंत्री द्वारा अपने काफिले में कटौती करने के सवाल पर अनुराग ने कहा कि पीएम ने स्पष्ट संकेत दिया है कि पीएम, सीएम, मंत्री या आम नागरिक हो, जहां संभव हो सके अपने ट्रेवल प्लान में कटौती करें व ईंधन खपत में कटौती। एनर्जी नीड्स हों या फर्टिलाइजर्स नीड्स, जहां हम दुनिया पर निर्भर हैं, उस निर्भरता को कम करके फॉरेन एक्सचेंज भी कम होगी। दुनिया पर निर्भरता कम होगी, देश के सभी 140 नागरिक इसमें अपना योगदान देंगे, तो चीजें बहुत बेहतर हो सकती हैं। सभी राज्यों में मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों ने इस पहल को अपनाया है, कोई मोटरसाइकिल, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा और मेट्रो में अपने कार्यालय जा रहे हैं। वर्क फ्रॉम सहित अन्य चीजों पर काम किया जा रहा है। नीट पेपर लीक मामले में अनुराग ने कहा कि इसकी सीबीआई जांच चल रही है। सीबीआई निदेशक को मिले सेवा विस्तार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा असहमति जताने पर अनुराग ने कहा कि राहुल गांधी आजकल केरल का मुख्यमंत्री चुनने में व्यस्त हैं, जहां पर राहुल और प्रियंका के खिलाफ पोस्टर लगे हैं। अनुराग ने कहा कि भाजपा ने नगर निगम चुनावों में युवाओं को उतारा है, भारत में काफी संख्या युवाओं की है। इन चुनावों में जनता के पास कांग्रेस को जवाब देने का अवसर है। कांग्रेस ने जो वादे किए थे, वो अब पूरे नहीं हो पाए साबित हुए, ऐसे में अब जनता के पास वोट के माध्यम से करारा जवाब देने का मौका है। जनता से यही अपील है कि भाजपा प्रत्याशियों को जिताएं और भाजपा का नगर निगम बनाएं।

◆ **नीट पेपर लीक मामले की चल रही सीबीआई जांच : अनुराग**

## अनुराग बोले- पंचायत चुनावों में जनता कांग्रेस को देगी जवाब



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पंचायत और नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं, जहां जनता अपनी राय और सरकार के कामकाज पर फैसला सुनाती है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि बड़े-बड़े वादों और गारंटियों के दम पर सत्ता में आई सरकार प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबा रही है। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल पर करीब 1.12 लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है और सरकार युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों व पेंशनरों से किए वादे पूरे करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच लाख नौकरियां, महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह और बेरोजगारी भत्ता देने जैसी घोषणाएं की थीं, लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। अनुराग ने कहा कि पंचायत चुनावों में जनता कांग्रेस को जवाब देगी। उन्होंने हिमाचली कहावत 'चिड़ू बड़ने' का जिक्र करते हुए कहा कि अब कांग्रेस को अपनी गारंटियों का हिसाब देना होगा। हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि चालक-परिचालक कठिन परिस्थितियों में भी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने सरकार पर मित्रों के लिए सुविधाएं खोलने और कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। रेल परियोजनाओं पर उन्होंने बताया कि नंगल-तलवाड़ा रेल लाइन और पठानकोट-जोगिंदरनगर रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज से जोड़ने के प्रयास जारी हैं। इस अवसर पर डॉ. राजीव भारद्वाज सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नरेंद्र का राज्यस्तरीय राइफल शूटिंग में चयन



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर की छठी एनसीसी स्वतंत्र कंपनी ऊना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय विशेष राइफल फायरिंग चयन प्रक्रिया में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल परागपुर के दसवीं कक्षा के छात्र नरेंद्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऊना में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में उन्होंने 0.22 राइफल से 25 और 50 मीटर स्पर्धाओं में सटीक निशाने लगाए और सर्वश्रेष्ठ शूटर के रूप में चयनित हुए। अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए सेना विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 14 मई से धर्मशाला और उसके बाद डलहौजी में कोचिंग होगी। सीमा कौशल और विवेकानंद शर्मा ने उनकी सफलता का श्रेय कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह को दिया।

### बाबा बालकरूपी के वार्षिक मेले कल से

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले आलमपुर के प्रसिद्ध बाबा बालकरूपी का वार्षिक मेला 16 मई से शुरू होंगे। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु बाबा का आशीर्वाद लेंगे और क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। पंडित शशि शर्मा ने बताया कि इस बार पांच शनिवार आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बालकरूपी का यह मेला क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से शांति और अनुशासन बनाए रखने तथा मेले का आनंद लेने की अपील की है।

## कालेश्वर विवाद का समाधान केवल आपसी संवाद से ही संभव माना जा रहा

# लोगों ने सीएम से हस्तक्षेप कर समझौते की पहल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर तहसील के अंतर्गत आने वाला ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल कालेश्वर एक बार फिर चर्चा में है। कालीनाथ मंदिर परिसर और आसपास हरिद्वार की तर्ज पर घाट निर्माण तथा धार्मिक पर्यटन विकास की बड़ी योजना को लेकर सरकार की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। करीब 12 करोड़ रुपए की निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं, जबकि प्रारंभिक चरण के लिए 25 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत हुई है।

देहरा की विधायक कालेश्वर पहुंचकर इसकी पुष्टि कर चुकी हैं। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच स्थानीय लोगों का मानना है कि कालेश्वर से जुड़े लंबे विवाद का स्थायी समाधान केवल बातचीत और आपसी सहमति से ही संभव है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मामला वर्षों से अदालतों में चल रहा है, जिससे विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में सरकार और मंदिर पक्ष यदि न्यायालय से बाहर बैठकर सकारात्मक संवाद करें तो इसका समाधान निकल सकता है। जानकारी के अनुसार, मंदिर महंत और प्रदेश सरकार के बीच चल रहा विवाद पहले उच्चतम न्यायालय दिल्ली तक पहुंचा था, जहां से इसे सुनवाई के लिए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला भेजा गया। वर्तमान में मामला न्यायालय में विचाराधीन है और मंदिर अधिग्रहण को लेकर जिला प्रशासन तथा पर्यटन विभाग से जवाबदेही भी ली जा रही है। इसी कारण विकास योजनाओं को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कालेश्वर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं बल्कि प्रदेश का सबसे बड़ा श्मशान स्थल भी माना जाता है। जसवां-परागपुर, देहरा और ज्वालामुखी क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पहले यहां वन निगम का लकड़ी स्टॉल होता था, लेकिन अब लोगों को स्वयं ट्रैक्टरों में लकड़ी पहुंचानी पड़ती है। वहीं अंतिम संस्कार भी खुले में करने पड़ते हैं। क्षेत्र के कौंडलजीत, दिनेश शर्मा, पंकज शर्मा, पवन कुमार, सुरिंदर सिंह, प्रिंस मोहन, सुमित वालिया, अजय शर्मा, मनोज शर्मा और जितेंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे बड़ा दिल दिखाते हुए इस मामले में पहल करें और मंदिर पक्ष तथा सरकार के बीच वार्ता करवाकर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालें। लोगों का कहना है कि यदि यह मसला बातचीत से सुलझता है तो कालेश्वर का विकास भी तेजी से आगे बढ़ सकेगा और क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो पाएगी।

> **मुझे** टेंडर प्रक्रिया की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। मैंने भी यह बात विधायक से ही सुनी है। यह कार्य जिला पर्यटन विकास अधिकारी देख रहे हैं और अभी तक उनकी ओर से प्रशासन से कोई संपर्क नहीं किया गया है। हालांकि, न्यायालय ने विकास कार्यों के लिए विंडो छोड़ी हुई है, इसलिए कालेश्वर में धन खर्च किया जा सकता है।
>
> **-कुलवंत सिंह पोटन, एसडीएम देहरा एवं संयुक्त आयुक्त, श्री कालीनाथ मंदिर ट्रस्ट।**

> **पर्यटन** विभाग ने कालेश्वर में प्रस्तावित विकास कार्यों से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर रिपोर्ट एडीबी को सौंप दी है। एडीबी का कार्यालय हटवास में स्थित है और आगे की परियोजना का कार्य वही देखेंगे।
>
> **-विनय कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, धर्मशाला।**

## शिक्षा बोर्ड व विभाग करे एफए परीक्षा पाठ्यक्रम विभाजन और शेड्यूल जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से सत्र 2026-27 में लागू होने जा रही 'वन स्कूल, वन सिलेबस' योजना और नई आवधिक आकलन प्रणाली से संबंधित विस्तृत अधिसूचना, परीक्षा शेड्यूल तथा पाठ्यक्रम विभाजन शीघ्र जारी करने की मांग की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि बोर्ड ने पिछले शैक्षणिक सत्र में कक्षा 10 में नई योजना तथा कक्षा 10, 11 और 12 में नई आवधिक आकलन प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन नया सत्र शुरू होने के बावजूद अब तक स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालयों और शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यदि आवधिक आकलन प्रणाली लागू की जानी है तो परीक्षा शेड्यूल, विषयवार पाठ्यक्रम विभाजन, प्रश्न पत्र प्रारूप, अंक विभाजन और मूल्यांकन प्रक्रिया समय रहते अधिसूचित की जानी चाहिए, ताकि स्कूल स्तर पर शैक्षणिक योजना व्यवस्थित रूप से बनाई जा सके। इस सप्ताह कक्षा 6 से 8 के आवधिक आकलन शुरू होने जा रहे हैं, जबकि कक्षा 4 से 6 के नए पाठ्यक्रम के लिए भी आवधिक और योगात्मक आकलन की रूपरेखा अभी तक जारी नहीं हुई है।

संघ ने बोर्ड से सभी कक्षाओं के लिए वार्षिक मूल्यांकन कैलेंडर शीघ्र जारी करने तथा पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा कार्यक्रम में आवश्यक संशोधन करने की मांग की है। उनका कहना है कि नए पाठ्यक्रम के पाठ्यचर्या विभाजन के अभाव में प्रश्न पत्र निर्माण और शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

## लोअर लंबागांव स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं कक्षा का परिणाम, जोकि 10 मई को घोषित किया गया था, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर लंबागांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में आशिमा ने 700 में से 658 अंक प्राप्त करके पहला स्थान हासिल किया, आशिता ने 649 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान और अंशिका ने 640 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य विपिन कुमार ने सभी बच्चों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

### आशापुरी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 18 से

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** प्रसिद्ध माता आशापुरी मंदिर में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। पंडित शशि शर्मा ने बताया कि पहली बार माता आशापुरी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन होगा। यह कथा 18 से 24 मई तक चलेगी। कथावाचक पंडित विवेक शर्मा वृंदावनधाम वाले अपने मधुर वचनों से कथा का गुणगान करेंगे। कथा प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे पूजा-अर्चना और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। कथा के अंतिम दिन 24 मई को हवन आहुति के साथ संपन्न होगा।

## तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा का परीक्षा परिणाम शानदार


स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी ने सफलता हासिल कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया।

इस वर्ष मयंक नरियाल और अभय राणा ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, सोहम शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा दिव्यांशी ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। अभिमन्यु ने 86.4 प्रतिशत, अच्युत राणा ने 84 प्रतिशत, हर्षदीप ने 83 प्रतिशत, मयंक ने 82 प्रतिशत, वंशिका ने 81.2 प्रतिशत, विभा ने 81 प्रतिशत और श्रेया ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के समर्पण से ही विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है।

◆ **मयंक और अभय ने 90.2 प्रतिशत अंक लेकर झटका पहला स्थान**

## पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का जल्द किया जाए भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने प्रदेश सरकार और कांगड़ा जिले के सभी विभागों के डीडीओ से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लंबित बकाए शीघ्र जारी करने की मांग उठाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार के 12 मई 2026 के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि कर्मचारियों को उनके लंबित भुगतान समय पर मिलना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार से सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द सुनिश्चित करने की मांग की। कृष्ण स्वरूप शर्मा ने कहा कि कई पेंशनर्स को अभी तक मेडिकल सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है, इसलिए सरकार को पेंशनर्स के मेडिकल विकल्प संबंधी पत्र भी शीघ्र जारी करना चाहिए, ताकि पात्र पेंशनर्स को समय पर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## अनन्या शर्मा ने 12वीं में 97% अंक लेकर रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** रक्कड़ गांव की होनहार छात्रा अनन्या शर्मा ने सीबीएसई 12वीं कक्षा (मेडिकल संकाय) में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने नोएडा स्थित एलपीएस ग्लोबल स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया।



अनन्या ने फाइन आर्ट्स और मनोविज्ञान में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया, जबकि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान जैसे कठिन विषयों में भी 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रक्कड़ स्थित महार्षि विद्या मंदिर स्कूल से हुई। गांव की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल करना आज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। अनन्या के पिता बिनोद शर्मा सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में अधिवक्ता हैं, जबकि उनकी माता रीना शर्मा भी अधिवक्ता हैं। परिणाम की खबर मिलते ही रक्कड़ गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने इसे हिमाचल की बेटियों की मेहनत, प्रतिभा और आत्मविश्वास की बड़ी मिसाल बताया।

## टांडा मेडिकल कॉलेज में मनाया फॉरेंसिक मेडिसिन दिवस


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय फॉरेंसिक मेडिसिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के संरक्षण में स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एमबीबीएस, बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने शुरुआती सेवा काल के पोस्टमार्टम अनुभव साझा करते हुए चिकित्सा विज्ञान में फॉरेंसिक मेडिसिन की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं फॉरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. विजय अरोड़ा ने विषय की उपयोगिता और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। विशेष व्याख्यानों में डॉ. सीमा कश्यप ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर जानकारी दी, जबकि डॉ. मीनाक्षी महाजन ने साइबर अपराध और सुरक्षा उपायों पर जागरूक किया। पोस्टर प्रतियोगिता में रेनुका एवं पुष्पिंदर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. सुशील शर्मा ने प्रस्तुत किया।

## पालमपुर नगर निगम बना भ्रष्टाचार और अव्यवस्था केंद्र : परमार

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** विपिन परमार ने पालमपुर नगर निगम के चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार और नगर निगम पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगर निगम भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही का केंद्र बन चुका है तथा जनता से विश्वासघात हुआ है। परमार ने आरोप लगाया कि करीब 20 लाख की वजन मशीन को बेहद कम कीमत पर कबाड़ में बेच दिया गया, जबकि 14 लाख रुपए की लागत से बने 22 सार्वजनिक शौचालय आज भी अनुपयोगी हैं।

उन्होंने कहा कि शहर की अधिकांश सोलर लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे स्वच्छता और विकास की स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 127 करोड़ रुपए की सीवरेज योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 432 मकान वर्षों बाद भी अधूरे हैं, जो प्रशासनिक विफलता को दर्शाते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पालमपुर सिविल अस्पताल में 200 बिस्तरों की आवश्यकता के मुकाबले केवल 100 बिस्तर उपलब्ध हैं, जबकि करीब 7 लाख लोग इस पर निर्भर हैं। कई क्षेत्रों में औषधालय न होने और जांच शुल्क बढ़ने से जनता परेशान है। परमार ने आरोप लगाया कि कुछ कांग्रेस पार्षद ठेकेदारी कार्यों में शामिल हैं और नगर निगम में पारदर्शिता की कमी है। उन्होंने कचरा शुल्क, जल कनेक्शन विवाद और अधूरी पार्किंग परियोजनाओं को भी कांग्रेस की विफलता बताया। उन्होंने भूमि घोटाले, सड़क निर्माण में लापरवाही और अवैध निर्माणों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। साथ ही कहा कि नगर निगम की टूटी सड़कें, जलभराव और नशे से जुड़ी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। परमार ने दावा किया कि जनता अब कांग्रेस से त्रस्त है और आगामी चुनाव में भाजपा को समर्थन देकर बदलाव लाएगी।

**प्राकृतिक उपहार** लुंगडु की बढ़ी मांग, ग्रामीणों की आजीविका का बना सहारा

# सेहत और स्वाद का खजाना 'लुंगडु'

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** गर्मियों के मौसम में हिमाचल प्रदेश की हरी-भरी पहाड़ियों और धौलाधार की वादियों में प्राकृतिक रूप से उगने वाला जंगली पौधा 'लुंगडु' आज भी लोगों के जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका से गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रकृति की गोद में पनपने वाला यह पौधा केवल एक मौसमी सब्जी नहीं, बल्कि पहाड़ी संस्कृति, परंपरा और खानपान की जीवंत पहचान है।

हिमाचल प्रदेश में अप्रैल से सितंबर तक मिलने वाला लुंगडु अपने औषधीय गुणों, अनोखे स्वाद और पोषक तत्वों के कारण विशेष महत्व रखता है। इसे कई क्षेत्रों में 'लिंगड़' तथा 'खसरोड़' के नाम से भी जाना जाता है। विटामिन-ए, विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, आयरन, फोलिक एसिड और फाइबर से भरपूर यह



पौधा स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। लुंगडु का वैज्ञानिक नाम डिप्लाजियम मैक्सिमम है। यह लंबे समय से पहाड़ी क्षेत्रों के पारंपरिक भोजन का हिस्सा रहा है। इसका उपयोग सब्जी और अचार दोनों रूपों में किया जाता है। कच्चे रूप में इसमें हल्का कसैलापन होता है, जो उबालने के बाद समाप्त हो जाता है। कांगड़ा जिले में शाहपुर क्षेत्र के धारकंडी के करेरी, बोह तथा सल्ली सहित धौलाधार की पहाड़ियों में यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। धर्मशाला, पालमपुर, बैजनाथ तथा बरोट-भंगाल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी लोग इसे बड़ी मेहनत से इकट्ठा करते हैं। लुंगडु केवल स्वाद और स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पहाड़ी लोगों के लिए अतिरिक्त आजीविका का भी महत्वपूर्ण साधन है। शाहपुर के बोह की रहने वाली कांता देवी और गुडो देवी बताती हैं कि ग्रामीण परिवार सुबह-सुबह कई किलोमीटर की कठिन चढ़ाई चढ़कर इसे जंगलों से इकट्ठा करते हैं और पीठ पर ढोकर नीचे बाजारों तक पहुंचाते हैं। एक व्यक्ति प्रतिदिन 10 से 15 किलोग्राम तक लुंगडु इकट्ठा कर लेता है। इसके बाद इसे बंडलों में बांधकर बाजारों में बेचा जाता है। उन्होंने बताया कि वे अक्सर शाहपुर बाजार में आकर इसे बेचती हैं। पहले ग्रामीण लोग इसे गांव-गांव जाकर अनाज के बदले बेचते थे, लेकिन बदलते समय के साथ अब इसकी बाजारों में अच्छी कीमत मिलने लगी है। औषधीय गुणों और बढ़ती मांग के कारण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोग लुंगडु का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसकी सब्जी और अचार बड़े चाव से खाए जाते हैं। आज 'लुंगडु का मदरा' भी कांगड़ी धाम और विभिन्न सामाजिक समारोहों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किया गया इसका अचार भी लोगों में काफी लोकप्रिय हो रहा है।

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्केटिंग में लहराया परचम

### स्टूडेंट्स ने 17 मेडल जीतकर किया स्कूल का नाम रोशन

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** रेहमा इंटरनेशनल स्कूल पठानकोट में आयोजित इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार जीत दर्ज की है। 8 मई को हुई इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें ग्रीनलैंड स्कूल के 29 छात्रों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। ग्रीनलैंड स्कूल के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कुल 17 मेडल अपनी झोली में डाले, जिनमें 5 गोल्ड, 3 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। प्रतियोगिता में नमन (8वीं बी), अरनव (6वीं ए), अथर्वा (6वीं ए), परमजीत (6वीं ए) और विहान (6वीं बी) ने अपनी गति और संतुलन का शानदार परिचय देते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं, अधीराज (फोर्थ ए), आयान (फोर्थ बी) और सहजप्रीत (फोर्थ बी) ने रजत पदक जीता। राघव (8वीं ए), गरवित (5वीं ए), दिलजीत (फोर्थ बी), प्रणव (8वीं बी), अंशप्रीत (5वीं ए), शिवान थापा (फोर्थ ए), आरव (फोर्थ ए), अरनव (6वीं) और लवित (थर्ड) ने कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में अपना नाम दर्ज कराया। प्रधानाचार्या ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी।



इस प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ियों ने लिया भाग। अनंत ज्ञान

# धर्मशाला में दिखा आईपीएल का रोमांच

## पंजाब किंग्स-मुंबई इंडियंस मैच : क्रिकेट प्रेमियों में दिखा खासा उत्साह

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल 2026 का रोमांच नजर आया। वीरवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच हुए मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैच शुरू होने से घंटों पहले ही पूरा शहर आईपीएल के रंग में नजर आया। दुनिया के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में शुमार एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला यहां दर्शकों की दीवानगी का गवाह बना। दिनभर धर्मशाला शहर की सड़कों पर चहलकदमी बढ़ी हुई थी। स्टेडियम के आसपास आईपीएल की जर्सियां, पोस्टर और झंडे नजर आए, जिससे पूरी पर्यटन नगरी एक उत्सव स्थल में तब्दील हो गई है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि किकेट के इस महाकुंभ से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि छोटे स्तर के स्वरोजगार करने वालों की भी अच्छी कमाई हो रही है।






### पर्यटन और स्थानीय कारोबार को मिला नया जीवन

**आईपीएल** सीजन ने धर्मशाला के स्थानीय कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। देश-विदेश से मैच देखने पहुंचे पर्यटकों के कारण न केवल बड़े होटल, बल्कि धर्मशाला से लेकर मैक्लोडगंज तक के ढाबों, चाय की रेहड़ियों और फल विक्रेताओं के काम में भारी उछाल आया है। 17 मई के मैच के दौरान अच्छे कारोबार की आसः 11 मई के मैच की तुलना में 14 मई के मैच में पर्यटकों की आमद में कमी नजर आई है। वहीं, होटल कारोबारियों को 17 मई को होने वाले क्रिकेट मुकाबले से काफी उम्मीद है। इसका कारण ये है कि वीकेंड होने के कारण अवकाश के चलते ज्यादा पर्यटक धर्मशाला का रूख कर सकते हैं। उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि आईपीएल को लेकर धर्मशाला क्षेत्र के ज्यादातर बड़े होटल पूरी तरह से पैक हो चुके हैं। होटलों की ऑक्यूपेंसी 50 से 65 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इस मैच के मुकाबले 17 मई को होने वाले मुकाबले में वीकेंड होने के कारण पर्यटन कारोबार में वृद्धि की उम्मीद है।



पंजाब और मुंबई का आईपीएल मैच देखने पहुंचे दर्शक। अनंत ज्ञान

## पहाड़ी गानों का तड़का, हिमाचली टोपी पहनकर मैच देखने पहुंचे दर्शक

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को पंजाब और मुंबई के आईपीएल मुकाबले से पहले सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पहाड़ी तड़का लगा। अधिकतर दर्शक जहां हिमाचली टोपी पहनकर पहुंचे थे, वहीं मैच में लगने वाले चौक्कों-छक्कों से पहले पहाड़ी संगीत ने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। मैच शुरू होने से पहले कांगड़ा के गायक कुमार साहिल ने हिंदी, पहाड़ी और पंजाबी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनके गीतों पर स्टेडियम में मौजूद दर्शक देर तक झूमते और नाचते नजर आए। स्टेडियम में इस बार हिमाचली टोपी का विशेष आकर्षण देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों से मैच देखने पहुंचे क्रिकेट प्रेमियों ने हिमाचली टोपी पहनकर स्थानीय संस्कृति के प्रति अपना उत्साह दिखाया। कई दर्शक अलग-अलग रंगों की पारंपरिक हिमाचली टोपियां पहनकर स्टेडियम पहुंचे, जिससे पूरा माहौल पहाड़ी रंग में रंगा नजर आया। दर्शक स्टेडियम परिसर में हिमाचली टोपी पहनकर तस्वीरें खिंचवाते और वीडियो बनाते दिखाई दिए। गदियाली और कांगड़ी पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने स्थानीय लोक संस्कृति की शानदार झलक प्रस्तुत की। इसके साथ ही पंजाबी भांगड़ा ने भी माहौल को पूरी तरह उत्साह से भर दिया। स्टेडियम के अलग-अलग स्टैंड में बैठे दर्शक भी संगीत की धुनों पर खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। मैच से पहले सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने क्रिकेट प्रेमियों के उत्साह को और दोगुना कर दिया।

### महंगे मिल रहे खाद्य पदार्थ, नियंत्रित हों रेट

**एचपीसीए** स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल मुकाबले के दौरान खाने-पीने की ऊंची कीमतें दर्शकों के लिए परेशानी का कारण बनी रहीं। दर्शकों ने बताया कि मैच के दौरान बाहर जाने की अनुमति नहीं होने से उन्हें स्टेडियम के भीतर ही महंगे दामों पर खाद्य सामग्री खरीदनी पड़ रही है। बर्गर, चिकन पॉपकॉर्न और चिकन विंग्स जैसे फास्ट फूड के दाम आम बाजार की तुलना में काफी अधिक बताए गए। दर्शकों का कहना है कि धर्मशाला में मैच देखना यादगार अनुभव है, लेकिन खानपान की महंगाई उत्साह को कुछ हद तक फीका कर रही है।

## दोपहर को ही जुटना शुरू हो गए थे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में वीरवार को खेले गए आईपीएल मैच पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस के दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए। पूरे शहर को आठ सेक्टरों में और स्टेडियम परिसर को चार सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई। सुबह 10 बजे से ही पुलिस और होमगार्ड जवानों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में मोर्चा संभाल लिया था। दोपहर तक वाहनों की संख्या सामान्य रहने के कारण वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था को सख्ती से लागू नहीं किया गया, जिससे धर्मशाला-गगल मार्ग पर आवागमन सुचारु रहा। दोपहर बाद दर्शकों की भीड़ बढ़ने पर मुख्य मार्गों को वन-वे कर दिया गया, जिससे पालमपुर-धर्मशाला मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। अशोक रत्न ने बताया कि बड़े आयोजन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सेक्टर प्रणाली के तहत मजबूत की गई है और सभी व्यवस्थाएं नियंत्रण में रहीं।

**स्टेडियम में जांच के बाद मिला प्रवेशः** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को सुरक्षा की दृष्टि से चार सेक्टरों में विभाजित किया गया। मुख्य गेट पर ई-टिकट जांच और सघन तलाशी के बाद ही दर्शकों को प्रवेश दिया गया। स्टेडियम में ज्वलनशील पदार्थ, खाद्य सामग्री, मोबाइल चार्जर, कैमरा, सिक्के, पैन, आपत्तिजनक स्लोगन और सिक्के, पानी की बोतलें, सिगरेट-बीडी और अन्य प्रतिबंधित सामान गेट पर ही जमा करवा लिया गया, जिससे वहां भारी मात्रा में सामान का ढेर लग गया। मोबाइल फोन जांच के बाद अंदर ले जाने की अनुमति दी गई।

# रेनबो के आर्या ने कॉमर्स में 96.6 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के छात्रों ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्शाते हुए स्कूल व अभिभावकों के नाम को गौरवान्वित किया।

प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने कहा कि कॉमर्स में आर्या ने 96.6 फीसदी अंक, गुंजन ने 93.4 फीसदी अंक, नॉन मेडिकल में रुद्रांश शर्मा ने 90 फीसदी अंक और आर्ट्स में साल्वी ने 93.8 फीसदी अंक व वान्या ने 93.6 फीसदी अंक प्राप्त किए।

इसके अलावा आदित्य कौंडल ने 88.8 फीसदी, सुनाक्षी भारद्वाज ने 88.6 फीसदी, महक ने 88 फीसदी, अदिति ने 87.2 फीसदी, शौर्यवीर सिंह जम्वाल ने 87 फीसदी, तनिक्षा कपूर ने 86.4 फीसदी, अमिशिका कौंडल ने 86.2 फीसदी, हैलिनोंग ने 85.5 फीसदी, समीक्षा ने 85.2 फीसदी और कौशिक कपूर ने 85 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आपके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्कूल के तीन छात्रों सुनाक्षी भारद्वाज, रुद्रांश शर्मा और प्रियांशी बस्सी ने अंग्रेजी विषय में शत-प्रतिशत अंक और 63 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। जीवन में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजर मधु चौधरी ने बच्चों का मुंह मीठा करवाते हुए उनके भावी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




बच्चों को मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान

# प्रदेश सरकार की झूठी गारंटियों से जनता में रोष : अरुण कुमार

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका ने वीरवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा झूठी गारंटियों के चलते प्रदेश की जनता में भारी रोष है, जिसके चलते पंचायती राज व शहरी निकायों के चुनावों में अधीकतर भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी होंगे। उन्होंने दावा किया कि नगर परिषद नगरोटा बगवां के सातों वार्डों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत निश्चित है।

उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां के सभी वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी वार्डों में कमेटियां गठित की गई हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि नगरोटा बाजार में नालियों के निमार्ण कार्य के लिए उखाड़ी जा रही सड़क से विभिन्न विभागों का नुकसान हो रहा है, जिसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग तथा नगर परिषद शामिल हैं। उन्होंने नगर में चल रहे पर्यटन विभाग के कार्यों में भी सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लगाए। उन्होंने गत दिनों चंबा के ककीरा में कार दुर्घटना में मौत का ग्रास बने गुजरात के पांच पर्यटकों की मृत्यु पर गहरा दुःख प्रकट किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। उन्होंने सेवा भारती कांगड़ा तथा श्री चामुंडा देवी श्मशानघाट समिति का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने श्री चामुंडा देवी में विधी विधान से पांच पर्यटकों का अंतिम संस्कार करवाया। उन्होंने मृतकों के गुजरात से पहुंचे परिजनों का सहयोग न करने पर सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की तथा दुःख प्रकट करते हुए कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के दावे करने वाली सरकार की ओर से कोई भी प्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी उन पर्यटकों के अंतिम संस्कार में श्री चामुंडा देवी में नहीं पहुंचा।

# धर्मशाला में विकास ठप, टूटी सड़कें और कूड़े के ढेर बने कांग्रेस की पहचान: बिक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रेसवार्ता में धर्मशाला नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार और नगर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि धर्मशाला में कांग्रेस का कार्यकाल भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, टेंडर माफिया, पानी संकट और विकास कार्यों की विफलता का प्रतीक बन चुका है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित नगर निगम में जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर केवल भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया।

बिक्रम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्षद देवेंद्र सिंह जग्गी पर नगर निगम की संपत्ति पट्टे पर देने में हुए कथित घोटाले को लेकर मामला दर्ज हुआ, जिसमें सरकारी खजाने को 1.4 करोड़ से अधिक नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम को मात्र 18.39 लाख किराया मिला, जबकि उप किराए के माध्यम से लगभग 1.61 करोड़ की कमाई किए जाने के आरोप सामने आए हैं। वर्ष 2025-26 के बजट में बिजली उपकर को 1 पैसे प्रति यूनिट से बढ़ाकर 10 पैसे प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव रखा गया, जबकि महंगाई से राहत देने के बजाय कांग्रेस केवल टैक्स और शुल्क बढ़ाने में लगी रही।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि धर्मशाला बस स्टैंड परियोजना वर्षों से अधूरी पड़ी है और कांग्रेस सरकार भूमि विवाद, लंबित मंजूरियों और प्रशासनिक अक्षमता के कारण इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूरा नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि बार-बार घोषणाएं और शिलान्यास हुए, लेकिन जनता को सुविधा आज तक नहीं मिली। बिक्रम ने आरोप लगाया कि नगर निगम धर्मशाला में टेंडर माफिया सक्रिय है और केवल 5 से 7 ठेकेदारों के माध्यम से लगभग 80 प्रतिशत कार्य नियंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन आधारित टेंडर आवंटन और सार्वजनिक कार्यों में भारी अनियमितताएं कांग्रेस प्रशासन की पहचान बन चुकी हैं।




प्रेसवार्ता में कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना। अनंत ज्ञान

# गोकुल ठाकुर के पुत्र के विवाह समारोह में पहुंचे सांसद अनुराग और डॉ. राजीव भारद्वाज



सांसद ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ क्षेत्र में पूर्व प्रदेश गद्दी यूनियन अध्यक्ष गोकुल ठाकुर के पुत्र के विवाह समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर तथा कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने दोनों सांसदों का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर एवं नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान समारोह स्थल पर काफी देर तक राजनीतिक एवं सामाजिक चर्चाओं का दौर भी चलता रहा। अनुराग ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। वहीं, सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने भी परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे पारिवारिक आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# शहरवासियों व पर्यटकों को उपलब्ध करवाएंगे सुविधाएं : शिवानी भारद्वाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के चुनाव में प्रचार रफ्तार पकड़ रहा है। प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में नेताओं के साथ जोर-शोर से प्रचार में जुटे हुए हैं। नगर निगम के वार्ड सात से कांग्रेस प्रत्याशी शिवानी भारद्वाज ने कहा कि पर्यटकों व शहरवासियों की सुविधा के लिए जहां जरूरत होगी शौचालय निर्माण करवाया जाएगा, पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। बतौर महिला प्रत्याशी, शहर व वार्ड की महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए नगर निगम के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे। वार्ड के हर क्षेत्र को टच किया जाएगा, वार्ड के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानकर नगर निगम के हाउस में प्रमुखता से उठाया जाएगा। जो भी विकास कार्य करवाए जाएंगे, उनमें गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ने का संकल्प लिया है, उसी तरह पर नगर निगम के सभी वाडों के लोगों को जोड़ते हुए एक सूत्र में पिराने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

# बाबा भौडी सिद्ध मंदिर में संतान सुख आशीर्वाद और महाप्रसाद वितरण समारोह 17 को

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर क्षेत्र की सुआं पंचायत में स्थित 'सिद्ध पीठ' बाबा भौडी सिद्ध गुफा मंदिर असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का पवित्र केंद्र है। मान्यता के अनुसार हिमाचली एवं पंजाबी हिंदुओं के आराध्य बाबा बालक नाथ जी ने हजारों वर्ष पूर्व भौडी की त्रिहद घाटी की प्राकृतिक गुफा में जन-कल्याण के लिए स्वयं स्थान ग्रहण किया और आज भी पिंडी रूप में विराजमान हैं। बाबा भौडी सिद्ध (सिद्ध पीठ) विकाद सभा के अध्यक्ष संदीप राणा ने बताया कि ज्येष्ठ मास के प्रथम रविवार को इस पावन स्थल पर एक दिव्य आयोजन होता है, जिसमें पुजारी द्वारा आशीर्वाद रूपी फल उन दंपतियों को प्रदान किया जाता है, जो बिना किसी ठोस कारण संतान सुख से वंचित हैं।इस वर्ष यह पावन अवसर 17 मई 2026 को है। अध्यक्ष ने सभी श्र्धालुओं से विनम्र निवेदन है किया है कि इस सर्व-जन कल्याणकारी आयोजन में भागीदार बनें और अधिक से अधिक संख्या मे आकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# मानव जीवन का हर क्षण इंसानियत और भक्ति में समर्पित हो : सतगुरु माता सुदीक्षा

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक शांति, आनंद एवं दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने अपने आशीर्वचनों में फरमाया कि बाबा का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा। जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्रेम एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करे। यही बाबा जी की शिक्षाओं का सार और सच्ची मानवता का स्वरूप है।


# एयरपोर्ट प्रभावित दुकानदारों को दुकानों के लिए बैंटलू में दिखाई जमीन



प्रभावित दुकानदारों ने चिह्नित भूमि पर असहमति जाहिर की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डा विस्तारीकरण में आने वाले प्रभावित दुकानदारों के लिए पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत वीरवार को क्रेडल टीम के सदस्यों द्वारा प्रभावित दुकानदारों को दुकानें देने के लिए बैंटलू में जो जमीन चिह्नित की गई थी, उसका दौरा करवाया गया। चिह्नित भूमि जो न तो किसी सड़क के साथ जुड़ी हुई है, न ही वहां आस-पास बड़ी आबादी बसी हुई है और खड्ड के किनारे होने के कारण प्रभावित दुकानदारों ने क्रेडल टीम को चिह्नित भूमि पर असहमति जाहिर की। उन्होंने कहा कि आज जिस जगह गगल बाजार बना हुआ है, वह जगह धर्मशाला और कांगड़ा जैसे विकसित जगहों में से एक है। उस विकसित जगह के बदले खड्ड के किनारे बिना आबादी वाली जगह पर दुकानें दे देना प्रभावित दुकानदारों के साथ घोर अन्याय के अलावा और कुछ नहीं है। प्रभावित दुकानदारों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि सरकार अपने लिए तो अच्छी अच्छी जगह पर अपने प्रोजेक्ट एकदम से शुरू कर देती हैं, लेकिन जब प्रभावितों के लिए कुछ करने की बात आती है तो प्रशासन और सरकार बिना प्रभावितों के भविष्य की सोचें कहीं पर भी भूमि चिह्नित कर देता है। प्रभावित दुकानदारों ने दो टूक में कहा कि उन्हें या तो प्रशासन और सरकार एक विकसित जगह पर ही बाजार बना कर दें या फिर फोरलेन की स्थिति स्पष्ट हो जाने पर फोरलेन के ऊपर बाजार बनाकर दें, अन्यथा प्रभावित दुकानदार अपनी सहमति नहीं देंगे।









## न्यूज ब्रीफ

### बरोहा और बड़ू में 17 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के तहत औद्योगिक क्षेत्र के 11केवी फीडर की मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 17 मई को बरोह, औद्योगिक क्षेत्र, बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू, मोहीं, चोपड़ा कॉलोनी, कथाल, जमली और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बदारन और झलाण में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 16 मई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की काट-छांट के कार्य के चलते पंचायत धनेटा, ग्वालपत्थर, हथोल, बदारन, झलाण, बसारल और कमलाह के गांवों एवं पेयजल योजनाओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि 16 मई को मौसम खराब हुआ तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### जमली धाम में कल मनाई जाएगी शनि जयंती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शनि जयंती गोशाला परिसर जमली धाम के शनि मंदिर में 16 मई को मनाई जाएगी। ठाकुर द्वारा गोशाला के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि कार्यक्रम में प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक क्षेत्र की खुशहाली के लिए शनि हवन किया जाएगा। झंडा चढ़ाने के बाद जम्मू के शनि भक्त सुरेंद्र पठानिया की ओर से भंडारे की व्यवस्था की गई है।

### सलौणी और करेर में आज नहीं होगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विद्युत उपमंडल बड़सर के अंतर्गत सलौणी अनुभाग में क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों की मरम्मत के चलते 15 मई को सलौणी बाजार, करेर, अवाह, डुगवाड़ और आस-पास के गांवों में सुबह 10 से सायं 3 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विजय पटियाल ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### डूहका चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, जाहू।** डूहका गांव में बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली चोरी के मामले में पुलिस ने पांच घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जोराबर और पन्ना के रूप में हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की। दोनों ही कबाड़ का काम करते हैं। जोराबर को जाहू से गिरफ्तार किया है, जबकि पन्ना सीर खड्ड में छिपा था। आरोपियों ने पट्टा में एक ज्वैलर को कान की बाली 20 हजार रुपए में बेच दी थी। पुलिस ने बाली भी बरामद की ली। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### 105 पीठासीन अधिकारी व 307 पोलिंग अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज ब्लॉक में पंचायतीराज चुनावों को लेकर तैयारियां पूरी गति पर हैं। 44 ग्राम पंचायतों के लिए प्रशासन ने 105 पीठासीन अधिकारी और 307 पोलिंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। शशिपाल शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए 16, 19 और 24 मई को रिहर्सल का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में किया जाएगा। भोरंज में कुल 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 72,048 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला परिषद के 4 वार्डों के लिए 14, ब्लॉक समिति के 22 वार्डों के लिए 93, प्रधान पद के लिए 198, उपप्रधान के लिए 227 और वार्ड पंच के लिए 570 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। प्रशासन के अनुसार नाम वापसी की अंतिम तिथि शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक है, जिसके बाद 15 मई को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनावी प्रक्रिया तेज होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है।

# उपभोक्ता अदालत के फैसले से बचने को नई फर्म बनाई, अब 1 साल की सजा

## 2015 में 8.16 लाख से खरीदी थी उपभोक्ता ने राउटर मशीन, एक माह में ही खराब

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** कंज्यूमर फोरम के एक फैसले से बचने के लिए संबंधित फर्म ने जीएसटी नंबर भी सरेंडर किया, नई फर्म भी बना ली। अब इस उपभोक्ता अदालत का एग्जीक्यूशन को लेकर जो फैसला आया है, उसमें 1 साल की सजा और 3 लोगों को 50-50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

◆ **तीन लोगों को 50-50 हजार रुपए जुर्माना**

मसला हमीरपुर के एक उपभोक्ता का है, जिसने वर्ष 2015 में 8.16 लाख रुपए की लागत वाली एक राउटर मशीन हरे कृष्ण आर्ट्स फर्म से खरीदी, लेकिन एक-डेढ़ महीने में ही यह मशीन खराब हो गई। उसने काम करना बंद कर दिया। न उसकी रिपेयर की और ना ही संबंधित उपभोक्ता को जवाब देना इस फर्म ने उचित समझा। जब नकारात्मक जवाब मिला तो फिर उपभोक्ता ने 'उपभोक्ता अदालत' का दरवाजा खटखटाया। वर्ष 2019 में अदालत ने इस सारे मामले पर फैसला सुनाया कि उपभोक्ता को 8.16 लाख रुपए तो दिया ही जाए, 9% रेट ऑफ इंटरेस्ट भी साथ में चुकाया जाए।

मानसिक प्रताड़ना पर 25000 रुपए का भी अलग से उपभोक्ता को देने और 10000 रुपए अदालत की प्रक्रिया पर जो खर्चा आया, उसे भी चुकाने के आदेश दिए। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक इस फैसले को संबंधित फर्म अमलीजामा नहीं पहनाती तब तक 200 रुए प्रति दिन के हिसाब से प्रोपराइटर को अदायगी की जाती रहेगी, लेकिन फैसले की अनदेखी होने पर अदालत में फिर से इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई तब पाया गया कि संबंधित फार्म ने जीएसटी नंबर नया लेकर पुराने को सरेंडर कर दिया और एक जैसे ही व्यापार के लिए नई फर्म गठित कर ली। इस मामले को लेकर उपभोक्ता के वकील विवेक शर्मा ने बताया कि 2020 में एग्जीक्यूशन की फाइल जब खोली गई तो फिर कुछ समय तो अदालत में लगा। 5 साल के बाद अब इस फैसले पर अदालत ने मोहर लगाई है इसमें एक-एक साल की सजा और 50-50 हजार तीनों लोगों को जुर्माने की सजा सुनाई है।



"इस मामले में अदालत में बार-बार मौका दिया, मगर अब अंतिम फैसला आया है। संबंधित पार्टी को 30 दिन का समय दिया गया है। वह इस फैसले पर अपील भी कर सकती है। एग्जीक्यूट भी करने का उनके पास मौका रहेगा। ऐसे फैसलों में उपभोक्ताओं को जागरूक रहना चाहिए कुछ समय जरूर लगता है। अंत में जीत सच्चाई की ही होती है। जहां से उपभोक्ता सामान खरीदता है, उस कंपनी या दुकानदार या फिर फर्म को ऐसे मामलों को हल्के में नहीं लेना चाहिए।
-विवेक शर्मा, एडवोकेट।

अदालत ने कहा कि यदि फैसले को 2019 के मुताबिक अमलीजामा पहना दिया जाता है तो उनकी सजा माफ हो जाएगी।

# डॉ. सुरिंदर सिंह अनसंग हीरो अवॉर्ड से सम्मानित



लोगों की निस्वार्थ सहायता के लिए मिला सम्मान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'अनसंग एवरीडे हीरोज अवॉर्ड' समारोह में हमीरपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुरिंदर सिंह डोगरा को 'अनसंग हीरो अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें समाज सेवा, मानवता के प्रति समर्पण, आपदा प्रभावित लोगों की निस्वार्थ सहायता तथा स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में एडीएम शिल्पी बेक्टा ने डॉ. डोगरा को सम्मानित किया। डॉ. डोगरा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि पूरे सुजानपुर, हमीरपुर और मानवता की सेवा का सम्मान है। उन्होंने गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर को उनके प्रेरणादायक जीवन एवं जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग हिमाचल प्रदेश के प्रदेश संचालक गुरु राजेश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से समाज सेवा की भावना को नई दिशा मिली है।

# व्यापार मंडल ने लोकल बस स्टैंड को शिफ्ट न करने की उठाई मांग

## कहा- व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के लिए सीएम, राजनीतिक सलाहकार से करेंगे चर्चा

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से हमीरपुर में पुराने अंतरराज्यीय बस स्टैंड की जगह 140 करोड़ रुपए की लागत से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने की घोषणा के बाद स्थानीय व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बन गई है। परियोजना का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है और इसके लिए 63 करोड़ रुपए का प्रारंभिक बजट भी जारी किया जा चुका है।

हालांकि, अब यहां लोकल बस स्टैंड को शिफ्ट न किए जाने के निर्णय पर व्यापार मंडल ने आपत्ति जताई है। इस मुद्दे को लेकर व्यापार मंडल हमीरपुर का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ से मिला और विस्तृत चर्चा की। व्यापारियों का कहना है कि पहले यहां लोकल बस स्टैंड बनाने की योजना थी,



व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला। अनंत ज्ञान

लेकिन अब केवल बस स्टॉप प्रस्तावित है, जिससे यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों को असुविधा होगी। साथ ही लगभग 18 दुकानदारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि निर्माण पूरा होने तक दुकानदारों को न हटाया जाए और नई दुकानों में उन्हें प्राथमिकता दी जाए। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से चर्चा के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।व्यापार मंडल का कहना है कि जल्द ही व्यापार मंडल के साथी मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार और मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा करेंगे और सुनिश्चित करेंगे की हमारे व्यापारियों के हितों की सुरक्षा हो और हमारा व्यापार प्रभावित न हो, व्यापार मंडल हमेशा अपने व्यापारी साथियों के साथ खड़ा है।

# नादौन को स्वच्छ नगर बनाने का लिया संकल्प

## एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में 60 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नगर पंचायत नादौन में स्वच्छता और वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम शहरी विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के मार्गदर्शन में फीडबैक फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत प्रतिनिधियों, सफाई कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं और अन्य हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 60



ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों का दिया प्रशिक्षण। अनंत ज्ञान

प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों, व्यवहारिक पहलुओं और जनभागीदारी के महत्व के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक कचरे में कमी और स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक भागीदारी पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में रमन शर्मा, अश्वनी कुमार, किशोरी लाल, अंकित शर्मा, अक्षित सोनी सहित कई स्थानीय कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उनके प्रयासों की सराहना की गई।

### जिला परिषद वार्ड बिझड़ी से यशपाल ने वापस लिया नामांकन

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** पंचायतीराज चुनाव के तहत बड़सर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तस्वीर लगातार बदल रही है। जिला परिषद वार्ड नंबर 13 बिझड़ी से नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवार यशपाल सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। अब बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जिला परिषद चुनाव के लिए कुल 11 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। वहीं, बिझड़ी विकास खंड के वार्ड नंबर 20 बल्याह पंचायत में भी ब्लॉक समिति को लेकर समीकरण बदले हैं। यहां ब्लॉक समिति के उम्मीदवार अनुपम शर्मा ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। दूसरी ओर इसी पंचायत से प्रधान पद के लिए उम्मीदवार जीतराम शर्मा का नामांकन जांच के दौरान रद्द हो गया था। प्रार्थी ने सीधे-सीधे आरोप एआरओ पर लगाए हैं। एआरओ का कहना है कि नियमों के अनुसार कारबाई हुई है। जानबूझकर कुछ नहीं किया गया है वह व्यक्ति झूठे आरोप लगा रहा।

### भाजपा में बगावत पर सख्ती पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने पर कार्रवाई तय

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा नगर पंचायत चुनावों में भाजपा की शहरी इकाई के अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा वार्ड नंबर-7 से पार्टी समर्थित प्रत्याशी अनिल कुमार के विरुद्ध चुनाव लड़ने के निर्णय पर भाजपा ने कड़ा संज्ञान लिया है। इस संबंध में भाजपा बड़सर के मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने 12 मई को जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर को लिखित शिकायत प्रेषित की थी। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ने त्वरित कार्रवाई के लिए प्रदेश नेतृत्व को पूरे प्रकरण से अवगत करवा दिया है। राकेश ने कहा कि संजय कुमार स्वयं भाजपा के शहरी इकाई अध्यक्ष हैं तथा उनकी पत्नी को नगर पंचायत के वार्ड नंबर-5 से पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इसके बावजूद पार्टी समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, जिस पर पार्टी द्वारा कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठनात्मक अनुशासन और सामूहिक निर्णयों को सर्वोपरि मानती है तथा किसी भी स्तर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

◆ **बड़सर मंडल अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष से की थी लिखित शिकायत**

### भोटा नगर पंचायत चुनाव: स्टार प्रचारक इंद्रदत्त ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**संजीव, भोटा।** नगर पंचायत भोटा के सभी में सात वार्डों चुनाव प्रचार जोरों पर है। यहां 15 उम्मीदवार चुनाव क्षेत्र के मैदान में हैं, जिसमें कि भाजपा समर्थित, कांग्रेस समर्थित एवं व्यापार मंडल भोटा के समर्थित उम्मीदवार हैं, यहां पर वार्ड नंबर 1 में व्यापार मंडल भोटा के प्रत्याशी एवं भाजपा के प्रत्याशी में रोचक मुकाबला बताया जा रहा है। वार्ड-2 में पूर्व पार्षद एवं युवा प्रत्याशी और मौजूदा व्यापार मंडल भोटा के प्रधान के बीच रोचक मुकाबला है। दोनों प्रत्याशी दूसरे वार्डों से आकर चुनाव लड़ रहे हैं।

एक उम्मीदवार पूर्व पार्षद रह चुके है तो दूसरा व्यापार मंडल का प्रधान स्थानीय लोगों का झुकाव व्यवहार मंडल के प्रत्याशी की ओर है। वार्ड नंबर तीन में पूर्व में अध्यक्ष रही कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार का मुकाबला भाजपा समर्थित उम्मीदवार से है यहां पर दोनों उम्मीदवारों की पकड़ मजबूत है, नतीजा कुछ भी हो सकता है। वार्ड नंबर 4 में व्यापार मंडल भोटा के मौजूदा प्रधान सनी शर्मा की धर्मपत्नी का मुकाबला भाजपा समर्थित उम्मीदवार से है। इसी तरह पांच नंबर वार्ड में पूर्व उपाध्यक्ष की धर्मपत्नी एवं स्थानीय व्यापारी की धर्म पत्नी के बीच मुकाबला है वार्ड नंबर 6 में कांग्रेस समर्थित एवं भाजपा समर्थ उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। वार्ड-7 में भाजपा समर्थित उम्मीदवार एवं भोटा के कांग्रेस नेता शरण प्रसाद के बीच मुकाबला रोचक बनता जा रहा है यहां पर पूर्व में उपाध्यक्ष रहे संजय धीमान के बीच भी मुकाबला त्रिकोणियां बताया जा रहा है। नगर पंचायत भोटा के सभी वार्डों में स्टार प्रचारक के रूप में स्थानीय भाजपा विधायक इंद्रदत लखनपाल अपना पूरा प्रयास के साथ उम्मीदवारों को जिताने में लगा रहे हैं, लेकिन लोग उनकी विचारधारा को दर किनार करते हुए स्थानीय भाईचारे में एकमत होकर और दोनों पार्टियों से ऊपर उठकर वोटिंग करने पर उतारु हैं जिससे नतीजे सभी उम्मीदवारों के चाहे वो भाजपा के हो या कांग्रेस अथवा व्यापार मंडल के चौंकाने वाले रहेंगे।

### पहले दिन जिला परिषद के तीन उम्मीदवारों ने वापस लिए नामांकन पत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर नामांकन वापसी की प्रक्रिया वीरवार से शुरू हो गई है। पहले दिन जिला परिषद के तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह ने बताया कि जिला परिषद वार्ड नंबर-6 ताल से दो प्रत्याशी रोहित कुमार और सुरजीत कटोच ने अपने नाम वापस लिए हैं। हमीरपुर उपमंडल के 5 वार्डों के लिए कुल 24 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें एक नामांकन पहले ही रद्द हो चुका था। उधर, भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि भोरंज के 4 वार्डों में से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। वहीं एसडीएम नादौन निशांत शर्मा के अनुसार नादौन में 9 नामांकन में से एक रद्द हुआ था, लेकिन कोई वापसी नहीं हुई। एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने बताया कि सुजानपुर के 2 वार्डों में सभी उम्मीदवार मैदान में बने हुए हैं। उधर, एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने बताया कि बड़सर में 12 नामांकन में से बिझड़ी वार्ड के यशपाल ने अपना नाम वापस लिया है। प्रशासन के अनुसार नाम वापसी की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

### प्लासी गांव में तूफान से गोशाला की छत उड़ी, भारी नुकसान



प्लासी गांव में तूफान से उड़ी पशुशाला की छत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़ा।** उपमंडल नादौन की चमराल पंचायत के प्लासी गांव में आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तूफान के कारण एक पशुशाला की छत उड़ जाने से पीड़ित परिवार को करीब एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित हंसराज ने बताया कि बीती रात आए तेज तूफान के चलते उनकी पशुशाला की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके कारण अंदर रखा पशुओं का चारा भी बारिश से भीगकर खराब हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के पटवारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नुकसान का प्रारंभिक आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि पीड़ित को मुआवजा प्रदान किया जा सके।

पीड़ित हंस राज ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है, ताकि वह अपनी पशुशाला की मरम्मत कर सके और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था दोबारा कर पाए। ग्रामीणों का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता मिलनी चाहिए, जिससे उन्हें राहत मिल सके और उनका जीवन सामान्य हो सके।

### लहड़ा गांव की रिद्धिमा शर्मा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** हमीरपुर जिले के लहड़ा गांव की होनहार छात्रा रिद्धिमा शर्मा ने सीबीएसई परीक्षा आर्ट्स स्ट्रीम में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिद्धिमा ने अपनी शिक्षा नवोदय विद्यालय डूंगरी से प्राप्त की है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। रिद्धिमा की माता निशा शर्मा पूर्व प्रधान रह चुकी हैं, जबकि पिता राकेश कुमार पिछले लगभग 15 वर्षों से पंचायत प्रतिनिधित्व से जुड़े रहे हैं तथा उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी सक्रिय जुड़ाव रहा है। परिवार लंबे समय से सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। बेटी की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने परिवार को बधाई देते हुए रिद्धिमा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पूर्व जिला परिषद बिहारी लाल, वांका राम, जयद्रनाथ पूर्व प्रधानबिना वनियाल ध्रुव सिंह राणा मदनलाल प्रकाश चंद, विद्या प्रकाश, अशोक कुमार, राजेश कुमार राजू, ओंकार चंद, उर्मिला देवी आदि लोगों ने रिद्धिमा की उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

# सुजानपुर-भोटा में 15 को थमेगा चुनाव प्रचार, 17 को मतदान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा के लिए 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इन दोनों शहरी निकाय क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले यानी 15 मई दोपहर 3 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा।

इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी ने हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम-1994 की धारा 304बी के तहत आदेश जारी करते हुए नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा के अधीन आने वाले क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पहले की अवधि के भीतर किसी भी तरह की चुनावी जनसभा, जुलूस, कार्यक्रम, टीवी-सिनेमा शो और सार्वजनिक बैठकों इत्यादि पर प्रतिबंध लगा दिया है। मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में सभी तरह की प्रचार गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह की प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने, मतदाताओं को लुभाने या प्रभावित करने से संबंधित अन्य सभी गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन दोनों शहरी निकाय क्षेत्रों में उपरोक्त 48 घंटे की अवधि के दौरान शराब की बिक्री व वितरण पर भी प्रतिबंध रहेगा। किसी भी होटल, रेस्तरां, बार, क्लब, मैरिज पैलेस और अन्य सार्वजनिक एवं निजी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी शराब के वितरण पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों आदेशों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

◆ **48 घंटे की अवधि के दौरान चुनावी सभाओं एवं कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध**

◆ **शराब की बिक्री एवं वितरण पर भी रोकः गंधर्वा राठौड़**

### कोट रसेडवा गांव में खेत से तूड़ी चोरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की पापलाह पंचायत के कोट रसेडवा गांव में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां पहली बार तूड़ी चोरी का मामला दर्ज किया गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार, पापलाह निवासी लाभा राम ने गेहूं की कटाई और थ्रेसिंग का कार्य संभाला था। नियमानुसार गेहूं मालिक को दी जानी थी, जबकि तूड़ी लाभा राम को मिलनी थी। बुधवार शाम थ्रेसिंग के बाद गेहूं तो मालिक को दे दी गई, लेकिन तूड़ी खेत में ही छोड़ दी गई। सुबह जब खेत का निरीक्षण किया गया तो करीब 10 से 12 तूड़ी के बोरे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। इस घटना से गरीब परिवार को बड़ा नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द चोरों का पता लगाकर पीड़ित परिवार को राहत दी जाए। पूर्व उपप्रधान सुरेंद्र कुमार सहित ग्रामीणों ने आर्थिक सहायता की भी अपील की है।

# सुजानपुर चौगान में सफाई कार्य शुरू, लोगों ने ली राहत की सांस

## जेसीबी से मैदान को किया समतल, मिट्टी डालकर गड्ढों को भरा

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर चौगान में होली मेले के बाद फैली अव्यवस्था को देखते हुए सफाई अभियान शुरू किया गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। चौगान में पड़े बड़े-बड़े पत्थर, ईंटें और मलबा ट्रैक्टरों की मदद से हटाया गया, जबकि जेसीबी मशीन से पूरे मैदान को समतल किया गया। जगह-जगह बने गड्ढों को मिट्टी से भरकर मैदान को फिर से उपयोग योग्य बनाया गया। होली मेले के बाद चौगान की हालत बेहद खराब हो गई थी, जिससे लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाई हो रही थी।

अब सफाई कार्य शुरू होने के बाद स्थिति में सुधार हुआ है और लोगों को उम्मीद है कि यह मैदान पहले की तरह सुंदर और व्यवस्थित दिखाई देगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सुजानपुर चौगान



होली मेले के बाद मैदान की हो गई थी हालत बेहद खराब। अनंत ज्ञान

प्रदेश का सबसे बड़ा मैदान है, जहां राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले सहित कई बड़े आयोजन होते हैं। इससे प्रशासन को करोड़ों रुपये की आय भी होती है, लेकिन इसके बावजूद रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। यहां एक सैनिक स्कूल सुजानपुर भी स्थित है, जिसके कारण मैदान का एक हिस्सा स्कूल और एक हिस्सा प्रशासन के अधीन है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नियमित सफाई और रखरखाव के लिए अलग टीम गठित की जाए और मेले से प्राप्त आय का कुछ हिस्सा चौगान के विकास व संरक्षण पर खर्च किया जाए, ताकि यह ऐतिहासिक मैदान हमेशा व्यवस्थित और स्वच्छ बना रहे।

### चुनाव चिन्ह मिलने के बाद होंगे चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्तः राकेश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर ने जिला परिषद चुनावों के मद्देनजर चुनाव प्रचार-प्रसार को पार्टी के विधायकों एवं पूर्व प्रत्याशियों की देखरेख और निर्देश अनुसार संचालित करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले जिला परिषद वार्डों में संबंधित विधानसभा के विधायक अथवा पूर्व में पार्टी प्रत्याशी रहे वरिष्ठ नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत भोरंज विधानसभा के धमरोल एवं जाहू जिला परिषद वार्डों के लिए कमलेश कुमारी, भोरंज विधानसभा के ही बधाणी एवं महल वार्डों के लिए डॉ. अनिल धीमान, सुजानपुर विधानसभा के सभी जिला परिषद वार्डों के लिए राजेंद्र राणा, हमीरपुर विधानसभा के तीनों जिला परिषद वार्डों के लिए विधायक आशीष शर्मा, बड़सर विधानसभा के चारों वार्डों के लिए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल तथा नादौन विधानसभा के जिला परिषद वार्डों के लिए विजय अग्निहोत्री एवं आयुष प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक शर्मा को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राकेश ने कहा कि संबंधित मंडलों के मंडल अध्यक्ष भी नेताओं के सहयोगी के तौर पर चुनाव प्रचार-प्रसार की कमान संभालेंगे और संगठनात्मक समन्वय सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव चिन्ह मिलने के उपरांत प्रत्याशियों की सहमति एवं आवश्यकतानुसार चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी भी नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए जिला संगठन, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों को दायित्व सौंपे जा सकते हैं।



# 25 से 30 फुट गहरी खाई में गिरी कार चालक ने छलांग लगाकर बचाई जान

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, सलूणी।** सलूणी उपमंडल के त्रिउंडी माता मार्ग पर देर रात हुए एक खौफनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। चानदल नाले के समीप एक सिल्वर रंग की मारुति कार गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

हादसा इतना भयावह था कि कार लगभग 25 से 30 फुट नीचे जा गिरी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार वाहन का चालक मदन लाल बुधवार देर रात को अपने एक दोस्त को छोड़ने त्रिउंडी माता रोड की ओर गया था। वापसी के दौरान रास्ते में सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी को पास देने के समय उसकी कार सड़क किनारे बारिश के कारण धंसी हुई कच्ची मिट्टी पर चढ़ गई। मिट्टी कमजोर होने के कारण चालक वाहन पर संतुलन नहीं बना सका और देखते ही देखते कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के दौरान चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कार से छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बाल-बाल बच गई। नीचे गिरने के बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए व पूरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि हादसे के बाद न तो चालक ने इस घटना की जानकारी किसी को दी और न ही रातभर किसी को हादसे का पता चल पाया। गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने खाई में एक कार को गिरा हुआ देखा तो क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना संबंधित विभाग और पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में चालक की कोई लापरवाही सामने नहीं आई है। जांच में पाया गया कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण सड़क किनारे की मिट्टी बेहद कच्ची और कमजोर हो चुकी थी, जिसके चलते वाहन अचानक धंसकर खाई में जा गिरा। बताया जा रहा है कि मदन लाल सलूणी क्षेत्र का निवासी है और पेशे से हज्जाम का काम करता है। हादसे के बाद पूरे इलाके में घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए त्रिउंडी माता मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत किए जाएं, क्योंकि हल्की सी चूक भी कभी बड़े हादसे में बदल सकती है।

# 15 मई शाम 3 बजे से चुनाव प्रचार सार्वजनिक सभाओं पर रहेगा प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा, नगर परिषद डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी में 17 मई को होने वाले नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1994 के प्रावधानों के साथ पठित हैं।



जारी आदेश में कहा गया है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रभावी कानून व व्यवस्था तथा सार्वजनिक शांति व सौहार्द के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किए गए हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मई को अपराह्न 3 बजे से लेकर 17 मई को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक संबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभा, जुलूस, मनोरंजन कार्यक्रम अथवा मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में मतदान दिवस पर किसी भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार-प्रसार, मत मांगने अथवा चुनाव संबंधी गतिविधियों के संचालन पर भी रोक लगाई गई है। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्रों के आसपास लाउडस्पीकर, मेगाफोन अथवा नारेबाजी जैसी गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है। मतदान दिवस के दौरान विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र अथवा उसके आसपास हथियार लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

निर्देश के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि 15 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे से 17 मई 2026 तक मतदान तथा परिणाम घोषित होने तक होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, शराब के ठेके अथवा किसी भी सार्वजनिक व निजी स्थान पर शराब, नशीला पेय या इसी प्रकार की अन्य नशीले मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण एवं परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# कार से 5 .16 ग्राम चिट्टे सहित दो दबोचे

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई (एसआईयू) ने बुधवार देर शाम कटोरी बंगला के समीप बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सैंट्रो कार से 5.16 ग्राम चिट्टा बरामद कर डल्हौजी निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गगन के नेतृत्व में एसआईयू टीम ने कटोरी बंगला क्षेत्र में नियमित नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान शाम करीब सवा पांच बजे पठानकोट की ओर से बनीखेत जा रही सैंट्रो कार को जांच के लिए रोका गया। कार में सवार दोनों युवक पुलिस को देखते ही घबरा गए और उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने लगीं। पुलिस ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 5.16 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों की पहचान 25 वर्षीय अमित कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी सदर बाजार डल्हौजी तथा 40 वर्षीय विजय कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी मोहल्ला लोहाली डल्हौजी जिला चम्बा के रूप में हुई है।



5.16 ग्राम चिट्टे सहित दबोचे आरोपी। अनंत ज्ञान

पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में लेकर मादक पदार्थ को कब्जे में ले लिया। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना चुवाड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है कि आखिर चिट्टा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी। एसआईयू टीम की इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर गगन, एचसी अवनीश सहित पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही। जिले में लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से यह साफ है कि चम्बा पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढील देने के मूड में नहीं है।

# एटीएम तोड़कर 98 हजार की क्षति, तेलका बाजार में युवक से मारपीट का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो गंभीर मामलों में कार्रवाई तेज कर दी है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और बाजार में खुलेआम मारपीट की घटनाओं ने लोगों में चिंता बढ़ा दी है, वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर के अंतर्गत एसबीआई सरोल शाखा के एटीएम में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। शाखा प्रबंधक विक्रांत कुमार की शिकायत पर विक्रम नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने एटीएम मशीन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे बैंक को करीब 98 हजार का नुकसान हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच में जुट गई है। वहीं, पुलिस थाना किहार के तहत तेलका बाजार में मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। शिकायतकर्ता नीलकमल कुमार ने आरोप लगाया कि गांव मुंडाई निवासी तिलक राज ने उसे रास्ते में रोककर इस बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया कि वह उसकी दुकान से सामान नहीं खरीदता। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और आरोपी ने कथित तौर पर मुक्कों व थप्पड़ों से हमला कर उसे घायल कर दिया।

घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक चंबा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। असामाजिक तत्वों और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# जीवन का हर क्षण इंसानियत व भक्ति को समर्पित हो: सतगुरु माता

अनंत ज्ञान

**चंबा।** संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा कैलाश की अध्यक्षता में भव्य सत्संग का आयोजन किया गया।

समालखा स्थित आध्यात्मिक स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा व निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में विशाल संत समागम संपन्न हुआ। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत इस दिव्य आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों का श्रवण कर आत्मिक शांति, आनंद और दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया। अपने आशीर्वचनों में सतगुरु माता सुदीक्षा ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेम-भक्ति का जीवंत उदाहरण रहा। उन्होंने प्रेरित किया कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने तथा हर व्यक्ति अपने व्यवहार और कर्मों से इंसानियत, करुणा और मानवीय मूल्यों का परिचय दे। उन्होंने कहा कि बाबा जी ने सदैव मानव को



अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। सतगुरु माता सुदीक्षा ने कहा कि यदि किसी के जीवन में दुख, पीड़ा या संघर्ष है तो हमारा दायित्व उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे कम करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्रेम, समर्पण और अपनत्व को मजबूत करे। यही सच्ची मानवता और बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं का वास्तविक सार है। उन्होंने आगे कहा कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के पश्चात जीवन केवल व्यक्तिगत सीमाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समस्त मानवता के कल्याण और सेवा का माध्यम बन जाता है। सच्ची सेवा दिखावे से दूर प्रेम, विनम्रता और निस्वार्थ भावना से परिपूर्ण होती है, जबकि वास्तविक भक्ति शब्दों से नहीं बल्कि व्यवहार, विचार और कर्मों में दिखाई देती है।

समागम के दौरान अमर संत अवनीत के समर्पित जीवन का उल्लेख करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा ने कहा कि सच्चा समर्पण वही है जिसमें सेवा का भाव केवल विचारों में नहीं बल्कि जीवन की प्राथमिकताओं और व्यवहार में भी स्पष्ट दिखाई दे। उन्होंने गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों के साथ संगत, सेवा और भक्ति को सर्वोपरि रखकर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान गीतकारों, कवियों और विचारकों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं के माध्यम से बाबा हरदेव सिंह के प्रेम, सेवा और मानवता के संदेश को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हर शब्द और हर स्वर श्रद्धालुओं के हृदय को भावविभोर करता दिखाई दिया।

# भटवाड़ा पंचायत में सरवन निर्विरोध प्रधान चुने

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत नवगठित ग्राम पंचायत भटवाड़ा में पंचायत चुनाव के दौरान एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश सामने आया। यहां सर्वसम्मति से सरवन कुमार को निर्विरोध प्रधान चुना गया। ग्रामीणों की आपसी सहमति व सामूहिक निर्णय से हुए इस चयन ने क्षेत्र में भाईचारे और एकता की मिसाल पेश की है। निर्विरोध प्रधान के चयन से पंचायत क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की सर्वसम्मति से पंचायत में आपसी सहयोग मजबूत होगा तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर लोगों ने संतोष व्यक्त किया। पंचायत के नागरिकों का मानना है कि सरवन कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के सुधार, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी।

# एक माह से बंद पड़ा कसरोडी मार्ग, पहाड़ी दरकने से दर्जनों गांवों की जिंदगी प्रभावित

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खुंदेल में 'कसरोडी' नामक स्थान पर पहाड़ी दरकने से भारी चट्टानें जनसंपर्क मार्ग पर आ गिरी हैं। इसके चलते मार्ग पिछले करीब एक माह से पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है।

मार्ग अवरुद्ध होने से क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बंद होने से दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य व खाने-पीने की आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए लंबा और जोखिम भरा रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार प्रशासन व संबंधित विभाग को समस्या से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक मार्ग बहाल नहीं हो पाया है। यह मार्ग केवल स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था का भी प्रमुख केंद्र माना जाता है।

इसी रास्ते से होकर हर वर्ष हजारों श्रद्धालु प्रसिद्ध मां गिरड माता मंदिर व चांजू माता मंदिर पहुंचते हैं, ऐसे में मार्ग बंद होने से श्रद्धालुओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि 'कसरोडी' नामक स्थान पर बंद पड़े मार्ग को युद्धस्तर पर बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में आवाजाही सामान्य हो पाए।

# दुख की घड़ी में बना सहारा: प्रदेश ग्रामीण बैंक ने सौंपी 2 लाख रुपए की बीमा सहायता



पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक लेख राज की पत्नी को आर्थिक सहायता देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की मसरूंड शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मृतक लेख राज निवासी गांव बन, डाकघर संधी, तहसील व जिला चंबा के नामांकित लाभार्थी उनकी पत्नी हिलो कुमारी को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। इस दौरान शाखा प्रबंधक जतिन बगलवान, सहायक प्रबंधक डेविड शर्मा तथा कार्यालय सहायक पारुल मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैंक अधिकारियों ने लाभार्थी परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए कठिन समय में बड़ा सहारा साबित हो रही हैं। बैंक प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी योजनाएं आम जनता, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आकस्मिक परिस्थितियों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी की। ग्रामीण क्षेत्र में बैंक द्वारा दी गई यह आर्थिक सहायता न केवल पीड़ित परिवार के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व को भी उजागर करती है।

# डीसी ने डलहौजी में नप चुनावों की तैयारियों का लिया जायजा



**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने डलहौजी का दौरा कर आगामी नगर परिषद चुनावों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों, स्ट्रांग रूम, काउंटिंग सेंटर तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली व पेयजल उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। डीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं तथा चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपमंडलाधिकारी नागरिक डलहौजी अनिल भारद्वावाज, तहसीलदार रमेश चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव के लिए चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित

# 388 अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय भरमौर में प्रथम चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी विकास शर्मा ने की।

प्रथम चरण के इस चुनावी पूर्वाभ्यास में कुल 388 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इनमें 88 पीठासीन अधिकारी, 263 मतदान अधिकारी व 37 रिजर्व स्टाफ शामिल रहे। इस दौरान चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों की विस्तृत व व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। एसडीएम ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं तथा निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी



अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण लेते हुए। अनंत ज्ञान

की भूमिका अत्यंत अहम होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण व रिहर्सल के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से ग्रहण करें तथा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, सजगता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया प्रात: 7 से सायं 3 बजे तक संपन्न करवाई जाएगी। पूर्वाभ्यास के दौरान मतदान केंद्रों पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, निर्वाचन सामग्री के प्रबंधन, मतदान की विधि तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एसडीएम ने बताया कि दूसरे चरण की चुनावी रिहर्सल 21 मई तथा तीसरे चरण का पूर्वाभ्यास 24 मई को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पर्यवेक्षक कुलवीर सिंह राणा, बीडीओ तविंदर कुमार सहित मतदान प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नप जोगिंद्रनगर चुनाव के मद्देनजर 17 मई को ड्राई-डे घोषित

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर चुनाव के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के तहत निर्वाचन क्षेत्र में ड्राई डे घोषित किया गया है।

इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंदर नगर मनीश चौधरी द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार नगर परिषद जोगिंद्रनगर के मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मई 2026 को सायं 8 बजे से लेकर 17 मई 2026 को मतदान समाप्ति तक शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण तथा परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इसके अतिरिक्त मतगणना दिवस 17 मई 2026 को भी ड्राई डे लागू रहेगा। अधिसूचना के तहत होटल, रेस्टोरेंट, बार, क्लब, ढाबा, कैटरिंग हाउस सहित सभी सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर शराब की बिक्री अथवा वितरण पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंदर नगर मनीश चौधरी ने बताया कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल काउंसिल एक्ट, 1994 की धारा 304-आर के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एक व्यक्ति का वोट दो जगह कैसे? संघणी पंचायत मतदाता विवाद पर हेमराज ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**सलूणी/चंबा।** चंबा जिला की सलूणी तहसील स्थित ग्राम पंचायत संघणी की मतदाता सूची को लेकर उठा विवाद अब गंभीर चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

वीरवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुराह भेड़ पालक एवं पशुधन संघ सलूणी के अध्यक्ष हेमराज चंदेल ने इस पूरे मामले पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। हेमराज चंदेल ने कहा कि पंचायत की मतदाता सूची में शामिल कुछ लोगों के वोट पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में भी दर्ज बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम दूसरे राज्य की मतदाता सूची में पहले से मौजूद है, तो ऐसे मामलों की गहन और पारदर्शी जांच होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों को सभी दस्तावेजों



एवं रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम या विवाद की स्थिति समाप्त हो सके।

हेमराज चंदेल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और यदि कहीं कोई त्रुटि या विसंगति सामने आती है, तो उसका समय रहते समाधान होना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग भी उठाई। फिलहाल यह मामला हाई कोर्ट तक पहुंच चुका है और अब आने वाला समय ही तय करेगा कि इस पूरे प्रकरण में क्या निर्णय सामने आता है।

# धनोटू में 3 लोगों ने नाम लिया वापस

**अनंत ज्ञान, महादेव।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आती 32 पंचायतों में पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को नाम वापस लेने वालों में केवल तीन ने ही अपनी दावेदारी छोड़ी यानि एक उप प्रधान देवेंद्र कुमार डोलधार पंचायत से तथा दो वार्ड सदस्यों ने अपने नाम वापिस लिए जिनमें चांबी पंचायत के वार्ड नं 2से ललित कुमार तथा पलाहोटा पंचायत के वार्ड नं 1नेरी से सपना ने अपने नाम वापिस लिए हैं। विकास खंड धनोटू जिसमें मतदाताओं की कुल संख्या 49703 है इसमें महिला मतदाताओं की कुल संख्या 24935 है जबकि पुरुष मतदाता 24768 हैं। इस प्रकार नाम दूसरे दिन यानि 15 मई को भी प्रात: 11 बजे से लेकर सांय 3 बजे तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे तदोपरांत चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। बहरहाल यह भविष्य तय करेगा कि मैदान में जो भी रहेंगे उनमें कितनों के हिस्से में जीत दर्ज होगी।

# कुनेड स्कूल का शर्मनाक परीक्षा परिणाम: 40 में से सिर्फ 8 विद्यार्थी पास, बच्चों के भविष्य पर मंडराया संकट

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम ने शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत आने वाले राजकीय विद्यालय कुनेड की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विद्यालय में दसवीं कक्षा के कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से मात्र 8 विद्यार्थी ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाए। बेहद खराब परिणाम ने न केवल विद्यार्थियों, बल्कि अभिभावकों की चिंता भी बढ़ा दी है। क्षेत्र में इस परिणाम को लेकर भारी निराशा व रोष का माहौल है। अभिभावकों का कहना है कि यदि समय रहते शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित समाजसेवी रोहित ठाकुर ने इस गंभीर मामले को उपायुक्त चंबा के समक्ष उठाते हुए एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग की कि परीक्षा में असफल विद्यार्थियों के लिए तुरंत अतिरिक्त कक्षाएं शुरू की जाएं, ताकि कमजोर छात्रों को दोबारा बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर नजर रखने के लिए प्रत्येक सप्ताह छोटे-छोटे टेस्ट आयोजित किए जाएं। साथ ही पंचायत व गांव स्तर पर रिटायर्ड शिक्षकों व वॉलिंटियर्स का सहयोग लेकर विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाए।

इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और शिक्षा का स्तर सुधर सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने मांग पत्र को तुरंत संबंधित विभाग को अग्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस चिंताजनक परिणाम से सबक लेते हुए विद्यालय की व्यवस्था सुधारने के लिए कितनी तेजी से कदम उठाता है, क्योंकि सवाल केवल परीक्षा परिणाम का नहीं बल्कि दर्जनों बच्चों के भविष्य का है।

# चंबा में निष्पक्ष चुनाव का संकल्प: हर चुनौती से निपटने को तैयार प्रशासन: अमित मेहरा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर जिला चंबा में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ चुका है। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रणनीति तैयार कर ली है।

एडीसी चंबा अमित मेहरा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की मसल पावर या मनी पावर को बिलकुल भी हावी नहीं होने दिया जाएगा। मीडिया से बातचीत करते हुए एडीसी अमित मेहरा ने कहा कि फिलहाल जिले में चुनावी माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण और सकारात्मक बना हुआ है तथा अभी तक मसल पावर या पैसों के बल पर चुनाव प्रभावित करने जैसे कोई मामले सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन और जनता दोनों के लिए सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार बैठा है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतदान और मतगणना तक हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को तुरंत रोका जा सके। एडीसी अमित मेहरा ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं तथा सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मतदाता बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। एडीसी अमित मेहरा ने दो टूक कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

**मैं, राकेश कुमार** (47 वर्ष) पुत्र श्री रतन चंद निवासी गांव सलांगड़ी डा.खा. नलेटी, तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री रितिका शर्मा मेरे नियंत्रण से बाहर और घर छोड़कर चली गई है। अत: मैं अपनी पुत्री रितिका शर्मा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**सबसे** उत्तम विजय प्रेम की है जो सदैव के लिए विजेताओं का हृदय बांध लेती है।

-सम्राट अशोक

## संपादकीय

# महंगाई और सादगी

अमेरिका-ईरान के बीच छिड़ी जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है और इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश में महंगाई लगातार बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं और जनता को आशंका है कि यदि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े तो हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं। पेट्रो पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। परिवहन महंगा होता है, खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ते हैं और जीवनयापन का पूरा ढांचा प्रभावित हो जाता है। यही कारण है कि देश में चिंता का माहौल बनता जा रहा है।

केंद्र की मोदी सरकार इस संकट से निपटने के लिए लगातार जनता से संयम और बचत की अपील कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देशवासियों से पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करने, सोना न खरीदने और विदेश यात्राओं को सीमित रखने जैसी कई अपीलें की थी। प्रधानमंत्री का कहना है कि वैश्विक संकट के इस दौर में देश को आत्मसंयम और आर्थिक अनुशासन की आवश्यकता है। अब उनकी इस अपील का असर सरकार और भाजपा शासित राज्यों में दिखाई देने लगा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने सुरक्षा काफिले में वाहनों की संख्या कम कर दी है। सामान्य तौर पर प्रधानमंत्री के काफिले में 14 से 17 गाड़ियां शामिल रहती हैं, जबकि सुरक्षा कारणों से यह संख्या कई बार 30 से 40 तक पहुंच जाती है लेकिन हाल ही में गुजरात और असम के दौरों के दौरान प्रधानमंत्री के काफिले में वाहनों की संख्या आधी कर दी गई। हालांकि सुरक्षा प्रोटोकॉल में किसी प्रकार की ढील नहीं दी गई। एसपीजी की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए केवल आवश्यक वाहनों को ही रखा गया।

प्रधानमंत्री के इस कदम के बाद कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपने काफिले छोटे करने शुरू कर दिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अपने सुरक्षा काफिलों में वाहनों की संख्या कम कर दी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, हिमाचल के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने भी अपने काफिलों को सीमित किया है। यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि सरकार केवल जनता से त्याग की अपेक्षा नहीं कर रही, बल्कि स्वयं भी सादगी अपनाने का प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री लगातार यह कह रहे हैं कि देश को आयातित वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी होगी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर साफ दिखाई दे रहा है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो भारत में भी पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और अन्य ईंधन पदार्थों की कीमतें बढ़ना लगभग तय माना जा रहा है।

हालांकि विपक्ष दल प्रधानमंत्री और सरकार के इन कदमों को राजनीतिक दिखावा करार दे रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि वर्षों तक बड़े-बड़े रोड शो, भारी सुरक्षा काफिले और आलीशान राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे। चुनावी दौर में हजारों वाहनों का उपयोग हुआ और अब अचानक सादगी का संदेश दिया जा रहा है। विपक्ष यह भी सवाल उठा रहा है कि यदि आर्थिक संकट की आशंका पहले से थी तो चुनावों के दौरान इतनी फिजूलखर्ची क्यों की गई।

इसके बावजूद यह भी सच है कि वैश्विक हालात तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिका-ईरान तनाव, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और तेल आपूर्ति में बाधा जैसी परिस्थितियां किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। भारत जैसे विशाल और विकासशील देश के लिए यह चुनौती और अधिक कठिन हो जाती है क्योंकि यहां बड़ी आबादी आज भी सीमित आय में जीवन यापन करती है। महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग पर पड़ता है।


ऐसे समय में केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। सरकार को जहां आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाना होगा, वहीं विपक्ष को भी रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। जनता को भी ऊर्जा संरक्षण, अनावश्यक खर्चों में कटौती और आत्मनिर्भरता की दिशा में सोचने की आवश्यकता है। यदि देश संकट के समय एकजुट होकर संयम और जिम्मेदारी से कार्य करे तो कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दी जाए। महंगाई और आर्थिक संकट केवल किसी एक दल या सरकार की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश की चुनौती है। यदि सरकार सादगी का संदेश देती है तो उसे व्यवहार में भी पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू करना होगा। साथ ही जनता को यह भरोसा दिलाना होगा कि संकट के इस दौर में सरकार उनके साथ खड़ी है। तभी देश आर्थिक चुनौतियों से मजबूती के साथ बाहर निकल पाएगा। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

# हिंदी सिनेमा की धड़कन

**माधुरी दीक्षित** हिंदी फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री और कुशल कथक नृत्यांगना हैं। उनका जन्म 15 मई 1967 को मुंबई में एक मराठी परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम शंकर दीक्षित तथा माता का नाम स्नेहलता दीक्षित था। बचपन से ही माधुरी पढ़ाई में अच्छी थीं और डॉक्टर बनने का सपना देखती थीं। बाद में उन्होंने चिकित्सक डॉ. श्रीराम नेने से विवाह किया।




माधुरी दीक्षित
जन्म : 15 मई, 1967

माधुरी दीक्षित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डिवाइन चाइल्ड हाई स्कूल से प्राप्त की और आगे यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई से स्नाक की पढ़ाई पूरी की। उन्हें बचपन से ही नृत्य में गहरी रुचि थी। उन्होंने आठ वर्ष की आयु से कथक नृत्य का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था। उनकी नृत्य कला और आकर्षक अभिव्यक्ति ने उन्हें हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शामिल कर दिया।

उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत वर्ष 1984 में फिल्म अबोध से की, लेकिन उन्हें वास्तविक पहचान तेजाब से मिली। इसके बाद उन्होंने राम लखन, दिल, बेटा साजन, खलनायक तथा हम आपके हैं कौन जैसी अनेक सफल फिल्मों में अभिनय किया।

माधुरी दीक्षित को उनके उत्कृष्ट अभिनय और भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए फिल्मफेयर अवार्ड्स, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सहायक अभिनेत्री, स्टार स्क्रीन तथा सिने अवार्ड्स जैसे अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए। वर्ष 2008 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। वे आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे प्रभावशाली और प्रेरणादायक अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। ■



कविता

## 'बस इक बारी परखो मिंजो'

मनीश चोणा 'मनु', मोहल्ला सपड़ी
चंबा टाउन (हि.प्र.)

**सारे** जरूरी दस्तावेज, तुम्हारे घरे-द्वारे पुजाआंगा।
जगह दसनी तुसां, नालियां डंगे मैं लुआंगा।
बुरे टैमे सबना का पहले, धाम बसक बाद बिच खांगा।
दफ्तरा दी चिंता नी करणी, कने तुम्हारा भाई जांगा।
सयानीयां मेरी ताई चाचियां, हम उम्र वालियां बहना बनांगा।
बचैया दा मैं प्यारा चाचा, मामा, बडेयां रा पुत्र कहांगा।
सारे जने पाओ मिंजों वोट, शराबा री मैं छबील लुआंगा।
भाइयों इक बारी परखो मिंजों, फिरी तुम्हारा मैं ढब चुकांगा।

# चुनाव के बाद बढ़ती महंगाई और जनता की परेशानियां

देश की जनता ने पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव का उत्सव खुशी-खुशी मना लिया और अपनी-अपनी विचारधारा की पार्टी सत्ता में आने पर आपस में मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार कर लिया। कोई मायूस हुआ तो कोई खुशी से नाचने लगा।



**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

चुनाव का यह उत्सव दोनों के लिए बहुत ही सुखद अनुभव का काल नहीं रहा। किसी के लिए जीत बहुत बड़ी जीत हो गई। किसी के लिए हार बहुत बड़ी हो गई। सबसे बड़ी जीत भाजपा को पश्चिम बंगाल में मिली और बहुमत की सरकार बन गई। चुनाव परिणाम के बाद की हिंसा भी देश-विदेश ने देखी। 2016 में जिस सुवेंदु अधिकारी को भारत के प्रधानमंत्री चुनाव के समय भ्रष्टाचारी कहते थक नहीं रहे थे आज वही सुवेंदु उनका बंगाल में प्रिय और देश में सबसे प्रिय मुख्यमंत्री भी बना गया। भ्रष्टाचार का कलंक जो उसके माथे पर था, परिवार पर था उसको भी मिटा दिया। इसी तरह से असम में सबसे भ्रष्टाचारी को दूसरी बार मुख्यमंत्री बना दिया है। यह भारत की जनता आज तक नहीं समझ पाई कि देश के प्रधानमंत्री जिन व्यक्तियों को चुनावी सभाओं में सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी कहते हैं उसी को अपने दल में शामिल करके अपनी आंखों का सुरमा बना लेते हैं। और प्रदेश के सबसे बड़े पद पर आसीन करके खुश होते हैं। जनता भी खुश कि उसके प्रदेश में भ्रष्टाचार की नई सावन की बहार आ गई है और सबके मन में ऐसा कयास उठने लगता है कि काश! मैंने भी भ्रष्टाचार किया होता तो आज मंत्री और विधायक होता। सत्ता के आंखों का तारा होता, परंतु यह महज सपना ही रह गया। वह ईमानदारी और गरीबी की चक्की में पिसकर केवल पांच किलो मुफ्त राशन पर जिंदा है, झूठे आश्वासन पर विकास की नाव में बैठकर। रेत की नदी पार करने का प्रयास करने लगा और नाव बीच धारा में डूबने लगी तो कोई बचाने वाला उसे नहीं मिला। और वह डूबता ही चला गया। केवल इस आश्वासन पर कि कोई बचा लेगा और नदी पार करवा देगा।

मार्च के महीने में जब चुनाव की घोषणा हो चुकी थी तो विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने देश की जनता के सामने यह बात रखी थी कि देश में महंगाई की बहुत बड़ी सुनामी आने वाली है। और सरकार को देश की जनता को महंगाई की सुनामी से बचाने के लिए संसद का विशेष अधिवेशन बुलाकर चर्चा करनी चाहिए कि सरकार देश के हित को कैसे सुरक्षित रखेगी और महंगाई से कैसे देश की जनता को राहत पहुंचाएगी। इस पर बहस होनी चाहिए, परंतु सरकार ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया और




महंगाई पर चर्चा न करके बीच चुनाव में नारी शक्ति वंदन विधेयक को पास करने का कुचक्र और क्रप्रयास प्रयास किया, जिसके परिणाम स्वरूप संविधान संशोधन विधेयक पास नहीं हो सका। और चुनावी लाभ के लिए प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन का झूठा आरोप विपक्ष पर लगाकर जनता को भ्रमित करने का काम किया कि विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल को पास नहीं किया और वह महिला विरोधी है। बंगाल का चुनाव समाप्त हो गया। चुनाव के समय कोई भी दल महंगाई का नाम नहीं लेता। बोला एक दल एम और एच सनातन तथा एम वाई की बात होती रही।

चुनाव के बाद महंगाई बढ़ती है। देश की जनता यह जानती है कि जब-जब भी देश में चुनाव हुआ है महंगाई बढ़ी है। पांच राज्यों के चुनाव के समय भी विपक्ष ने बार-बार कहा कि मतगणना के बाद देश में महंगाई बहुत तेजी से बढ़ेगी। ऊर्जा के मूल्य बढ़ने के कारण खाद्यान्न, यात्रा और हवाई यात्रा सब महंगे हो जाएंगे, परंतु चुनाव के समय जनता ने ध्यान नहीं दिया। सत्ता पक्ष लगातार यह कहता रहा कि यह अफवाह है और देश में डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त भंडार है।

जैसे ही चुनाव खत्म हुआ, होटलों में प्रयोग होने वाले एलपीजी सिलेंडरों के दामों में भारी वृद्धि हो गई। यही महंगाई की शुरुआत थी। चुनाव के समय जनता को योजनाओं और मुफ्त सुविधाओं का लालच दिया जाता है, जिसके कारण वह सत्ता के पक्ष में मतदान करती है, लेकिन चुनाव के बाद जब महंगाई की मार पड़ती है तो जनता मौन होकर सब सहन करती रहती है।

बिहार में नौकरी की मांग को लेकर युवा आंदोलन कर रहे हैं। उन पर लाठीचार्ज हुआ और हजारों युवाओं पर एफआईआर दर्ज हुई। बेरोजगारी और महंगाई ने युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। जनता ने चुनाव में सत्ता को समर्थन तो दिया, लेकिन अब वही जनता रोजगार और राहत के लिए संघर्ष कर रही है।

आज खुदरा महंगाई लगातार बढ़ रही है। मध्य पूर्व एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका-इसराइल के संघर्ष के कारण तेल और गैस की कीमतों पर असर पड़ा है। भारत ईंधन आयात पर निर्भर है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय संकट का प्रभाव सीधे देश की जनता पर पड़ता है। कमजोर मानसून की आशंका से कृषि उत्पादन घट सकता है, जिससे टमाटर, प्याज, आलू और अन्य खाद्य पदार्थ महंगे हो जाएंगे। रेल, बस और हवाई यात्रा भी महंगी होगी।

चुनाव के बाद कोई भी दल महंगाई पर गंभीर चर्चा नहीं करता। सत्ता पाने के बाद जनता की समस्याएं पीछे छूट जाती हैं। चुनावी खर्च लगातार बढ़ रहा है और उसका बोझ अंततः जनता पर ही पड़ता है। आवश्यकता इस बात की है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार हो, चुनावी खर्च सीमित किया जाए और जनता को सही भोजन, शिक्षा तथा चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक, बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य पर संकट

प्रतियोगी परीक्षाओं से पूर्व प्रश्न पत्रों का लीक होना लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। देशभर में प्रश्न पत्र लीक करने वाले माफिया कई वर्षों से सक्रिय हैं, इस बात को नकारा नहीं जा सकता। आज सवाल यह उठता है कि आखिर कौन-सी परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रही है जिससे युवाओं का आत्मविश्वास बना रह सके।



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को देशभर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में नीट परीक्षा आयोजित करवाई थी। इस परीक्षा में लगभग 22 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया, लेकिन परीक्षा से जुड़े प्रश्न पत्र राजस्थान में लीक होने की खबरों ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। एनटीए को परीक्षा रद्द करनी पड़ी और संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू की गई। लाखों रुपये खर्च कर कोचिंग लेने वाले छात्रों को गहरी निराशा हाथ लगी। देश में प्रश्न पत्र खरीदने, बेचने और हल करवाने वाले गिरोह शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर रहे हैं। नीट यूजी पेपर लीक मामले ने हिमाचल प्रदेश में पहले हुए कई भर्ती घोटालों की याद ताजा कर दी। पुलिस कांस्टेबल भर्ती, जेओए-आईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में हुए फर्जीवाड़ों ने साबित कर दिया कि सरकारी नौकरी और मेडिकल सीटें पैसे के दम पर खरीदी जा रही हैं। वर्ष 2004 और 2006 में मेडिकल प्रवेश परीक्षा पेपर लीक का मामला उत्तर भारत के बड़े घोटालों में शामिल रहा। कई कोचिंग सेंटर जांच के घेरे में आए और अनेक लोगों पर आरोप पत्र दायर हुए।

आरोप था कि कुछ प्रभावशाली लोगों को परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र उपलब्ध करवा दिए गए थे। देशभर में आरक्षण को लेकर बहस होती रही है, लेकिन दूसरी ओर कुछ रसूखदार परिवार और राजनेताओं के करीबी लाखों रुपये देकर सीटें खरीदते रहे




हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान मेहनत करने वाले गरीब और प्रतिभाशाली छात्रों को उठाना पड़ता है।

बढ़ती बेरोजगारी शिक्षित युवाओं को दीमक की तरह चाट रही है। जनसंख्या के अनुपात में रोजगार के अवसर पैदा नहीं हो पा रहे, जिसके कारण युवा अपने लक्ष्यों से भटकते जा रहे हैं। युवा देश की रीढ़ होते हैं, जिन्हें राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है, लेकिन आज की शिक्षा व्यवस्था उन्हें सही दिशा देने में असफल साबित हो रही है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि आजीविका से जुड़ना और समाज के प्रति जिम्मेदार बनना भी है।

आज का युवा किताबों तक सीमित होकर खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से दूर होता जा रहा है। बेरोजगारी और निराशा के कारण कई युवा नशे की गिरफ्त में फंस रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा, चरस और अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार तेजी से बढ़ा है, जिसमें युवाओं के साथ महिलाएं और स्कूली छात्र तक शामिल पाए जा रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। राजनीतिक दल चुनावों के समय बेरोजगारी खत्म करने के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद युवा फिर उपेक्षा का शिकार हो जाते हैं।

सरकारें बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाएं तो चलाती हैं, परंतु सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया धीमी रहती है। युवा सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा में वर्षों तक संघर्ष करते रहते हैं। कई युवा रोजगार की तलाश में विदेशों का रुख कर रहे हैं, जहां फर्जी ट्रेवल एजेंट उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं।

सरकारों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी। प्रश्न पत्र लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही खाली पदों को भरकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, तभी युवाओं का भविष्य सुरक्षित और देश मजबूत बन सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस : मजबूत परिवार, सशक्त समाज की आधारशिला

हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य परिवार संस्था के महत्व को रेखांकित करना तथा समाज में परिवार की भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है।



**प्रो. मनोज डोगरा**
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1993 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी और 1994 से इसे विश्वभर में मनाया जा रहा है। आधुनिक समय में जब जीवनशैली तेजी से बदल रही है, परिवारों के सामने नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे समय में यह दिवस हमें परिवार के महत्व, उसकी जिम्मेदारियों और सामाजिक योगदान की याद दिलाता है। परिवार किसी भी व्यक्ति के जीवन की पहली पाठशाला होता है। एक बच्चा सबसे पहले परिवार से ही संस्कार, अनुशासन, प्रेम, सहयोग और नैतिकता सीखता है। माता-पिता, दादा-दादी तथा अन्य सदस्य मिलकर बच्चे के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। यदि परिवार मजबूत होगा तो समाज भी मजबूत बनेगा। यही कारण है कि परिवार को समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई माना जाता है। भारतीय संस्कृति में परिवार व्यवस्था को सदैव विशेष महत्व दिया गया है। संयुक्त परिवार की परंपरा भारत की पहचान रही है, जहां कई पीढ़ियां एक साथ रहकर सुख-दुख बांटती थीं। परिवार में बुजुर्गों का अनुभव, युवाओं की ऊर्जा और बच्चों की मासूमियत मिलकर जीवन को संतुलित बनाती थी। हालांकि बदलती जीवनशैली, शहरीकरण और रोजगार के कारण अब संयुक्त परिवारों की संख्या कम होती जा रही है और एकल परिवारों का चलन बढ़ रहा है। इससे परिवारों के बीच भावनात्मक दूरी भी बढ़ने लगी है।

आज के दौर में परिवार कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है। आर्थिक दबाव, व्यस्त जीवनशैली, मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत, आपसी संवाद की कमी तथा बदलती सामाजिक सोच ने




पारिवारिक संबंधों को प्रभावित किया है। पहले परिवार के सदस्य एक साथ बैठकर समय बिताते थे, लेकिन अब अधिकतर लोग मोबाइल और इंटरनेट में व्यस्त रहते हैं। इससे आपसी प्रेम और संवाद में कमी देखने को मिल रही है। कई बार छोटी-छोटी बातों पर विवाद बढ़ जाते हैं और परिवार टूटने की स्थिति तक पहुंच जाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि परिवारों में बढ़ती दूरियों का असर बच्चों और युवाओं पर भी पड़ रहा है। जिन बच्चों को परिवार का पर्याप्त समय और स्नेह नहीं मिल पाता, वे मानसिक तनाव, अकेलेपन और गलत आदतों की ओर बढ़ सकते हैं। समाज में बढ़ते अपराध, नशाखोरी और अवसाद जैसी समस्याओं का एक कारण पारिवारिक विघटन भी माना जा रहा है। इसलिए परिवारों को मजबूत बनाए रखना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमें यह संदेश देता है कि परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और सहयोग का बंधन है। परिवार में यदि प्रेम और सम्मान बना रहे तो हर कठिनाई का सामना आसानी से किया जा सकता है। परिवार के सदस्य एक-दूसरे की भावनाओं को समझें, साथ बैठकर बातचीत करें और समस्याओं का समाधान मिलकर खोजें, तभी परिवार मजबूत रह सकता है।

बुजुर्गों का सम्मान भी परिवार की मजबूती के लिए आवश्यक है। आज कई वृद्धजन अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं। उन्हें परिवार के साथ समय बिताने और सम्मान देने की आवश्यकता है। बुजुर्ग परिवार की धरोहर होते हैं, जिनके अनुभव से नई पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। वहीं बच्चों को भी अच्छे संस्कार और नैतिक शिक्षा देना परिवार की जिम्मेदारी है।

सरकार और समाज को भी परिवार संस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कार्यस्थलों पर ऐसी नीतियाँ बननी चाहिए जिससे लोग अपने परिवार को पर्याप्त समय दे सकें। सामाजिक संगठनों को भी परिवार परामर्श और जागरूकता कार्य, म चलाने चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नकद के बदले सर्वसम्मति : पंचायत प्रोत्साहन योजना लोकतंत्र से धोखा

पंचायतीराज संस्थाओं में ग्राम पंचायत चुनावों से पहले हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए उन ग्राम पंचायतों के लिए 25 लाख रुपए का विशेष पैकेज घोषित किया है जो सर्वसम्मति से अपने नेताओं का चुनाव करेंगी। इसे सद्भाव, सामाजिक एकता और कुशल शासन के लिए प्रोत्साहन बताकर प्रस्तुत किया गया है, लेकिन यह नीति स्थानीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। यह चुनावों के लोकतांत्रिक सार को मूल रूप से कमजोर करने वाला कदम है। यह मतदाता की स्वतंत्र पसंद को एक प्रकार के लेन-देन में बदल देती है, जहां विकास के नाम पर लोकतांत्रिक अधिकारों का मौन सौदा होने लगता है।



**डॉ. दीपक ठाकुर**
अधिवक्ता, गांव बड़सू, तहसील बल्ह
जिला मंडी (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकतंत्र केवल विजेता चुनने का नाम नहीं है। यह विचारों की खुली प्रतिस्पर्धा, उम्मीदवारों की सार्वजनिक जांच और प्रतिस्पर्धी मतदान के माध्यम से जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है। चुनाव का असली अर्थ यही है कि जनता विभिन्न उम्मीदवारों की योग्यता, कार्यशैली और दृष्टिकोण का मूल्यांकन करे और फिर अपने मताधिकार का प्रयोग करे। सर्वसम्मति से चुनाव, जो अक्सर गांव की बैठकों, सामाजिक दबावों या प्रभावशाली वर्गों की सहमति से तय होते हैं, इस महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा को दरकिनार कर देते हैं। जो 'सर्वसम्मति' बाहर से शांतिपूर्ण दिखाई देती है, वह कई बार भीतर से असहमति के दमन का रूप ले लेती है।

ग्रामीण समाज में पहले से ही सामाजिक और आर्थिक असमानताएं मौजूद हैं। ऐसे में महिलाओं, युवाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य हाशिए पर खड़े समूहों की आवाजें अक्सर दबा दी जाती हैं। गांवों में प्रभावशाली परिवार या समूह विकास पैकेज का हवाला देकर कमजोर वर्गों को चुप रहने के लिए मजबूर कर सकते हैं। परिणाम यह होगा कि चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक भागीदारी के बजाय केवल




औपचारिकता बनकर रह जाएगी। हिमाचल प्रदेश के विविध ग्रामीण इलाकों में वास्तविक चुनाव जल संकट, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं को सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं। खुली प्रतिस्पर्धा से उम्मीदवार जनता के बीच जाकर जवाब देते हैं और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा होती है लेकिन बिना चुनाव के चुने गए प्रतिनिधि जनता के प्रति उतने जवाबदेह नहीं रह जाते। यह पहली बार नहीं है जब ऐसी योजना लाई गई हो। देश के अन्य राज्यों जैसे केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी सर्वसम्मति आधारित पंचायत चुनावों को प्रोत्साहन देने के प्रयास हुए हैं, लेकिन निर्वाचन आयोग और कई संवैधानिक विशेषज्ञों ने ऐसी योजनाओं की आलोचना की है। उनका मानना है कि इस प्रकार के आर्थिक प्रलोभन स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के विरुद्ध हैं।

अदालतों ने भी समय-समय पर हस्तक्षेप करते हुए यह स्पष्ट किया है कि लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। यदि विकास निधि को चुनावी सहमति से जोड़ा जाएगा तो यह लोकतांत्रिक जनादेश को प्रभावित करने का माध्यम बन सकता है। हिमाचल में भी इस योजना से वही खतरा उत्पन्न हो सकता है। लोकतंत्र में असहमति कोई कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। प्रतिस्पर्धी चुनाव ही सक्षम और जवाबदेह नेतृत्व तैयार करते हैं। हिमाचल प्रदेश की जनता हमेशा से अपनी जागरूकता और लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए जानी जाती रही है। यहां के लोगों ने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। इसलिए आवश्यक है कि ग्रामीण समाज इस प्रकार के प्रलोभनों को समझे और लोकतंत्र की वास्तविक भावना को बनाए रखे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जंजैहली में 150 पेटी शराब के साथ युवक काबू

अनंत ज्ञान, गोहर। पुलिस थाना जंजैहली की टीम ने जरोल क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक महिंद्रा पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर सुंदरनगर निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें कुल 150 पेटियां शराब पाई गईं। इनमें 100 पेटियां बीआरजी संतरा, 30 पेटियां ऊना नंबर-1 तथा 20 पेटियां रॉयल स्टैग शराब शामिल हैं। जांच के दौरान 30 पेटियां ऊना नंबर-1 बिना वैध परमिट और लाइसेंस के पाई गईं। पुलिस ने आरोपी दिनेश्वर दत्त निवासी गांव धार, वार्ड नंबर-2, डाकघर रोहांडा, तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पंचायत चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी और नाकाबंदी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### 75 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, गोहर। चैलचौक के समीप चौंगाण क्षेत्र में गोहर पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 75 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान लक्ष्य (19) पुत्र निवासी काफलू के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक चौंगाण क्षेत्र में पैदल जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 75 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि विनोद कुमार ने की है। गोहर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार में संलिप्त गिरोह और चरस के तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की रडार पर दर्जनों संदिग्ध और कथित मास्टरमाइंड हैं, जिन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आने वाले दिनों में इस अभियान को और तेज किया जाएगा।

### बन कोटला में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। धर्मपुर के साथ लगते जोगेंद्रनगर उपमंडल की लांगना पंचायत के बन कोटला गांव में वीरवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका पाए जाने से सनसनी फैल गई। शव के पास एक जोड़ी हवाई चप्पल थी।थाना प्रभारी जोगेंद्र नगर सकिनी कपूर की अगुआई में पहुंची पुलिस की टीम की मौजूदगी में रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा गया।जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की शिनाख्त दलेर सिंह (37) पुत्र जय सिंह निवासी बन कोटला डाकघर लांगना के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दलेर सिंह की शादी बिहार से हुई थी और वह अपने बीवी बच्चों के साथ फगवाड़ा में रहता था। वह कई कई साल बाद घर आता था। थाना प्रभारी जोगेंद्रनगर सकिनी कपूर के अनुसार मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लगता है। जांच आरंभ कर दी गई है।पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बिजली बिल कलेक्शन काउंटर रहेंगे बंद

अनंत ज्ञान, रिवालसर। विद्युत उपमंडल रिवालसर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में मई माह के दौरान लगने वाले बिजली बिल कलेक्शन काउंटर पंचायत चुनावों के चलते बंद रहेंगे। विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी पंचायत चुनाव में लगाए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। सहायक अभियन्ता ई. चिंतन प्रकाश ने बताया कि 21 मई को कोठी, 22 मई को फ्लेहड़ा, 23 मई को लेढ़ा, 25 मई को कोठीगहरी तथा 28 मई को हल्यातर में आयोजित होने वाले बिल कलेक्शन काउंटर बंद रहेंगे। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मई के बिजली बिल का भुगतान उपभोक्ता विद्युत उप-मण्डल रिवालसर कार्यालय में आकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से समय पर करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### पनारसा कॉलेज में अंतराष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय महाविद्यालय पनारसा में 7 दिवसीय 'प्रमोटिंग एजुकेशन थ्रू प्रोटेक्टिंग हैरिटेज' कार्यशाला का ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला हैरिटेज फ्राउंडेशन जलगांव महाराष्ट्र और राजकीय महाविद्यालय पनारसा के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हो रही है। इसमें हैरिटेज फ्राउंडेशन जलगांव महाराष्ट्र से दो स्रोत विद भुजंग रामा राव बोवडे एवं उषा बोवडे परिसर में ऑफलाइन माध्यम से सहभागिता करेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य देशों श्रीलंका, बांग्लादेश, इंग्लैंड, थाईलैंड दक्षिण कोरिया तथा ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों से प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों तथा परंपराओं के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

# 6 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

## पुंघ में नाकाबंदी के दौरान सुंदरनगर पुलिस की टीम को मिली सफलता

अनंत ज्ञान




पुंघ में नाकाबंदी के दौरान सुंदरनगर पुलिस की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

सुंदरनगर। किरतपुर-मनाली फोरलेन पर वीरवार को पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने पुंघ क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक कार से 6 ग्राम चिट्टा बरामद कर मंडी के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम पुंघ क्षेत्र में वाहनों की नियमित जांच कर रही थी।

इसी दौरान बिलासपुर की ओर से सुंदरनगर आ रही कार नंबर एचपी-82ए-0373 को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान कार के फुटमैट के नीचे छिपाकर रखा गया 6 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही कार में सवार दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान कशिश (32) पुत्र रोशन निवासी गांव दरबाथू डाकघर लोहारा तहसील बल्ह जिला मंडी तथा रतुल (24) पुत्र अनूप ठाकुर निवासी गांव दाण डाकघर बग्गी तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नशे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

# मंडी में 20 बेसहारा गोवंश को पकड़कर सुरक्षित नालागढ़ काऊ सेंक्चुरी भेजा

अनंत ज्ञान




बेसहारा गोवंश को सुरक्षित नालागढ़ गौ अभयारण्य भेजते एमसी मंडी के कर्मचारी।

ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी ने शहर में बढ़ती बेसहारा गोवंश की समस्या को लेकर विशेष अभियान चलाते हुए सौलीखड्ड, भ्यूली, पुलघराट, पड्डल, बैहना, गुटकर और दौंधी क्षेत्र से 20 बेसहारा गोवंश को पकड़कर सुरक्षित रूप से नालागढ़ स्थित गौ अभयारण्य भेज दिया। नगर आयुक्त के दिशा-निर्देश पर नगर निगम की टीम ने पशुपालन विभाग के सहयोग से यह कार्रवाई अमल में लाई।

अभियान के दौरान पकड़े गए गोवंश को दो ट्रकों में मिट्टी सुरक्षित तरीके से रखा गया। पशुपालन विभाग की टीम ने सभी गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उनकी टैगिंग भी की। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा था। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखे जाएंगे और बेसहारा गोवंश को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया नियमित रूप से जारी रहेगी।

# एनएच प्रभावितों ने रियूर-बनाल में दो घंटे हाईवे पर किया चक्का जाम

## माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने किया नेतृत्व, विधायक पर लगाए गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। धर्मपुर क्षेत्र की बनाल पंचायत के रियूर में निर्माणाधीन नेशनल हाईवे-003 से प्रभावित परिवारों ने वीरवार को करीब दो घंटे तक हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। प्रभावितों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से करीब डेढ़ दर्जन

**प्रशासन की मौजूदगी में कंपनी से लिखित समझौता**

मकानों पर खतरा मंडरा रहा है, लेकिन प्रशासन और कंपनी उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। ग्रामीणों ने हिमाचल किसान सभा के बैनर तले पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में रियूर और बनाल में सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। बाद में प्रशासन की मौजूदगी में कंपनी प्रबंधन के साथ लिखित समझौता हुआ, जिसमें लंबित कार्य 17 जून तक पूरा करने पर सहमति बनी। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एनएच कटिंग के कारण पिछली बरसात में कई मकानों को नुकसान पहुंचा था। प्रशासन ने सुरक्षा दीवारें लगाने और रास्ते बहाल करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कंपनी ने अब तक काम नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी ने जगह-जगह अवैध डंपिंग की है तथा पारंपरिक रास्ते और पेयजल स्रोत भी क्षतिग्रस्त किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रियूर, खड़ेला, तपवालका और बनाल गांव के कई परिवारों के मकानों पर खतरा बना हुआ है। बरसात से पहले सुरक्षा कार्य पूरे न होने से लोगों में डर का माहौल है।




हाईवे पर चक्का जाम कर बैठे ग्रामीण व किसान सभा के पदाधिकारी।

### कंपनी ने विधायक का मुंह बंद किया: भूपेंद्र

भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण और डंगे लगाने का ठेका विधायक समर्थित स्थानीय ठेकेदार को मिलने के बाद विधायक भी चुप हैं। प्रदर्शन में किसान सभा के बाला राम, करतार सिंह चौहान, दिनेश कुमार काकू, अनिल कुमार, मान सिंह, बालम राम, बक्शी राम और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसडीएम बोले-17 जून तक दी डेडलाइन

एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि किसान सभा और कंपनी के बीच तहसीलदार सुरेंद्र कुमार की मौजूदगी में लिखित समझौता हुआ है। कंपनी को सुरक्षा दीवारें लगाने और प्रभावित घरों को सुरक्षित करने के लिए 17 जून तक का समय दिया गया है।

# नगर निगम मंडी चुनाव: आज दोपहर 3 बजे से थमेगा प्रचार

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अधिसूचना जारी कर नगर निगम मंडी क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से पूर्व 48 घंटे की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं, जुलूसों तथा विभिन्न चुनाव प्रचार गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 24(2) के तहत कोई भी व्यक्ति चुनाव के संबंध में किसी सार्वजनिक सभा या जुलूस का आयोजन, संचालन अथवा उसमें भाग नहीं ले सकेगा।

**सार्वजनिक सभाओं, जुलूसों और चुनाव प्रचार गतिविधियों पर रहेगी रोक**

इसके अतिरिक्त सिनेमेटोग्राफी, टेलीविजन अथवा अन्य समान माध्यमों से चुनाव प्रचार, संगीत कार्यक्रम, नाट्य प्रदर्शन या किसी भी प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित कर चुनाव प्रचार करने पर भी रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम मंडी चुनाव के लिए मतदान 17 मई को निर्धारित है। ऐसे में यह प्रतिबंध 48 घंटों के लिए मतदान समाप्ति के निर्धारित समय तक, अर्थात 15 मई दोपहर 3 बजे से 17 मई दोपहर 3 बजे तक नगर निगम मंडी की क्षेत्राधिकार सीमा में प्रभावी रहेगा। उन्होंने इन आदेशों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर एसडीएम मंडी सदर और एसडीएम बल्ह को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 तथा अन्य लागू कानूनों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गौर रहे कि अभी सभी प्रत्याशी जनसभाओं के अलावा अपने समर्थकों के साथ लोगों के घरों में जाकर संपर्क साध रहे हैं, लेकिन 15 मई दोपहर बाद से केवल डोर टू डोर प्रचार ही कर पाएंगे। इसके अलावा कोई बड़ी चुनावी सभा नहीं कर पाएंगे।

# सरकाघाट का सबसे बड़ा वार्ड विकास में पिछड़ा

## रामनगर में सरकारी संस्थान होने के बावजूद वर्षों से ठप पड़े हैं विकास कार्य

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। नगर परिषद सरकाघाट के सबसे बड़े वार्ड नंबर-2 रामनगर में करीब 300 घरों के अलावा संयुक्त कार्यालय भवन, न्यायिक न्यायालय, पुलिस थाना, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, स्कूल, पार्किंग, बीडीओ कार्यालय, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग सहित कई सरकारी कार्यालय स्थित हैं। इतने महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों के बावजूद यह वार्ड विकास कार्यों के मामले में नगर परिषद के अन्य छह वार्डों की तुलना में सबसे अधिक पिछड़ा हुआ है।

वार्ड में न तो सीवरेज की समुचित सुविधा उपलब्ध है और न ही खड्ड का चैनलाइजेशन हो पाया है। सड़कें और रास्ते बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। पानी की निकासी के लिए बनी नालियां भी अधूरी और जर्जर हैं, जबकि अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इन समस्याओं के कारण सैकड़ों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इन समस्याओं को लेकर एमसी चेयरमैन से लेकर एसडीएम और विधायक तक को कई बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर वार्ड की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि जुलाई-अगस्त में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान वार्ड की खड्ड के किनारे स्थित सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि बह गई थी। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक घरों और एक प्राइमरी स्कूल भवन पर भी खतरा मंडरा रहा है।करीब 30 वर्षों से कछुआ गति से चल रहा सीवरेज निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है। लगभग 200 घरों में से केवल 30 घरों को ही सीवरेज सुविधा से जोड़ा गया है। सरकाघाट से रामनगर लाका तक सड़क किनारे हुए अवैध निर्माणों के कारण सड़क बेहद संकरी हो चुकी है। स्थिति यह है कि किसी के बीमार होने पर एंबुलेंस तक घरों तक नहीं पहुंच पाती और आगजनी जैसी घटना होने पर दमकल विभाग की गाड़ी के पहुंचने में भी दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़कें उखड़ चुकी हैं और नालियों का पक्कीकरण न होने के कारण घरों और बारिश का पानी सड़कों पर बहता रहता है। अधिकतर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं।

### पद से हटने के बाद भी बोर्ड पर लिखा है 'अध्यक्ष'




रामनगर वार्ड की पूर्व एमसी अध्यक्ष अनूप कुमारी पर लोगों ने सवाल उठाए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पद से हटाए जाने के बावजूद आज भी उनके घर के बाहर सड़क पर लगे साइन बोर्ड पर 'अध्यक्ष' लिखा हुआ है, जबकि वहां 'पूर्व अध्यक्ष' लिखा जाना चाहिए। लोगों का आरोप है कि कार्यकाल के दौरान वार्ड में विकास कार्य नहीं हुए और अब भी खुद को अध्यक्ष लिखकर लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बोर्ड को सही करवाने की मांग की है।

### कुछ टेंडर आचार संहिता के कारण पड़े हैं लंबित : ईओ

सरकाघाट नगर परिषद के ईओ एवं तहसीलदार मनीष कुमार ने कहा कि रामनगर वार्ड के विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं, जबकि कुछ टेंडर आचार संहिता के कारण लंबित हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चुनाव के बाद वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा।

### किरण कुमारी बनीं नर्सिंग ऑफिसर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश की बेटी किरण कुमारी ने देश की प्रतिष्ठित नर्सिंग भर्ती परीक्षा एनओआरसीईटी-10 उत्तीर्ण कर अखिल भारतीय रैंक 2280 हासिल की है। इस सफलता के साथ उनका चयन समूह-बी पद नर्सिंग अधिकारी के लिए हुआ है। किरण कुमारी साधारण परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता राज कुमार और माता लाज्या देवी हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा सहित दसवीं और बारहवीं तक की पढ़ाई सरकारी विद्यालय से पूरी की। इसके बाद उन्होंने जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त की। सीमित संसाधनों के बावजूद किरण ने मेहनत और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। किरण कुमारी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और निरंतर परिश्रम को दिया है। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



# नौलखा-छातर-साईं सड़क की बदहाली से लोगों में भारी रोष

## गड्ढों और टूटी सड़क ने बढ़ाई परेशानी, बारिश से टूटा डंगा अब तक नहीं हुआ दुरुस्त

अनंत ज्ञान

महेंद्र सिंह राणा, भौर। नौलखा-छातर-साईं सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति ने क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ा दी हैं। नौलखा से छातर गांव की ओर जाने वाली वाहन चालकों और स्थानीय ग्रामीणों को उखड़ी हुई सड़क तथा जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कई स्थानों पर वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान सड़क का डंगा क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली। लोगों ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग और प्रशासन की लापरवाही के चलते यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।




नौलखा-छातर-साईं सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क की हालत खराब होने से स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उनका कहना है कि सड़क पर पानी की निकासी की भी उचित व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने बताया कि सड़क किनारे उचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात का पानी कई बार लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ प्रदूषण की समस्या भी बढ़ रही है।

मौसम विभाग द्वारा इस बार सामान्य से अधिक बारिश की संभावना जताए जाने के बाद स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त नहीं किया गया तो बरसात के दौरान हालात और भी खराब हो सकते हैं। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को न तो प्रशासन गंभीरता से ले रहा है और न ही जनप्रतिनिधि उनकी सुध ले रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि नौलखा-छातर-साईं सड़क की मरम्मत और सुरक्षा कार्यों के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# बीएसएल स्कूल सुंदरनगर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान



महादेव। बीबीएमबी प्रशासन द्वारा संचालित राजकीय बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक पा तय उच्च पाठशाला सुंदरनगर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विज्ञान एवं कला संकाय में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विज्ञान संकाय में सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जिसमें प्रतीक ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अंशिता ने द्वितीय तथा रिशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कला संकाय में भी सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा। कनिष्का ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मृदुल ठाकुर ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनजीत सिंह ने इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त अध्यापक वर्ग को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

**स्वास्थ्य** योग, ध्यान और प्राकृतिक भोजन से रोगों से लड़ने के लिए सक्षम बनेगा शरीर

# प्राकृतिक आहार से रह सकते हैं निरोग: आनंदी

अनंत ज्ञान



राजेंद्र कुमार, जयदेवी। गांव जयदेवी के निकट द्रमण स्थित दिव्याशीष परम सुख आश्रम (एडवांस न्यू डाइट सिस्टम) में आयोजित स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक जीवनशैली शिविर के दौरान आनंदी मां ने कहा कि दैनिक दिनचर्या, प्राकृतिक भोजन, योग और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अनेक असाध्य रोगों पर भी विजय प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों का बदलता खानपान और अव्यवस्थित जीवन शरीर को धीरे-धीरे विषाक्त बना रहा है, जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म ले रही हैं। यदि व्यक्ति प्रकृति द्वारा प्रदत्त आहार को प्राकृतिक रूप में ग्रहण करे तो शरीर में विषैले तत्व एकत्रित नहीं होंगे और शरीर रोगों से दूर रहेगा। उन्होंने बताया कि आश्रम में देश-विदेश से लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर स्वयं को बेहतर महसूस करते हैं। हालांकि आश्रम किसी भी प्रकार के रोगमुक्ति का दावा नहीं करता, लेकिन प्राकृतिक आहार, योग, ध्यान और सत्संग के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते हैं। आनंदी मां ने बताया कि आश्रम में आग रहित रसोईघर की व्यवस्था है, जहां भोजन को पकाया नहीं जाता। शिविर में शामिल साधकों को फल, सब्जियां और प्राकृतिक जूस दिए जाते हैं। उनका कहना है कि प्रकृति ने जिस रूप में भोजन मनुष्य को प्रदान किया है, उसी रूप में उसका सेवन शरीर के लिए अधिक लाभकारी होता है।

आश्रम में कैंसर, किडनी, पेट तथा ऑटोइम्यून रोगों से पीड़ित कई लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इनमें मध्यप्रदेश की पूजा मिश्रा, मुजफ्फरपुर के सचिन राठी, उड़ीसा के रमेश चंद्र साहू सहित दिल्ली के अमित कुमार और शोभा आदि शामिल हैं, जो स्वास्थ्य में सुधार के बाद पुन: आश्रम में साधना के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आश्रम में किसी भी प्रकार की दवाई नहीं दी जाती, बल्कि प्राकृतिक भोजन, योग और ध्यान के माध्यम से शरीर को रोगों से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। आनंदी मां का उद्देश्य समाज को रोगमुक्त और नशामुक्त बनाना है। उनका कहना है कि यदि व्यक्ति अपने भोजन और दिनचर्या को संतुलित कर ले तो अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता है। आश्रम संचालक सुरेश मलिक ने बताया कि आश्रम में आयोजित सभी आवासीय शिविर पूर्णत: निःशुल्क होते हैं तथा अगला विशेष शिविर 15 मई से 20 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 से 20 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे।

### सरकाघाट में चुनाव कर्मियों ने किया पूर्वाभ्यास

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। नगर परिषद सरकाघाट और पंचायती राज चुनावों के सुचारू संचालन को लेकर बुधवार को चुनावी कर्मियों का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। एसडीएम कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम ने की, जबकि पर्यवेक्षक सुभाष पराशर विशेष रूप से मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कर्मचारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करें। इस दौरान ईवीएम संचालन, मॉक पोल, वीडीएमएस एप तथा मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वहीं राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में पंचायत चुनावों हेतु करीब 545 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत करवाया। इस मौके पर बीडीओ कार्तिकेय डोगरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 को होगी नकारा घोषित वस्तुओं की नीलामी

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना में नकारा घोषित वस्तुओं की नीलामी प्रक्रिया 18 मई को प्रातः 11 बजे विभागीय परिसर में आयोजित की जाएगी। लेफ्टिनेंट कर्नल व उपनिदेशक एसके कालिया ने बताया कि एसआरएफ फंड, फ्लैग डे फंड, आर एंड आर फंड तथा सरकारी बजट स्टोर के माध्यम से खरीदी गई विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को कंडेमनेशन बोर्ड द्वारा नकारा घोषित किया जा चुका है। इन वस्तुओं की पारदर्शी एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत खुली नीलामी की जाएगी। उन्होंने इच्छुक बोलीदाताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

### रूहानी धीमान ने प्रदेश का नाम किया रोशन



अनंत ज्ञान, बड़ूही। अंब उपमंडल की पंचायत लडोली के गांव थड़ा की छात्रा रूहानी धीमान ने हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा 2026 में प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पंजोआ लड़ोली की सर्वहितकारी सभा ने सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। वक्ताओं ने रूहानी की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। रूहानी ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी और शिक्षकों को दिया। क्षेत्रभर से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।

### पंचायत चुनाव में भाजपा के खिलाफ लामबंद होने की अपील

अनंत ज्ञान, ऊना। जगत राम शर्मा ने पंचायत चुनावों को लेकर कर्मचारी, किसान और मजदूर वर्ग से भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से सबसे अधिक नुकसान मजदूर और कर्मचारी वर्ग को हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताएं लागू करने से कर्मचारियों के अधिकार कमजोर हुए हैं। जगत राम शर्मा ने राष्ट्रीय इंटक अध्यक्ष जी संजीव रेड्डी से इस विषय पर चर्चा की जानकारी दी। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की। शर्मा ने कहा कि रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं और युवाओं में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने श्रमिक संगठनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने की अपील की।

### बाबा जी के प्रवचनों को श्रद्धा भाव से सुना

अनंत ज्ञान, बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के थाना खास स्थित गोशाला में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को गोसेवा, सनातन संस्कृति व मानव कल्याण का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बाबा जी के प्रेरणादायक प्रवचनों को श्रद्धा भाव से सुना। इस अवसर पर बाबा बाल जी महाराज ने देसी गौवंश संरक्षण एवं गोशाला के विकास कार्यों के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। अपने प्रवचनों में बाबा जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानवता, पर्यावरण और प्रकृति की सेवा भी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से देसी नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के समय में देसी गौवंश को बचाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि व्यवस्था, स्वास्थ्य और पर्यावरण का सीधा संबंध देसी गायों से जुड़ा हुआ है और इनके संरक्षण से समाज को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होंगे।

### एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



अनंत ज्ञान, बिलासपुर। एनएसयूआई ने नीट पेपर लीक विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंककर विरोध जताया और आरोप लगाया कि पेपर लीक से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। अभिनंदन ठाकुर टोनी और ईशान ठाकुर ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। नितिन चड्ढा व अन्य छात्र भी मौजूद रहे।

### अभिषेक भारद्वाज ने डीसी से की मुलाकात



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अभिषेक भारद्वाज ने फिल्म 'भूत बंगला' में अभिनय कर बैरी मान्नर गांव का नाम रोशन किया। उन्होंने डीसी राहुल से शिष्टाचार भेंट की, जहां उनकी प्रतिभा की सराहना की गई। परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवा कलाकार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

### 29 एनसीसी कैडेट्स ने लिया फायरिंग प्रैक्टिस में हिस्सा

अनंत ज्ञान, बरमाणा। डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाणा के 29 एनसीसी कैडेट्स ने 1 एचपी एनसीसी नेवल यूनिट बिलासपुर द्वारा आयोजित फायरिंग प्रैक्टिस कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें 18 जूनियर डिवीजन और 11 जूनियर विंग कैडेट्स शामिल रहे। प्रशिक्षण पुलिस फायरिंग रेंज चंगर में हुआ, जहां कैडेट्स को हथियार संचालन व निशानेबाजी का व्यावहारिक अनुभव मिला। कार्यक्रम एएसपी पुलिस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ और इससे छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास व देशभक्ति की भावना मजबूत हुई।

# जिप चुनाव : चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस लिए

अनंत ज्ञान

ऊना। जिला परिषद चुनावों के तहत ऊना जिले के 17 वार्डों में नामांकन पत्र वापसी प्रक्रिया के पहले दिन 4 उम्मीदवारों के अपने नामांकन पत्र वापस लिए। इनमें गगरेट के वार्ड 16 चलेट से प्रीति व वार्ड 17 भंजाल लोअर से शाम लाल ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए हैं। इसी तरह अंब के वार्ड 2 कुठेड़ा खैरला से सुनीता कुमारी तथा बंगाणा के वार्ड 4 सोहारी से पवन कुमार ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। इसके अतिरिक्त हरोली और ऊना में किसी ने भी नामांकन वापिस नहीं लिया है। अब वर्तमान में 49 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में कुल 55 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें 2 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हुए थे जबकि आज 4 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापिस लिए हैं। उन्होंने बताया कि अब 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जाएगी।

## पंचायत चुनाव में बढ़ा तनाव, प्रधान समर्थक युवक पर जान से मारने की धमकियों का लगाया आरोप

ऊना। जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सोहारी में पंचायत चुनावों के बीच राजनीतिक माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। पंचायत प्रधान पद को लेकर चल रही चुनावी सरगर्मियों के बीच अब मामला आपसी विवाद व कथित धमकियों तक पहुंच गया है।

चुनावी रंजिश को लेकर गांव के एक युवक ने जान से मारने की धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना जोल में शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार गांव सोहारी निवासी अनिल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंचायत प्रधान पद के एक प्रत्याशी का समर्थन कर रहा है। इसी बात से नाराज होकर दूसरे पक्ष से जुड़े कुछ लोग उस पर लगातार दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि चुनावी माहौल में उसे डराने व समर्थन वापस लेने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अनिल शर्मा ने आरोप लगाया कि 11 मई को वह स्थानीय बाजार में मौजूद था, तभी एक व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोक लिया व उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने चुनाव समाप्त होने के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवक का कहना है कि घटना के बाद वह और उसका परिवार भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने तथा मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में चुनावी माहौल को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। उधर, सचिन हिरमठ ने बताया कि पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई है व मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अवनि सूद ने किया बेहतर प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, ऊना। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में धार्मिक नगरी चिंतपूर्णी की बेटी अवनि सूद ने देश भर में 26वां रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की साइंस स्ट्रीम की इस छात्रा की शानदार सफलता से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। अवनि के पिता विक्रांत सूद चिंतपूर्णी में होटल व रेस्टोरेंट चलाते हैं, जबकि उनकी माता दीप्ति सूद गृहिणी हैं। बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरे चिंतपूर्णी क्षेत्र के लोग अवनि के घर पहुंचकर उनके माता-पिता को मिठाइयां खिला रहे हैं व बधाइयां दे रहे हैं। इस परीक्षा में स्कूल का भी दबदबा रहा। अवनि ने विज्ञान संकाय में देश भर में 26वां स्थान पाया। वहीं, संस्थान के 12 छात्रों ने 85% से अधिक अंक झटके हैं। इसके साथ ही स्कूल का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 99 फीसदी रहा। अवनि सूद ने अपनी इस बड़ी कामयाबी का श्रेय माता-पिता स्कूल के सकारात्मक माहौल व अध्यापकों को दिया है। अवनि ने कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन, सहयोग व खुद की कड़ी मेहनत की बदौलत ही वे इस मुकाम पर पहुंच पाई हैं। इस उपलब्धि पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश, डायरेक्टर ज्योति, डायरेक्टर धनपत राय व प्रिंसिपल डॉ. संतोष ने बधाई दी।

# ऊना के 6 निकाय क्षेत्रों में धारा 163 लागू, रैलियों व लाउडस्पीकर पर रोक

अनंत ज्ञान

▶ चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक बंद रहेंगे शराब के ठेके, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

ब्यूरो, ऊना। शहरी निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिले के 6 शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों में धारा 163 बीएनएसएस, 2023 के तहत आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

यह आदेश 15 मई को दोपहर 3 से 17 मई को मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेंगे। जिलादंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा, संतोषगढ़ तथा नगर पंचायत अंब, दौलतपुर चौक, गगरेट व टाहलीवाल क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जारी किए गए हैं। आदेश के मुताबिक चुनावी प्रक्रिया से गुजर रहे शहरी निकायों में उक्त अवधि में पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, सार्वजनिक सभाओं व राजनीतिक बैठकों के आयोजन, लाउडस्पीकर के उपयोग, हथियार, लाठी, बैनर व प्लेकार्ड लेकर चलने तथा नारेबाजी जैसी गतिविधियों पर रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त बाहरी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में ठहरने की अनुमति नहीं होगी। वहीं, चुनावी जुलूस निकालने के लिए स्थानीय प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मतगणना केंद्रों के आसपास अनधिकृत व्यक्तियों की भीड़ एकत्र करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की दैनिक गतिविधियों, विवाह समारोह, अंतिम संस्कार तथा मतदान के लिए पोलिंग बूथों पर पहुंचने वाले मतदाताओं की आवाजाही पर किसी प्रकार की रोक लागू नहीं होगी।

इसके साथ ही संबंधित छह शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों में सभी शराब के ठेके, दुकानें व शराब परोसने वाले प्रतिष्ठान 15 मई को सायं 3 से 17 मई को चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने तक बंद रहेंगे। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों व संबंधित पक्षों से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न करवाने के लिए सहयोग की अपील की है।

## लडोली पंचायत में कूड़ेदान घोटाले पर शिकंजा प्रधान व सचिव पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

अंब/ऊना। विकास खंड अंब के तहत आने वाली ग्राम पंचायत लडोली में वर्ष 2018 के दौरान लगाए गए कूड़ेदानों की खरीद व स्थापना में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब पुलिस जांच तक पहुंच गया है।

मामले में पुलिस ने तत्कालीन पंचायत प्रधान व पंचायत सचिव के खिलाफ धोखाधड़ी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में पंचायत कार्यों को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार 13 मई 2026 को थाना अंब में ग्राम पंचायत लडोली समिति के अध्यक्ष ओम पाल डोगरा की शिकायत के आधार पर तत्कालीन ग्राम प्रधान शशि बाला तथा तत्कालीन पंचायत सचिव कुलदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि वर्ष 2018 में पंचायत में लगाए गए कूड़ेदानों की खरीद प्रक्रिया और स्थापना कार्य में वित्तीय गड़बड़ी की गई। बताया जा रहा है कि पंचायत निवासी राकेश कुमार पुत्र राम प्रकाश ने इस मामले को लेकर अनियमितताओं की शिकायत उठाई थी। शिकायत के बाद संबंधित विभागीय स्तर पर जांच करवाई गई, जिसमें करीब 98 हजार रुपए की वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर भी ग्रामीणों के बीच सवाल उठने लगे हैं।

## संतोषगढ़ के वार्ड 1 से 5 तक की जिम्मेदारी बलराम महेश को सौंपी

अनंत ज्ञान, संतोषगढ़। नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 17 मई को होने जा रहे चुनावों के मद्देनजर एचपीसीसी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा जारी सूची में जिला ऊना के नगर परिषद संतोषगढ़ के वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4 और 5 के लिए बलराम महेश को प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी सूची के अनुसार बलराम महेश, जो जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ऊना के चेयरमैन हैं, उन्हें चुनावी गतिविधियों की निगरानी और संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी हाईकमान की ओर से यह नियुक्ति आगामी चुनावों को लेकर संगठनात्मक मजबूती और बेहतर समन्वय के उद्देश्य से की गई है। चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया

अनंत ज्ञान



बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के बुधान स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

कथा पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देर शाम जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर नाचते-गाते नजर आए। कथा के दौरान बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी निकाली गई। भगवान को एक विशेष टिकरी में विराजमान कर भगवान वासुदेव द्वारा यमुना नदी पार कर माता यशोदा के पास पहुंचाने की लीला का जीवंत मंचन किया गया। भाव पूर्ण दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण का स्वागत किया और भक्ति गीतों पर झूम उठे।

मंदिर परिसर पूरी तरह रंग-बिरंगी रोशनी व फूलों से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बन गया। उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य श्री श्री तरुण डोगरा ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हुए कंस के अत्याचारों, देवकी और वासुदेव की पीड़ा तथा भगवान के दिव्य अवतार का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य तरुण डोगरा जी ने अपने मधुर भजनों और प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के बीच-बीच में उन्होंने श्रीकृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। पूरा कथा पंडाल भक्ति और उल्लास से भर उठा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भजन संकीर्तन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर राजनीति बंद करे भाजपा : हीरापाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के पूर्व प्रदेश सह संयोजक हीरापाल सिंह ठाकुर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर लगातार सवाल उठाना केवल राजनीतिक मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11–12 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है और सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े सभी आवश्यक रिकॉर्ड तथा जानकारियां सरकार के पास उपलब्ध रहती हैं। ऐसे में राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर अनावश्यक प्रश्न खड़े करना पूरी तरह निराधार है।

हीरापाल सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की यात्राएं कोई निजी या गुप्त कार्यक्रम नहीं होतीं, बल्कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था और निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत संबंधित एजेंसियों को हर गतिविधि की जानकारी रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस तरह की बयानबाजी छोड़कर देश के वास्तविक मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश बढ़ती बेरोजगारी, लगातार बढ़ रही महंगाई, आर्थिक मंदी, रुपए की गिरती कीमत और संभावित आर्थिक संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके अलावा भारत की विदेश नीति, सुरक्षा नीति और वैश्विक स्तर पर देश की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सरकार को जवाब देना चाहिए। हीरापाल सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता अब मुद्दों से ध्यान भटकाने वाली राजनीति को समझ चुकी है और भाजपा को व्यक्तिगत टिप्पणियों के बजाय जनहित से जुड़े विषयों पर जवाबदेही तय करनी चाहिए।

# युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे पीवीसी कैप्टन संजय : डीसी

## संजय ने जिला प्रशासन के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर की चर्चा

अनंत ज्ञान



कॉलेजों और स्कूलों में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर निवासी कारगिल योद्धा तथा परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन संजय कुमार प्रदेश के युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे।

इस उद्देश्य को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि कैप्टन संजय कुमार आगामी दिनों में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। वे अपने अनुभवों और संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा के माध्यम से युवाओं को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

कारगिल युद्ध के दौरान अपने अदम्य साहस और वीरता के लिए देशभर में पहचान बनाने वाले कैप्टन संजय कुमार को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है, जो भारतीय सेना का सर्वोच्च वीरता सम्मान है। उनकी प्रेरणादायक कहानी युवाओं में देशसेवा, अनुशासन और नेतृत्व की भावना को मजबूत करेगी। अधिकारियों का मानना है कि उनके मार्गदर्शन से युवाओं में भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। कैप्टन संजय कुमार की यह पहल प्रदेश में राष्ट्र सेवा की भावना को और अधिक सशक्त बनाएगी। बैठक में पीवीसी कैप्टन संजय कुमार के अतिरिक्त एडीसी ओम कांत ठाकुर, सहायक आयुक्त राजकुमार, उप निदेशक सैनिक कल्याण स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## नीट पेपर लीक : देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही केंद्र सरकार : संदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। संदीप सांख्यान ने नीट पेपर लीक और लगातार सामने आ रही परीक्षा अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं के सपने लगातार टूट रहे हैं और वर्षों की मेहनत के बाद डॉक्टर बनने का लक्ष्य रखने वाले छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सांख्यान ने आरोप लगाया कि पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल परीक्षा व्यवस्था को नहीं, बल्कि पूरे परिवार की उम्मीदों को भी तोड़ देती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में परीक्षा पत्र लीक की घटनाएं लगातार सामने आई हैं, लेकिन जिम्मेदारी तय करने में सरकार और जांच एजेंसियां विफल रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इन मामलों में कितनी गिरफ्तारियां हुईं और कितनों को सजा मिली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश का युवा आज शिक्षा व्यवस्था से आक्रोशित है और जवाबदेही की मांग कर रहा है, जबकि सरकार केवल सत्ता बचाने में लगी है। उन्होंने दावा किया कि पारदर्शिता और विश्वास कमजोर हो रहे हैं, जिससे युवाओं का भरोसा व्यवस्था से उठता जा रहा है। सांख्यान ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि केवल चुनावी राजनीति सर्वोपरि हो गई है, जबकि जनता वास्तविक मुद्दों से परेशान है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवा अपनी आवाज जरूर बुलंद करेंगे।



# बिलासपुर में कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान तेज

अनंत ज्ञान

◆ जिला अध्यक्ष अंजना धीमान के नेतृत्व में मांगे वोट

बिलासपुर। नगर परिषद एवं वार्ड चुनावों के मद्देनजर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान के नेतृत्व में बिलासपुर शहर में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान चलाया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने की अपील की। प्रचार अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने जनता को कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों, विकासात्मक सोच तथा नगर परिषद में बेहतर कार्यप्रणाली को लेकर पार्टी की प्राथमिकताओं से अवगत करवाया। अभियान के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया और अपनी समस्याएं भी साझा कीं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मस्तराम, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव अधिवक्ता अनुराग पंडित, आशीष ठाकुर, राज कुमार, हुसैन अली, वीरेंद्र संधू सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी मेहनत से चुनाव प्रचार करने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में भी विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रचार अभियान के दौरान जनता में उत्साह देखने को मिला और कई स्थानों पर कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक माहौल नजर आया।

## गोसेवा को समर्पित जीवन : 'गो रक्षक' बने बिलासपुर की प्रेरणा

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने सुनील को 'अनसंग हीरो अवार्ड' से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में जब भी गोसेवा और गो संरक्षण की बात होती है, तो सुनील शर्मा का नाम विशेष सम्मान के साथ लिया जाता है। स्थानीय लोगों के बीच 'गो रक्षक सुनील शर्मा' के नाम से प्रसिद्ध सुनील शर्मा वर्षों से घायल, बीमार और बेसहारा गायों की निस्वार्थ सेवा में जुटे हुए हैं।

उनके इसी सेवा भाव और मानवता के कार्यों को सम्मान देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की ओर से उन्हें 'अनसंग हीरो अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है, जो बिलासपुर के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। सुनील शर्मा का बचपन एक साधारण परिवार और ग्रामीण परिवेश में बीता, जहां उन्होंने गाय को परिवार का हिस्सा माना। समय के साथ सड़क



सुनील कई वर्षों से गो सेवा के कार्य में जुटे। अनंत ज्ञान

दुर्घटनाओं और बेसहारा गायों की पीड़ा देखकर उन्होंने गोसेवा को अपना जीवन उद्देश्य बना लिया। पिछले कई वर्षों से वे दिन-रात सेवा कार्य में जुटे रहते हैं। किसी भी घायल गाय की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचते हैं और कई बार स्वयं अपने खर्च पर इलाज, दवाइयों और चारे की व्यवस्था करते हैं। वे स्थानीय लोगों और युवाओं को भी गौ संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिससे अब कई लोग इस अभियान से जुड़ चुके हैं। आधी रात में भी मदद के लिए निकल पड़ना उनकी पहचान बन चुकी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उनका समर्पण उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनाता है। उनका यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि सच्ची सेवा के लिए बड़े साधनों की नहीं, बल्कि बड़े हृदय और समर्पण की आवश्यकता होती है।

## नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर जिले के मतदान क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने नगर निकाय चुनाव-2026 के दृष्टिगत जिला बिलासपुर के मतदान क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 की धारा 304-आर के तहत जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने जारी आदेश में बताया कि जिला बिलासपुर में नगर निकायों के चुनाव 17 मई को होंगे और मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित नगर निकाय मुख्यालयों में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से पूर्व 48 घंटे की अवधि के दौरान सभी प्रकार की मादक एवं नशीली वस्तुओं की बिक्री, वितरण तथा परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उक्त अवधि के दौरान किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, बार, ढाबा, कैटरिंग हाउस, शराब के ठेके अथवा किसी भी सार्वजनिक एवं निजी स्थान पर शराब या अन्य समान प्रकृति के मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण अथवा परोसने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश संबंधित सभी मतदान क्षेत्रों में प्रभावी रहेंगे। जारी आदेश में उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जारी आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति को छह माह तक के कारावास, दो हजार रुपए तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है।

◆ बिलासपुर में नगर निकायों के चुनाव 17 को, शराब की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

## 17 को मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों के आसपास शस्त्र ले जाने पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 304–एन के तहत आदेश जारी करते हुए नगर निकाय सामान्य चुनाव–2026 के दृष्टिगत मतदान दिवस 17 मई को जिला बिलासपुर के सभी मतदान केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार के हथियार लेकर जाने को प्रतिबंधित किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार मतदान दिवस पर रिटर्निंग अधिकारी, प्रिजाइडिंग अधिकारी, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी तथा मतदान केंद्रों पर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकृत कर्मचारियों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति आर्म्स एक्ट, 1959 के अंतर्गत परिभाषित किसी भी प्रकार के हथियार के साथ मतदान केंद्रों के आसपास जाने को प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश में उपायुक्त ने कहा कि आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति को दो वर्ष तक के कारावास अथवा जुर्माना या दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है। उपायुक्त राहुल कुमार ने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के लिए यह कदम आवश्यक है।

## कुल्लू में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी काबू

# कसोल और भुंतर में मेथ, एमडीएमए एलएसडी पेपर स्ट्रिप्स व हेरोइन बरामद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मेथ, एमडीएमए, एलएसडी पेपर स्ट्रिप्स, चरस और हेरोइन यानी चिट्टा बरामद किया है।

पहला मामला पुलिस थाना मणिकर्ण के अंतर्गत सामने आया। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कसोल स्थित होटल पर्पल हाउस में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान 27 वर्षीय विरेंद्र सिंह उर्फ विरेन निवासी जिला कांगड़ा तथा 26 वर्षीय विवेक शर्मा निवासी जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 31.97 ग्राम मेथ, 0.42 ग्राम एमडीएमए, 0.25 ग्राम एलएसडी पेपर स्ट्रिप्स तथा 12.23 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20, 22 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है।



गिरफ्तार आरोपी। अनंत ज्ञान

वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने गश्त के दौरान सीएचसी तेगुबेहड़ परिसर के भीतर निर्माणाधीन अस्पताल साइट पर कार्रवाई करते हुए 36 वर्षीय जोगिंद्र सिंह निवासी पिपलागे, तहसील भुंतर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 8 ग्राम हेरोइन यानी चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि नशे के स्रोत, सप्लाई चेन और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। जिला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनावों के दौरान शराब की बिक्री व वितरण पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व डीसी, लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के दृष्टिगत जिले में मतदान व मतगणना प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार जिला लाहौल-स्पीति में पंचायत चुनावों का आयोजन 26 मई, 28 मई एवं 30 मई को किया जाएगा। प्रधान, उपप्रधान तथा ग्राम पंचायत सदस्यों के मतों की गणना संबंधित मतदान केंद्रों पर निर्धारित तिथि को होगी, जबकि पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई 2026 को प्रातः 9 बजे से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग के परीक्षा भवन में की जाएगी। डीसी ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 158-आर के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान समाप्ति से पूर्व 48 घंटे की अवधि तथा मतगणना दिवस तक शराब की बिक्री, वितरण एवं परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। यह प्रतिबंध होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग हाउस, शराब की दुकानों तथा अन्य सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर भी लागू रहेगा। प्रथम चरण में 24 मई 2026 सायं 3 बजे से 26 मई 2026 सायं 7 बजे तक तिंदी, तिंगरेट, त्रिलोकनाथ, मूरिंग, नालडा, गोहरमा, रानिका, कारदंग, मूलिंग, दारचा, कोकसर तथा केलांग पंचायत क्षेत्र, दूसरे चरण में 26 मई सायं 3 बजे से 28 मई सायं 7 बजे तक सलग्रां, चिमरेट, उदयपुर, थिरोट, जुंडा, जोबरंग, बारपा, गोशल, गोंधला, कोलोंग, सिस्सू तथा यूरनाथ पंचायत क्षेत्र, तीसरे चरण में 28 मई सायं 3 बजे से 30 मई दोपहर 3 बजे तक मडग्रां, शकोली, किशोरी, जाहलमा, शांशा, मालंग, तांदी, खंगसर, बरबोग तथा शुलिंग पंचायत क्षेत्र हैं। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों की मतगणना के दौरान 31 मई को केलांग में मतगणना परिणाम घोषित होने तक शराब की बिक्री एवं वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दोषी पाए जाने पर छह माह तक के कारावास, दो हजार रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों का प्रावधान है।

## कुंजम दर्रा फतह! 6 माह बाद मनाली काजा मार्ग 'कनेक्ट'

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** छह महीने की लंबी 'सफेद कैद' के बाद आखिरकार स्पीति घाटी का संपर्क मनाली से बहाल हो गया है। बीआरओ के जांबाजों ने कुंजम दर्रे पर जमी बर्फ की मोटी चादर को हटाकर दोनों छोरों को जोड़ दिया है। मौसम की बेरुखी और हाड़ कंपाने वाली ठंड के बावजूद बीआरओ ने सड़क बहाली का काम पूरा किया। मनाली की तरफ से एक फोर बाई फोर वाहन ने सफलतापूर्वक काजा पहुंचकर मार्ग का टेस्ट पूरा किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क अभी काफी कच्ची है और फिसलन भरी है। प्रशासन ने सलाह दी है कि अभी केवल अनुभवी चालक और फोर-बाय-फोर वाहन ही इस रूट का रुख करें। जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति जल्द ही मार्ग का निरीक्षण करेगा। इसके बाद ही आधिकारिक तौर पर बस सेवा व अन्य वाहनों के लिए हरी झंडी दी जाएगी। फिलहाल अटल टनल होकर काजा जाने का रास्ता जल्द सुचारु होने की उम्मीद है। बीआरओ के अनुसार सड़क अभी 'रफ' है। पर्यटक फिलहाल स्पीति जाने के लिए आधिकारिक अधिसूचना का इंतजार करें व सड़क की स्थिति की जांच जरूर कर लें।

## डॉ. सुनील ठाकुर ने नथान स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की



निरीक्षण के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नथान में वीरवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 का पहला निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा डॉ. सुनील दत्त ठाकुर अपनी टीम सहित विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन, स्वच्छता, रिकॉर्ड व विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण टीम ने विद्यालय की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया तथा विद्यालय प्रबंधन, स्टाफ व विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान डॉ. सुनील दत्त ठाकुर ने विद्यालय की छात्रा अंशुल को विशेष रूप से बधाई दी, जिसने वाणिज्य संकाय में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में राज्य स्तर पर टॉप-7 में स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने अंशुल के अभिभावकों व अध्यापकों को भी इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य पलदन दोरजे व विद्यालय परिवार ने निरीक्षण टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का संकल्प दोहराया।

# कठोर साधना से मिटेंगे जन्मों के पाप: सुधांशु जी महाराज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मनाली के घुड़दौड़ की पावन देवभूमि स्थित 'साधना धाम' में विश्व जागृति मिशन के तत्वावधान में आयोजित ध्यान साधना शिविर के तीसरे दिन श्रद्धा और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सुधांशु जी महाराज व डॉ. अर्चिका दीदी के सान्निध्य में देश-विदेश से आए साधक अपनी आंतरिक यात्रा को नई दिशा दे रहे हैं। शिविर में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए परम सुधांशु जी महाराज ने 'आत्म-सुधार' व 'नवीन निर्माण' पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य कोई भी बता सकता है, लेकिन वह आपको बचा नहीं सकता। अपने जीवन को सुरक्षित व सुखद बनाने के लिए स्वयं ही कर्म करने होंगे। महाराज ने साधना की महत्ता बताते हुए कहा कि बिंदु से सिंधु तक की यात्रा ही ध्यान है। उन्होंने साधकों को प्रेरित किया कि वे अपनी छोटी-छोटी खुशियों को आनंद का सागर बनाना सीखें और खुशमिजाज रहें। उनके अनुसार, कठोर साधना के माध्यम से ही जन्म-जन्मांतरों के कर्मों के बंधन से मुक्ति संभव है। मिशन की उपाध्यक्ष डॉ. अर्चिका दीदी ने साधकों को शिव तत्व से जोड़ा। उन्होंने सामूहिक रूप से 'ॐ नमः शिवाय' का जप करवाते हुए साधना के सूक्ष्म रहस्यों को साझा किया।



'साधना धाम' में विश्व जागृति मिशन के तत्वावधान में आयोजित ध्यान साधना शिविर के दौरान सुधांशु जी महाराज व साधक। अनंत ज्ञान

उन्होंने साधकों को ध्यान की अवस्था में ले जाते हुए अनुभव कराया कि कैसे सूर्य की दिव्य किरणें शरीर और मन को प्रफुल्लित कर रही हैं।शिविर की शुरुआत गुरुकुल के ऋषिकुमारों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। पूर्ण चन्द्रायण (30 दिवसीय) और अर्ध चंद्रायण (15 दिवसीय) साधना हेतु आए साधकों का तिलक लगाकर और कलावा बांधकर पारंपरिक अभिनंदन किया गया। हिमाचल प्रदेश विश्व जागृति मिशन के प्रभारी अखिलेश कपूर ने बताया कि देवभूमि मनाली में पिछले 25 वर्षों से अनवरत यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस पवित्र भूमि की ऊर्जा साधकों के 'पाप-ताप' को काटकर उन्हें एक नए संकल्प के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

# पीपल मेले से 15 मई तक हटाई जाएं दुकानें: मदन सूद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** व्यापार मंडल कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मदन लाल सूद की अध्यक्षता में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार से मिला ओर उन्होंने ढालपुर में आयोजित पीपल मेले को 15 मई तक ही रखने को कहा गया।

उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त से कहा कि मेले का शुभारंभ होने से पूर्व जिला प्रशासन से व्यापार मंडल द्वारा आग्रह किया गया था कि मेले में आए व्यापारियों को 15 दिन का ही अतिरिक्त समय दिया जाए व डीसी कुल्लू द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि 15 मई को अस्थायी व्यापारियों को ढालपुर मैदान से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक ढालपुर में दुकानें लगे रहने के कारण स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार ने प्रतिनिधिमंडल से स्पष्ट किया कि उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा द्वारा दुकानों को 15 मई सायं 7 बजे तक हटाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## प्रदेश के सबसे ऊंचाई पर स्थापित कॉमिक मतदान केंद्र पर महिला मतदान दल देंगी चुनावी ड्यूटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी काजा शिखा ने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति के विकास खंड काजा की ग्राम पंचायत लांगजा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला कॉमिक में 4587 मीटर की ऊंचाई पर मतदान केंद्र स्थापित किया गया है, जो कि प्रदेश की सबसे ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र है। उन्होंने बताया कि लारा पंचायत की पांच वार्डों, जबकि लांगजा पंचायत के तीन वार्डों में स्थापित मतदान केंद्रों पर महिला मतदान दल तथा महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा ही इन मतदान केंद्रों का संचालन किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों के संचालन के लिए 10 महिला मतदान दल बनाए गए हैं, जिसमें से आठ महिला मतदान दल इन मतदान केंद्रों में अपनी चुनावी ड्यूटी देंगे, जबकि दो महिला मतदान दल को रिजर्व में रखा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस छोड़ दो युवा कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब पार्टी के दो सक्रिय व युवा कार्यकर्ताओं हरीश नलवा व दोरजे कारपा ने कांग्रेस का दामन छोड़ भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लिया। दोनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की कल्याणकारी नीतियों व पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर के नेतृत्व में आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रवि ठाकुर ने दोनों युवा कार्यकर्ताओं का खतग व पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान दिया जाएगा व संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका रहेगी। रवि ठाकुर ने कहा कि हरीश नलवा व दोरजे कारपा के भाजपा में शामिल होने से गाहर और पट्टन क्षेत्र में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

### नीट पेपर लीक के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में लाहौल-स्पीति युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने केंद्र सरकार व नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में बढ़ता भ्रष्टाचार न केवल सिस्टम की नाकामी है, बल्कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ एक क्रूर मजाक है। दीपक ठाकुर ने जारी एक प्रेस बयान में कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक होना और बार-बार परीक्षाओं का रद्द होना सीधे तौर पर केंद्र सरकार और एनटीए की विफलता है। उन्होंने कहा कि छात्र सालों तक कड़ी मेहनत करते हैं, उनके माता-पिता अपनी जमा-पूंजी उनके भविष्य पर लगाते हैं, लेकिन परीक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रहा है। दीपक ठाकुर ने कहा कि परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं में शुचिता की कमी के कारण भ्रष्टाचार के मामले बढ़ रहे हैं। बार-बार पेपर लीक होने और परीक्षा रद्द होने से छात्रों का मनोबल टूट रहा है और वे मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। यह धांधली उन ईमानदार छात्रों की मेहनत के साथ खिलवाड़ है जो दिन-रात एक करके परीक्षा की तैयारी करते हैं। युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं किया गया और युवाओं को न्याय नहीं मिला, तो आने वाले समय में देश का युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा।

### विशेषज्ञों ने साझा किए धरोहर संरक्षण के अनुभव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा द्वारा हेरिटेज फाउंडेशन, पुणे के सहयोग से 'धरोहर के संरक्षण के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा' विषय पर सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। हाइब्रिड माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, बांग्लादेश, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका सहित विभिन्न देशों के विशेषज्ञों की सहभागिता रही। विशेष रूप से महाविद्यालय के 51 विद्यार्थी तथा समस्त संकाय सदस्य इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। मुख्य वक्ता भुजंग ने कहा कि धरोहर केवल मंदिरों या स्मारकों तक सीमित नहीं है, बल्कि नदियों, परंपराओं और दैनिक जीवन से भी जुड़ी होती है। उन्होंने ज्ञान को जीवन में लागू करने तथा नैतिक उन्नयन के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली के महत्व पर बल दिया। एक अन्य सत्र में ऑस्ट्रेलिया से जुड़ीं कंचन ने 'भारतीय पारंपरिक कला: समय के रंग-कहानी और संरक्षण' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय लोक कला गुफा चित्रों से लेकर मधुबनी और पट्टचित्र जैसी शैलियों तक, कहानी, प्रकृति और सांस्कृतिक परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है तथा आज भी वैश्विक स्तर पर विकसित हो रही है। कार्यशाला में कला संरक्षण के उपायों पर भी विशेष चर्चा की गई, जिसमें कलाकृतियों को कीटों, तेज धूप, नमी तथा भौतिक क्षति से बचाने के साथ-साथ आधुनिक संरक्षण तकनीकों के उपयोग पर बल दिया गया। रिपोर्ट लेखन, कहानी-वाचन सत्र तथा धरोहर क्विज जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। यह कार्यशाला धरोहर को एक जीवंत परंपरा के रूप में स्थापित करते हुए मूल्यपरक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# बाशिंग पंचायत के पांचों वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने, गांव में खुशी का माहौल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की ग्राम पंचायत बाशिंग में पंचायत चुनाव को लेकर आपसी भाईचारे और सहमति की मिसाल देखने को मिली है। पंचायत के पांचों वार्ड सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए हैं।

इसके बाद गांव में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार पंचायत के तीन वार्डों के सदस्य पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे, जबकि दो वार्डों में दो-दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। बुधवार 14 मई को उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके साथ ही पंचायत के सभी पांचों वार्ड सदस्य निर्विरोध घोषित हो गए। वार्ड नंबर एक-भादर चंद, वार्ड नंबर दो-हेमराज , वार्ड नंबर तीन-दिव्या गुल्पा, वार्ड नंबर चार- दीपा और वार्ड नंबर पांच-निशा देवी वार्ड सदस्य चुने गए। इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में बाशिंग गांव के समाजसेवी विजय सेन, पूर्व जिला परिषद सदस्य दिनेश सेन और गांव के अन्य वरिष्ठ ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। गांव के लोगों ने आपसी सहमति व सौहार्द बनाए रखते हुए निर्विरोध चुनाव का समर्थन किया।



पूर्व जिला परिषद सदस्य दिनेश सेन ने बताया कि ग्राम पंचायत बाशिंग इससे पहले वर्ष 2006 में भी निर्विरोध चुनी जा चुकी है। उन्होंने गांववासियों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत प्रधान व उपप्रधान को भी निर्विरोध चुना जाए, ताकि सरकार द्वारा मिलने वाली सहयोग राशि गांव के विकास कार्यों में खर्च हो सके। दिनेश सेन ने यह भी कहा कि अगर पंचायत निर्विरोध चुनी जाती है, तो वह अपनी तरफ से पंचायत को 31000 की सहयोग राशि देंगे। ग्रामीणों ने इसे गांव की एकता और विकास की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

# 5756 नामांकन पत्र पाए गए वैध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीरवार को पंचायत चुनावों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी (जांच) का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि विभिन्न पदों के लिए कुल 5756 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं, जबकि नियमों के मापदंडों पर खरा न उतरने के कारण कुल 26 नामांकन आंकड़ों के अनुसार, प्रधान पद के लिए 1309 नामांकन सही पाए गए व 3 रद्द किए गए। उप-प्रधान पद हेतु 1201 नामांकन वैध रहे, जबकि 4 को निरस्त किया गया। पंचायत वार्ड सदस्य श्रेणी में सबसे अधिक 2769 नामांकन वैध पाए गए, जबकि इसी वर्ग में सर्वाधिक 13 नामांकन रद्द हुए हैं। पंचायत समिति सदस्य के लिए सभी 412 नामांकन पत्र सही पाए गए और एक भी नामांकन खारिज नहीं हुआ। जिला परिषद सदस्य के लिए 65 नामांकन वैध पाए गए हैं और 6 पत्रों को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब आगामी प्रक्रियाओं के लिए तैयार है ताकि निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

# पंचायतीराज संस्थानों के आम चुनाव के दृष्टिगत जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित: किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायतीराज संस्थानों के आम चुनाव पहले चरण में 26 मई, दसरे चरण में 28 मई और तीसरे चरण में 30 मई को होना निर्धारित हैं। इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 26 मई, 28 मई और 30 मई को संबंधित पंचायत क्षेत्रों में आम चुनाव के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि जिन पंचायत क्षेत्रों में इन तिथियों को मतदान होना है, वहां सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान, दुकानें तथा वाणिज्यिक संस्थान बंद रहेंगे। यह अवकाश दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए भी सवैतनिक रहेगा। इसके अतिरिक्त बताया कि जिन कर्मचारियों का मतदान किसी अन्य पंचायत क्षेत्र में है और वे राज्य के किसी दूसरे स्थान पर कार्यरत हैं, उन्हें मतदान करने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। इसके लिए कर्मचारी को संबंधित पीठासीन अधिकारी से मतदान करने का प्रमाण पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

## प्रवासी मजदूरों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय

**केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना के प्रयासों व पहल से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिला में कार्यरत प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला बाल कल्याण समिति व चाइल्ड हेल्प लाइन द्वारा मार्च 2026 से अब तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर श्रमिकों के बच्चों की पहचान की गई है, जिन्हें प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करवाई जानी है। यह जानकारी जिला बाल संरक्षण इकाई अधिकारी हीरा नंद ने वीरवार को दी। अभियान के दौरान बीआरओ, पीडब्ल्यूडी तथा आईपीएच विभागों में कार्यरत मजदूरों के बच्चों को बाल कल्याण शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा उदयपुर से कोकसर तथा दारचा तक का कई बार सर्वेक्षण किया। जांच के दौरान कुल 16 बच्चों की पहचान की गई, जो शिक्षा से वंचित थे ,मामले का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त बीआरओ द्वारा कार्यस्थलों पर रह रहे मजदूरों के बच्चों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, अब तक 11 बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया जा चुका है, जिनमें 8 बच्चों को प्राथमिक पाठशाला तांदी में 3 बच्चों को प्राथमिक पाठशाला केलांग तथा शेष 5 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तांदी में दाखिल करवाया गया है। डीसी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जिला में बालश्रम पर सख्ती से निगरानी की जा रही है और यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो कठोरता से कार्रवाई की जाएगी।



## चर्चा: पर्यटन व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद तेज, जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

# जीभी घाटी में नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू के बंजार सराज क्षेत्र की प्रसिद्ध जीभी घाटी में पर्यटन गतिविधियों की स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू डॉक्टर रोहित शर्मा ने अपने फील्ड स्टाफ के साथ दो दिवसीय निरीक्षण व नियमित जांच अभियान चलाया।

इस दौरान घाटी में संचालित विभिन्न पर्यटन इकाइयों, होमस्टे, होटल व साहसिक पर्यटन गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पर्यटन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की तथा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि सभी पर्यटन गतिविधियां निर्धारित नियमों और मानकों के अनुसार संचालित हो रही हैं या नहीं। अभियान के बाद जीभी वैली पर्यटन विकास संघ के अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एक विस्तृत बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में जीभी घाटी सिराज को जिला व प्रदेश स्तर पर जिम्मेदार व सतत पर्यटन का आदर्श गंतव्य बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई।



बैठक में स्थानीय संस्कृति व परंपराओं के संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता को और मजबूत करने जैसे विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यदि पर्यटन विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बीच संतुलन बनाया जाए तो जीभी घाटी प्रदेश के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल बन सकती है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान घाटी में कुछ स्थानों पर बिना अनुमति और नियमों के विपरीत व्यावसायिक पर्यटन गतिविधियां संचालित होती हुई पाई गई हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना पंजीकरण और नियमों का उल्लंघन कर चल रही पर्यटन इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी होटल, होमस्टे और अन्य पर्यटन व्यवसाय से जुड़े संचालकों से अपील करते हुए कहा कि वे पर्यटन विभाग के दिशा-निर्देशों और कानूनी प्रावधानों का पूरी तरह पालन करें तथा जीभी घाटी की सकारात्मक और जिम्मेदार पर्यटन छवि बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा वृंदावनी ने सीबीएसई 12वीं में जिले में किया टॉप

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल कुल्लू की छात्रा वृंदावनी ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

वृंदावनी ने 98.2 फीसदी अंक हासिल कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे कुल्लू जिले का नाम रोशन किया है। वृंदावनी के साथ-साथ विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी अपनी शैक्षणिक योग्यता का परिचय देते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों की सूची इस प्रकार है। शिवांगी डडवाल 96.8 फीसदी, यथार्थ सागर 93.2 फीसदी, आदविका गुप्ता 91.4 फीसदी, आदिल शर्मा 90 फीसदी, धरा उपाध्याय 89 फीसदी हासिल किए हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रैना वर्मा ने सभी मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय छात्रों के कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, 'यह हमारे स्कूल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि लगन और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्रबंधक राजीव शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल हमेशा से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र भविष्य में भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छुएंगे व समाज व राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि वृंदावनी की यह उपलब्धि जिला कुल्लू के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। पूरे विद्यालय परिवार में जश्न का माहौल है।

# कोलर जंगल में मिली जली लाश की गुत्थी सुलझी

# अंबाला में की हत्या, हिमाचल लाकर जलाया शव; मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जिला के धौलाकुआं क्षेत्र की कोलर पंचायत के जंगल में मिली युवती की जली हुई लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। जांच में खुलासा हुआ है कि युवती की हत्या हरियाणा के अंबाला में की गई थी। हत्या के बाद शव को बैग में भरकर हिमाचल लाया गया और सुनसान जंगल में जलाकर पहचान व सबूत मिटाने की कोशिश की गई। मामले में अंबाला के बराड़ा निवासी नवीन को गिरफ्तार किया गया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप


आरोपी

शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा माना जा रहा है।

कुछ दिन पहले नेशनल हाईवे से करीब 100 मीटर दूर जंगल में युवती का जला हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। शव पूरी तरह झुलसा होने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल था। सूचना मिलने पर माजरा पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में आरोपी नवीन और एक अन्य व्यक्ति रेहड़ी पर बड़ा बैग ले जाते दिखाई दिए। इसी सुराग के आधार पर पुलिस की जांच अंबाला तक पहुंची। बराड़ा और माजरा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर आरोपी की तलाश शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने युवती की हत्या अपने घर में की और बाद में शव को हिमाचल लाकर जंगल में आग लगा दी। हालांकि रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों ने उसकी गतिविधियां रिकॉर्ड कर लीं। लगातार मिल रहे सुरागों के आधार पर पुलिस ने बातापुल के पास दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

# सोलन में पानी, कचरा व टैक्स के नाम पर जनता को ठगती रही कांग्रेस : राजेश कश्यप

## जल संकट, डंपिंग साइट और ट्रैफिक अव्यवस्था ने सोलन की पहचान बिगाड़ी : भाजपा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन में भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस और नगर निगम पर लगाए गए आरोपों

◆ **2021 के वादे भूली कांग्रेस, सोलन में पार्किंग सुरक्षा व मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दे पाई**

का केंद्र मुख्य रूप से बुनियादी सुविधाओं, टैक्स व्यवस्था, जल संकट और कथित प्रशासनिक विफलताओं पर रहा। भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश कश्यप और मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन और सोलन नगर निगम के कार्यकाल में शहर की स्थिति लगातार बिगड़ी है। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र 2021 में किए गए कई वादे पूरे नहीं हुए और जनता को वास्तविक लाभ नहीं मिला। आरोपों के अनुसार सोलन में जल संकट सबसे गंभीर समस्या बना हुआ है। कई इलाकों में 7-8 दिन में केवल एक बार पानी आपूर्ति होने की बात कही गई है। पाइपलाइन लीकेज से लगभग 40 प्रतिशत पानी बर्बाद होने और लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहने की स्थिति का भी उल्लेख किया गया। इसके साथ ही पानी की दरों में भारी बढ़ोतरी और नगर निगम पर बढ़ते जल बिल के कारण वित्तीय दबाव की बात भी उठाई गई।

कचरा प्रबंधन को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सलोगड़ा


सोलन में कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

डंपिंग साइट पर हजारों टन पुराने कचरे के वैज्ञानिक निपटान में देरी, समयसीमा पूरी न होने और पर्यावरणीय जुर्माने जैसी स्थितियों का जिक्र किया गया। भाजपा नेताओं का कहना है कि घर-घर कचरा संग्रह और सीवरेज सुधार जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सकीं। नगर निगम पर संपत्ति कर में वृद्धि और नए जुड़े क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के आरोप भी लगाए गए। साथ ही पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्क, ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के अधूरे विकास को लेकर भी आलोचना की गई। सुरक्षा व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े वादों के अधूरे रहने की बात कही गई। इसके अलावा चेस्टर हिल्स हाउसिंग परियोजना, मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं, और औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े मुद्दों को भी उठाया गया। कुल मिलाकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार और नगर निगम पर अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सोलन की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित रही है और आगामी चुनावों में इसका राजनीतिक असर देखने को मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सराहां की छात्रा समृद्धि शर्मा ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सराहां।** उदय पब्लिक स्कूल सराहां की होनहार छात्रा समृद्धि शर्मा पुत्री सुनील शर्मा ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय के साथ साथ अपने परिजनों को भी गौरवान्वित किया है। छात्रा के पिता पेशे से एक संस्कृत अध्यापक हैं, जो कि राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय निहोग में कार्यरत हैं एवं माता अनुराधा उदय पब्लिक स्कूल टीजीटी के रूप में कार्यरत हैं। छात्रा के दादा ज्ञान दत्त शर्मा भी सेवानिवृत्त संस्कृत अध्यापक है। गौरतलब हे कि समृद्धि वर्तमान मे उदय पब्लिक स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा थीं। अब उसका चयन श्रीमती केसरी देवी लोहिया सैनिक स्कूल लोहार माजरा कुरुक्षेत्र हरियाणा के लिए हुआ है। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व जिला परिषद नीलम शर्मा तथा मुख्याध्यापक अशोक कुमार ने छात्रा, अध्यापकगण एवं अभिभावकों को बधाइयां दी हैं।

### खाद्य आपूर्ति आयोग चेयरमैन ने अर्की में मिड-डे मील, गोदाम व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, अर्की।** खाद्य आपूर्ति आयोग हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन डॉ. एसपी कटयाल ने अर्की खाद्य आपूर्ति गोदाम के रखरखाव व स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाले मिड-डे मील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अर्की स्थित खाद्य आपूर्ति गोदाम रखे गए खाद्य भंडार के उचित रखरखाव के प्रति संतुष्टि जताई। उन्होंने बताया कि वह विभिन्न स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता भी जांची। उनके इस औचक निरीक्षण के मुख्य उद्देश्य था कि सरकार द्वारा बच्चों को सही मात्रा व गुणवत्ता से भरपूर मिड-डे मील भोजन प्राप्त हो रहा है या नहीं । इसके साथ उन्होंने साफ सफाई प्यूरीफायर व बच्चों को दिए जाने वाले भोजन का रिकार्ड भी जांचा। उन्होंने बताया कि हालांकि उनके विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समय समय पर इस प्रकार स्कूलों में जांच करते रहते हैं। इसी कड़ी में यह औचक निरीक्षण किया गया है एवं भविष्य में करते रहेंगे। इस अवसर पर खाद्य आपूर्ति कार्यालय अर्की के इंस्पेक्टर रामस्वरूप शर्मा भी उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट रहा दाड़लाघाट डीएवी स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन दाड़लाघाट ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा तथा कई विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ अंक अर्जित कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। विज्ञान संकाय में आयुष्मान अंगिरास ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। यामिनी ठाकुर ने 82.2 प्रतिशत, ऋषव तथा आरोही शर्मा ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में दिवांशी ने 90.6 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं मानविकी संकाय में प्रथम ने 90 प्रतिशत, सक्षम ठाकुर ने 88 प्रतिशत तथा भूमिका शर्मा ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के सतत प्रयासों का प्रतिफल है। वहीं एलएमसी अध्यक्ष एवं सीएमओ (नॉर्थ) एसीएल संदीप सीरह ने भी प्रधानाचार्य, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पुलिस ने युवक-युवती से पकड़ा 12.43 ग्राम चिट्टा, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम जब 11 मई को रात्रि गश्त पर थी, तो एक टाटा टियागो गाड़ी जो परवाणू-धर्मपुर की ओर से सोलन की तरफ आ रही थी, को शमलेच के समीप नाकाबंदी कर चैक किया गया। चैकिंग के दौरान गाड़ी में सवार एक युवक एवं एक युवती से 12.43 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। दोनों आरोपियों की पहचान रवि कुमार जिला सोलन, हिमाचल तथा साक्षी शर्मा पुत्री दीप राम जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अन्वेषण के दौरान प्रयुक्त वाहन को जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है तथा उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। इसके अतिरिक्त दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। मामले में आगामी जांच जारी है।

### कल्होग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्होग में दसवीं और जमा दो बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर रहने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य राधा कश्यप ने की। उन्होंने बताया कि स्कूल में इन कक्षाओं का परिणाम बहुत अच्छा रहा। स्कूल का जमा दो परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत और दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जमा दो में 43 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में 24 में से 22 उत्तीर्ण हुए, यह परिणाम 92 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में सभी 9 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसका परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 10 में से 8 उत्तीर्ण हुए और परिणाम 80 प्रतिशत रहा। खुशबू कौशिक 96. 8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रहीं। कुमकुम 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और ममता 86 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहीं। दसवीं कक्षा में सभी दस विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। रिद्धिमा 85.71 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, पायल 85 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और देविंद्र पुन्न 81. 86 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहे। प्रधानाचार्य ने सभी टॉपर को सम्मानित किया और स्कूल के बहुत अच्छे परिणाम का श्रेय शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल के सभी विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वालों से प्रेरणा लें।

परवाणू नगर परिषद चुनाव

## पुलिस पर पक्षपात के आरोप : राजीव सहजल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** परवाणू नगर परिषद चुनाव के अंतिम चरण में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने परवाणू में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने शहर के विकास और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। डॉ. सहजल ने आरोप लगाया कि परवाणू, जो प्रदेश का पहला औद्योगिक शहर रहा है, आज उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक तंत्र का उपयोग राजनीतिक पक्षपात के लिए हो रहा है। उन्होंने शहर की सड़कों, सीवरेज और बुनियादी ढांचे की स्थिति पर भी सवाल उठाए और कहा कि कई वार्डों में विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। सहजल ने जनता से किसी भी दबाव में न आकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की।

# नगर निगम चुनाव : वार्ड 16 में भाजपा ने तेज किया चुनाव प्रचार अभियान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 16 में भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी सीमा ने रबोन और आँजी क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से समर्थन और वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं भी साझा कीं। प्रचार अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी सीमा ने कहा कि वार्ड 16 में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि रबोन क्षेत्र में लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए फुटओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि लोगों को सुरक्षित आवाजाही की सुविधा मिल सके।

इसके अलावा क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान के लिए नए वाटर टैंक का निर्माण और पार्किंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए पार्किंग सुविधा विकसित करने का भी आश्वासन दिया गया। भाजपा प्रत्याशी सीमा ने कहा कि यदि जनता उन्हें आशीर्वाद देती है तो वार्ड के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। प्रचार अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


वार्ड 16 में चुनाव प्रचार अभियान चलाते हुए प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

सोलन में लाखों की चोरी का खुलासा

# मंडी से दो आरोपी गिरफ्तार जेवरात और नकदी बरामद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में घर से लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी हुए सामान में से करीब 1.30 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति भी बरामद कर

◆ **सीसीटीवी फुटेव अन्य जांच के आधार पर सुलझी मामले की गुत्थी**

ली है। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल, 2026 को सोलन निवासी अंजली ने पुलिस थाना सदर सोलन में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह सुबह कार्यालय गई हुई थीं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर में ताला लगाकर बाजार गए थे। दोपहर करीब 1:15 बजे जब वह वापस लौटीं तो घर के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। ऊपर की मंजिल पर पहुंचने पर वहां भी ताले टूटे पाए गए और कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी गायब मिले। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 1.50 लाख आंकी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर सोलन पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के आधार पर दो आरोपियों राहुल (31) निवासी मंडी और मेहर चंद (30) निवासी जिला कुल्लू की पहचान हुई। दोनों को 11 मई को मंडी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया है और मामले की जांच जारी है।

# विकास खंड राजगढ़ की माटल बखोग पंचायत चुनी गई निर्विरोध, बनी भाईचारे की मिसाल

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** पंचायत चुनाव को लेकर जहां एक ओर कई क्षेत्रों में प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला और चुनावी सरगर्मियां देखने को मिल रही हैं। वहीं विकासखंड राजगढ़ के अंतर्गत आने वाली माटल बखोग पंचायत ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की अनोखी मिसाल पेश की है। इस पंचायत के लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए सभी पदों पर निर्विरोध चयन कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सहमति आधारित रूप दिया है। यहां प्रधान पद के लिए निशा कुमारी, उपप्रधान पद के लिए प्रवीण कंवर तथा वार्ड सदस्य पदों के लिए शील ठाकुर, सुनीता, ज्योति, सोहन सिंह और कृष्णा देवी को निर्विरोध चुना गया। ग्रामीणों की इस सहमति से न केवल चुनावी खर्च और प्रतिस्पर्धा से बचाव हुआ है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता और आपसी विश्वास का मजबूत संदेश भी गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्णय विकास और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया, जिससे पंचायत में राजनीतिक टकराव की बजाय सामूहिक विकास को प्राथमिकता दी जा सके। पूरी पंचायत के निर्विरोध चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और इसे अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।



माटल बखोग पंचायत का निर्विरोध चयन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि जब समाज में आपसी विश्वास, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया बिना किसी टकराव के भी सफलतापूर्वक पूरी हो सकती है। यह पहल न केवल चुनावी खर्च और विवादों से बचाव का संदेश देती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सामूहिक सहमति से विकास की राह और अधिक मजबूत व प्रभावी बनती है। ऐसी मिसालें अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं, जो राजनीति से ऊपर उठकर जनहित और एकता को प्राथमिकता देने का संदेश देती है

*पाइनग्रोव स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परिणाम में लहराया सफलता का परचम*

# स्वर्णिम गुप्ता बने स्कूल टॉपर, विद्यालय के 30 छात्रों ने हासिल किए शत-प्रतिशत अंक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में पाइनग्रोव स्कूल सोलन ने एक बार फिर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए सभी संकायों में शानदार प्रदर्शन किया है। वाणिज्य संकाय में स्वर्णिम गुप्ता ने 98.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और ओवरऑल स्कूल टॉपर बने।

कला संकाय में आर्यन सिरसवाल और दिव्यांका चौधरी ने 97.6% अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान संकाय में अरुण शर्मा ने 96% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय ने 'बेस्ट ऑफ फोर सब्जेक्ट्स' में 92.7% का औसत प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को फिर साबित किया। धर्मपुर एवं सुबाथू परिसरों का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा, जिसमें कला संकाय ने 94.8% के साथ सर्वोच्च औसत दर्ज किया। इसके बाद वाणिज्य संकाय का 92.8% तथा विज्ञान संकाय का 90.7% औसत रहा। विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जिनमें पेंटिंग में 14, मनोविज्ञान में 6, अकाउंटेंसी में 3, हिंदुस्तानी संगीत में 2 तथा अन्य विषयों में एक-एक विद्यार्थी शामिल हैं। कुल 94 विद्यार्थियों में से 57 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए, जो कुल परिणाम का 60.4% है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


अव्वल रहे छात्र।

**प्रतियोगिता** सोलन में अंतर-महाविद्यालय बैडमिंटन चैंपियनशिप संपन्न

# प्रो. रवि, मिस विदुषी की जोड़ी मिश्रित युगल विजेता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के स्पोर्ट्स क्लब द्वारा कुमारहट्टी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'अंतर-महाविद्यालय प्राध्यापक एवं पूर्व छात्र बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026' का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 12 महाविद्यालयों से आए 72 प्राध्यापकों, शिक्षकों और गैर-शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चैंपियनशिप का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सुबाथू के प्राचार्य डॉ. राजिंदर कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सेवानिवृत्त प्राचार्य जेएस वर्मा और डॉ. प्रेम भारद्वाज ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों और श्रेणियों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष वर्ग के 45 वर्ष से कम आयु वर्ग के एकल मुकाबलों में प्रोफेसर रवि राम विजेता रहे, जबकि डॉ. अनुपम उप-विजेता रहे। इसी वर्ग की युगल प्रतियोगिता में डॉ. दीपक गुप्ता और प्रो. रवि राम तथा पी.डी. कौशल और डॉ. धर्मेंद्र मेहता की जोड़ियों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के एकल मुकाबलों में डॉ. पी.डी. कौशल और डॉ. कुलदीप संयुक्त विजेता रहे, जबकि युगल वर्ग में राजेश शर्मा और मुनीत लखनपाल की जोड़ी विजेता रही।

महिला वर्ग में डॉ. कामिनी शांडिल ने एकल मुकाबले में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मिस विदुषी उप-विजेता रहीं। मिश्रित युगल मुकाबलों में प्रो. रवि राम और मिस विदुषी की जोड़ी विजेता रही, जबकि डॉ. कामिनी शांडिल और डॉ. पीएल वर्मा उप-विजेता रहे। महासचिव डॉ. सतीश ठाकुर ने बताया कि चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और वर्तमान संकाय तथा पूर्व छात्रों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करना है। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन की सफलता पर स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता, महासचिव डॉ. सतीश ठाकुर और आयोजन सचिव डॉ. रवि राम ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।


विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करती प्रिंसिपल। अनंत ज्ञान

# डाइट सोलन से नशे के खिलाफ कला जत्था यात्रा का शुभारंभ

## 15 अगस्त तक चलेगा जागरूकता अभियान


कला जत्था यात्रा का शुभारंभ पर डाइट के छात्र और अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) परिसर में वीरवार को नशे के खिलाफ कला जत्था यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और डाइट सोलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डाइट सोलन के छात्रों द्वारा प्रस्तुत जागरूकता कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति संदेश दिया। डाइट सोलन की प्रधानाचार्य ने कला जत्था को रवाना करते हुए अभियान की शुरुआत की। जानकारी दी गई कि कला जत्था यात्रा के दूसरे चरण के तहत 15 अगस्त, 2026 तक विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशे से होने वाले नुकसान और इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. गीतांजली कश्यप ने कहा कि अभिभावकों की काउंसलिंग बेहद आवश्यक है, ताकि वे बच्चों को समझने और उनके पुनर्वास में मदद कर सकें।

## असम पुलिस ने पवन खेड़ा से 10 घंटे की पूछताछ

**एजेंसी, गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा से बुधवार को असम पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब 10 घंटे पूछताछ की। मामला असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दिल्ली और गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ये आरोप लगाए थे। इसके बाद रिनिकी भुइयां सरमा ने पवन के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई थी इसके बाद 7 अप्रैल को असम पुलिस ने खेड़ा के दिल्ली स्थित घर पर रेड की थी। पवन से इसी मामले में आज फिर पूछताछ होगी। कांग्रेस नेता ने कहा- मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। सहयोग करना मेरा कर्तव्य है, क्योंकि एक संविधान है और मैं उसका पालन करूंगा। सीएम हिमंता ने कहा कि कानून अपना काम करेगा, लेकिन हमें केंद्र सरकार से पहले ही लिखित में मिल चुका है कि खेड़ा ने पासपोर्ट वाले जो दस्तावेज दिखाए थे, वे नकली थे। इसलिए, पुलिस जांच में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

# थोक महंगाई अप्रैल में 8.30% पहुंची, एक ही महीने में दोगुनी

## रोजाना जरूरत के सामान और गैस-बिजली के दाम बढ़े, जंग का असर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अप्रैल में थोक महंगाई दोगुने से ज्यादा बढ़कर 8.30% पर पहुंच गई है। मार्च में यह 3.88% पर थी। अप्रैल में महंगाई 42 महीने में सबसे ज्यादा है। अक्टूबर 2022 में ये 8.39% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 14 मई को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजाना जरूरत की चीजें और फ्यूल के दाम बढ़ना है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यह तनाव लंबा चला तो महंगाई आगे और बढ़ सकती है। इस तनाव के वजह से



क्रूड ऑयल के दाम 100 डॉलर के पार पहुंच गए हैं।

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए होलसेल प्राइस इंडेक्स को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है।

### रिटेल महंगाई बढ़कर 3.48% पर पहुंची

**अप्रैल** की रिटेल महंगाई बढ़कर 3.48% पर पहुंच गई है। इससे पहले मार्च में यह 3.40% थी। महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन अप्रैल में बढ़कर 4.20% पर पहुंच गई। मार्च में यह आंकड़ा 3.87% था।

# रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन-मिसाइल से किया हमला, 14 लोगों की मौत

**एजेंसी, कीव**

रूस ने पूरे यूक्रेन में बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया है। रूस ने बुधवार सुबह से आधीरात बाद तक ताबड़तोड़ हमला कर तबाही मचा दी। इन हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक नागरिक घायल हो गए। राजधानी कीव में रूस के हमले से एक आवासीय इमारत ढह गई। इस इमारत के मलबे में दबे 10 लोगों को बचाया गया। एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। रात लगभग एक बजे यूक्रेन की वायुसेना ने देशव्यापी हवाई अलर्ट जारी किया। इसमें चेतावनी दी गई कि रूस ने मिग-31 बमवर्षक विमानों को तैनात कर दिया है। देश का हर क्षेत्र बैलिस्टिक मिसाइल हमलों की जद में है।

द कीव इंडिपेंडेंट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख टिमुर टकाचेंको



ने कुछ देर बाद चेतावनी दी क रूसी ड्रोन राजधानी की ओर बढ़ रहे हैं और मिसाइल हमले भी संभावित खतरा हैं।

स्थानीय समयानुसार तड़के 3:08 बजे कीव में जोरदार धमाके हुए। यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणालियां रूसी ड्रोन से जूझती नजर आईं। 3:15 बजे से 3:20 बजे के बीच बैलिस्टिक मिसाइल के हमलों से होने वाले धमाकों की आवाज सुनी गई। इसके कुछ देरबाद लगभग 3:44 बजे फिर बैलिस्टिक मिसाइलों ने गरजना शुरू कर दिया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्को ने बताया कि गिरे हुए ड्रोन के मलबे से निप्रोव्स्की जिले में एक पांचमंजिला आवासीय इमारत की छत पर आग लग गई और होलोसीव्स्की जिले में एक सड़क पर मलबा गिर गया। ड्रोन का मलबा एक कार्यालय की इमारत और एक पार्किंग संरचना पर गिरा। ओबोलोन्स्की जिले में एक 12 मंजिला आवासीय इमारत पर ड्रोन का मलबा गिरने के बाद उसमें आग लग गई।

# एआईएडीएमके में फूट, पलानीस्वामी और षणमुगम दो गुटों में बंटी पार्टी

**एजेंसी, चेन्नई**

- सीएम विजय को सपोर्ट देने वालों को हटाया
- हिंसा रोकने को चेन्नई ऑफिस के बाहर पुलिस तैनात

तमिलनाडु की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी एआईएडीएमके की अंदरूनी फूट खुलकर सामने आ गई है। एक गुट पार्टी के महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी का है, जबकि दूसरा बागी गुट षणमुगम और वेलुमणि में बंट गया है। तमिलनाडु विधान सभा में विजय सरकार के फ्लोर टेस्ट में टीवीके की सीटों की संख्या बढ़कर 144 हो गई। बागी खेमे से जुड़े एआईएडीएमके के 25 विधायकों ने सीएम विजय के पक्ष में क्रॉस-वोट किया। इसके बाद पलानीस्वामी ने षणमुगम और वेलुमणि को पार्टी में उनके पदों से हटा दिया।

पलानीस्वामी ने दलबदल विरोधी कानून के तहत विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए आवेदन किया है। एआईएडीएमके के कार्यकर्ता आज सुबह से ही पलानीस्वामी के घर समर्थन देने के लिए जुटने लगे हैं। इस पूरे घटनाक्रम को देखते हुए चेन्नई में पार्टी हेडक्वॉर्टर के बाहर बड़ी तादाद में पुलिस तैनात कर दी गई। इसे एहतियात के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, 2022 में विरोधी गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। तब पन्नीरसेल्वम और पलानीस्वामी के समर्थकों ने पार्टी परिसर में तोड़फोड़ की थी।

### षणमुगम बोले- महासचिव सीधे व्हिप की नियुक्ति नहीं कर सकते

**षणमुगम** गुट ने अपना रुख कड़ा कर लिया है और उनका तर्क है कि नवनिर्वाचित विधायकों से व्हिप की नियुक्ति को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई थी। इसलिए नियुक्ति अवैध थी और व्हिप का पालन करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। षणमुगम ने कहा कि महासचिव सीधेतौर पर व्हिप नियुक्त नहीं कर सकते। विधायकों की बैठक में विधानसभा नेता, उप विधानसभा नेता और व्हिप का चुनाव होगा। यही कानून है, लेकिन ईपीएस का कहना है कि उन्होंने व्हिप नियुक्त किया है। वे व्हिप नियुक्त नहीं कर सकते।

## राहुल गांधी 22 साल में 54 बार विदेश गए: पात्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाया। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा- राहुल गांधी ने पिछले 22 साल में 54 विदेश यात्राएं की हैं। सितंबर 2025 में सीक्रेट यात्राएं भी की हैं। उन्होंने दावा किया कि हर विदेश दौरे में राहुल के साथ 3-4 लोग भी जाते थे। इन यात्राओं पर कुल खर्च करीब 60 करोड़ रुपए बैठता है। राहुल के हलफनामे के मुताबिक पिछले 10 साल में उनकी घोषित आय 11 करोड़ रही, तो इन यात्राओं का खर्च किसने उठाया, किसने फंडिंग की? राहुल फंडिंग का सोर्स बताएं।

इसी साल जनवरी में भाजपा ने दावा किया था कि राहुल वियतनाम दौरे पर गए हैं। आरोप लगाया था कि राहुल वियतनाम में भारत विरोधी लोगों के मेहमान बनकर देश के खिलाफ बोलेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा था कि राहुल विदेश जाकर भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम करते हैं। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि यह साफ किया जाए कि राहुल गांधी को विदेशों में कौन लोग और किन मकसदों से आमंत्रित करते हैं। त्रिवेदी ने सवाल उठाया था कि जब कांग्रेस शासित राज्यों में भी राहुल गांधी को औपचारिक तौर पर बुलावा नहीं मिलता, तो विदेशों में उन्हें कौन और क्यों आमंत्रित करता है।

# चारधाम यात्रा में 25 दिनों में 40 श्रद्धालुओं की गई जान

## केदारनाथ में सबसे ज्यादा 22 और बद्रीनाथ में 7 की मौत

**एजेंसी, देहरादून**

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में 13 मई तक 12 लाख 64 हजार 217 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। लेकिन दूसरी ओर यात्रा के दौरान मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 14 मई सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार अब तक चारधाम यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 22 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गई हैं।

वहीं बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 श्रद्धालुओं की जान गई है। सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल तैयारियों का दावा कर रही है, लेकिन लगातार बढ़ते मौत के आंकड़े यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य चुनौतियों और हाई एल्टीट्यूड से जुड़ी परेशानियों की गंभीरता भी दिखा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अधिकांश मौतें हार्ट अटैक, हाई एल्टीट्यूड सिकनेस, हाइपरटेंशन और अन्य स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सरकार ने कई समीक्षा बैठकें की थीं।

यात्रियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई थी, जिसमें बुजुर्गों, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने भी यात्रियों से सावधानी बरतने और शरीर में परेशानी होने पर तुरंत रुकने की अपील की है।

### मौतों के पीछे की वजहें

**स्वास्थ्य** विभाग के अनुसार चारधाम यात्रा में अब तक हुई अधिकांश मौतें स्वास्थ्य खराब होने, हार्ट अटैक और हाई एल्टीट्यूड सिकनेस जैसी समस्याओं के कारण हुई हैं। यात्रा मार्ग ऊंचाई वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहां ऑक्सीजन का स्तर कम होने और लगातार चढ़ाई की वजह से बुजुर्गों और पहले से बीमार यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के मामले सामने आ रहे हैं।

## पीएम की अपील का असर

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस बाइक से पहुंचे विधान भवन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर 12 राज्यों में दिख रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस वीरवार को एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह के लिए बाइक से विधान भवन पहुंचे। वहीं, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अपने काफिले में 60% की कटौती की है। उनके काफिले में अब सिर्फ चार गाड़ियां हैं, जिनमें दो ईवी शामिल हैं। त्रिपुरा में ग्रुप सी और डी के सिर्फ 50% सरकारी कर्मचारी ही रोज ऑफिस आएंगे, बाकी कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। पंजाब में गवर्नर ऑफिस में हर बुधवार को अधिकारी चार-पहिया वाहन से नहीं आएंगे। हरियाणा में सीएम नायब सिंह सैनी हफ्ते में एक दिन बिना गाड़ी के चलेंगे।

- दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता इलेक्ट्रिक कार से निकलीं
- त्रिपुरा में वर्क फ्रॉम होम करेंगे 50% सरकारी कर्मचारी

# पार्क अस्पताल बना रोबोटिक ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** मोहाली स्थित पार्क अस्पताल ने रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में खुद को एक प्रमुख सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित किया है। अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, यहां अब तक 2500 से अधिक रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं, जिससे इस तकनीक की विश्वसनीयता और सफलता दर को मजबूती मिली है।

डॉक्टरों का कहना है कि रोबोटिक तकनीक ने जॉइंट सर्जरी को अधिक सटीक, सुरक्षित और कम समय लेने वाला बना दिया है। पहले जहां मरीजों को 3-4 सप्ताह तक अस्पताल में रहना पड़ता था, वहीं अब कई मामलों में सर्जरी मात्र 12-15 मिनट में पूरी हो रही है और रिकवरी भी तेजी से हो रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, रोबोटिक सूट में शामिल 3डी विजुअलाइजेशन, रोबो आर्म और अन्य एडवांस सिस्टम सर्जरी को अधिक सटीक बनाते हैं, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिलते हैं।

इसके साथ ही अस्पताल ने सामाजिक पहल के तहत 30 जून तक मुफ्त रोबोटिक तकनीक उपलब्ध कराने की घोषणा भी की है, ताकि उन्नत चिकित्सा सुविधा अधिक से अधिक मरीजों तक पहुंच सके। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में रोबोटिक सर्जरी का बढ़ता उपयोग न केवल इलाज को आसान बना रहा है, बल्कि देश को मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भी मजबूत स्थिति दिला रहा है।

# भारतीय शेयर बाजार में रिकवरी, लेकिन सतर्कता बरकरार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पीएल प्राइवेट वेल्थ की मई 2026 मार्केट आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में मजबूत रिकवरी के बाद भारतीय शेयर बाजार ने मई की शुरुआत सकारात्मक रुझान के साथ की है। इस सुधार को मजबूत घरेलू आर्थिक स्थिति, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव में कमी और कमाई सीजन की बेहतर शुरुआत से समर्थन मिला है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बाजार अभी भी अत्यधिक सतर्क बना हुआ है और वैश्विक अनिश्चितताओं, खासकर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील है।

पीएल वेल्थ के सीईओ इंद्रबीर जॉली ने कहा कि भारत की दीर्घकालिक विकास कहानी मजबूत बनी हुई है, जिसे घरेलू खपत, मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ, इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और वित्तीय परिसंपत्तियों में बढ़ती बचत से बल मिल रहा है।

उन्होंने निवेशकों को सलाह दी कि वे अनुशासित संपत्ति आवंटन बनाए रखें, उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों पर ध्यान दें और निवेश को चरणबद्ध तरीके से करें ताकि बाजार की अस्थिरता का प्रभाव कम किया जा सके।

# क्लास फोर यूनियन चुनाव में बढ़ा उत्साह नाम वापसी के बाद मुकाबला सीमित



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग की क्लास फोर इम्प्लॉइज यूनियन के प्रधान पद के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और कर्मचारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया के तहत पहले चरण में तीन प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए थे, जिनमें संजय कुमार (गेटकीपर), संजय कुमार (चौकीदार) और एल्विन मसीह (गेटकीपर) शामिल थे।

इसके बाद यूनियन सदस्यों की मांग पर नामांकन प्रक्रिया को एक दिन के लिए बढ़ाया गया, जिसमें दो और प्रत्याशियों ने भी मैदान में उतरते हुए नामांकन दाखिल किया। इनमें गुरप्रीत सिंह (चौकीदार) और सुरेश कुमार (सफाई कर्मचारी) शामिल रहे। इस प्रकार कुल पांच उम्मीदवार प्रधान पद की दौड़ में शामिल हो गए। नामांकन वापसी के अंतिम दिन दो प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लेते हुए अन्य उम्मीदवारों को समर्थन देने का फैसला किया, जिसे यूनियन के इतिहास में एक सकारात्मक और लोकतांत्रिक कदम माना जा रहा है। इससे चुनावी समीकरण और अधिक स्पष्ट हो गए हैं और मुकाबला अब सीमित प्रत्याशियों के बीच रह गया है। चुनाव कमेटी ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यूनियन पदाधिकारियों का मानना है कि यह चुनाव संगठन को और अधिक मजबूत दिशा देगा।

# मानव जीवन का हर क्षण भक्ति में हो समर्पित: सतगुरु माता सुदीक्षा

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, मोहाली।** संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में भव्य संत समागम का आयोजन किया गया। परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आत्मिक शांति, आनंद और दिव्य प्रेरणा का अनुभव किया। अपने आशीर्वचनों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेम-भक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का हर क्षण इंसानियत, करुणा और मानवीय मूल्यों को समर्पित होना चाहिए। सतगुरु माता जी ने कहा कि यदि किसी के जीवन में दुख या संघर्ष है तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे कम करना है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि व्यवहार, विचार और कर्मों में भी दिखाई देती है।

उन्होंने यह भी कहा कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के बाद व्यक्ति का जीवन केवल स्वयं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मानवता की सेवा और कल्याण का माध्यम बन जाता है। अमर संत अवनीत जी के समर्पित जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने सेवा, सत्संग और भक्ति को जीवन की प्राथमिकता बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान गीतकारों, कवियों और वक्ताओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा जी की शिक्षाओं, सेवा-समर्पण और मानवता के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन का वातावरण श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

# तरनतारन जिला परिषद के चेयरमैन बने 'आप' नेता अंगद दीप सोहल



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अंगद दीप सिंह सोहल को तरनतारन जिला परिषद का चेयरमैन सर्वसम्मति से चुना गया है। इस ऐतिहासिक चुनाव में खेमकरण विधानसभा क्षेत्र से विधायक सरवन सिंह धुन विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित चेयरमैन सोहल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की विकास-उन्मुख नीतियों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सभी सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में एकजुट होकर सरकार के कार्यों पर जनता की मुहर लगाई है।

सोहल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि गांवों में सड़क, पानी, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हो सके। इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर निगम चुनाव से पहले अधिकारियों के ट्रांसफर शुरू

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** पंजाब में चुनाव का पारा चढ़ते ही सत्ताधारी पार्टी पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगने लगा है। जिसका ताज़ा उदाहरण मोहाली से देखने को मिला जब कांग्रेस पार्टी की महिला विंग की पंजाब अध्यक्ष बलजीत कौर के पति, जो पंजाब पुलिस में इंस्पेक्टर हैं और अभी जीरकपुर में ट्रैफिक इंचार्ज के पद पर तैनात हैं, का देर रात राजनीतिक दबाव में तबादला कर दिया गया। हालांकि, जब इस बारे में संबंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह एक रूटीन ट्रांसफर है। गौरतलब है कि श्रीमती बलजीत कौर को कुछ दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी की सीनियर लीडरशिप ने महिला विंग का पंजाब अध्यक्ष बनाया था और बलजीत कौर मोहाली से पूर्व पार्षद हैं और इस बार भी नगर निगम मोहाली के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की मजबूत उम्मीदवार के तौर पर देखी जा रही हैं। गौरतलब है कि मैडम बलजीत कौर को काफी समय से आम आदमी पार्टी में शामिल करने की कोशिश की जा रही थी। पिछले पांच सालों से उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि उनके पति सरकारी नौकरी में हैं। लोकल नेताओं की नाराजगी के कारण उनका कई बार ट्रांसफर हो चुका है।

# आरबीयू के स्कूल ऑफ फिजियोथैरेपी एवं रेडियोलॉजी ने लगाया रक्तदान शिविर




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फिजियोथैरेपी एंड रेडियोलॉजी (यूएसपीआर) ने ग्रीसियन हॉस्पिटल ब्लड सेंटर के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शिविर में विद्यार्थियों, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसने सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

यह पहल चांसलर गुरविंद्र सिंह बाहरा के नेतृत्व में की गई। शिविर का आयोजन प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार, वाइस चांसलर, तथा डॉ. सतीश कुमार, प्रो. वाइस चांसलर के संरक्षण और मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को इस मानवीय कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन समिति का नेतृत्व डॉ. ललित गुप्ता ने किया, जिनके समर्पित प्रयासों से शिविर का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ। इस शिविर में 50 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने इस जीवन रक्षक कार्य में अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर ग्रीसियन हॉस्पिटल ब्लड सेंटर की मेडिकल टीम ने विश्वविद्यालय समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सहयोग की सराहना की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने रक्तदान को जीवन बचाने वाला कार्य बताते हुए युवाओं से ऐसे समाजसेवी अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# निकाय चुनावों में भाजपा पर जनता ने फिर जताया भरोसा: संजय टंडन

अनंत ज्ञान

- पंचकूला में भाजपा की प्रचंड जीत, विकास और सुशासन की नीतियों पर लगी मुहर

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य तथा हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी संजय टंडन ने हरियाणा के हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, विकासोन्मुखी नीतियों और जनता के साथ उनके मजबूत जुड़ाव पर जनता की स्पष्ट मुहर बताया।

टंडन ने पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत संगठन की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। विशेष रूप से पंचकूला में भाजपा के प्रभावशाली प्रदर्शन की उन्होंने सराहना की, जहां पार्टी ने मेयर पद सहित अधिकांश वार्डों में जीत दर्ज कर लगभग एकतरफा सफलता हासिल की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के सात में से छह शहरी स्थानीय निकायों में भाजपा की जीत यह दर्शाती है कि राज्य की जनता विकास, सुशासन और स्थिरता के एजेंडे को लगातार समर्थन दे रही है। यह परिणाम केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पारदर्शी प्रशासन पर जनता के भरोसे को भी मजबूत करता है।

संजय टंडन ने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेंगे तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहरी विकास की गति और तेज होगी तथा हरियाणा में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं में और सुधार देखने को मिलेगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय जूनियर हॉकी टीमें ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए तैयार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के भविष्य को संवारने की दिशा में भोपाल में आयोजित होने वाली यह अंडर-18 सीरीज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत और तेजतर्रार टीम के खिलाफ खेलना युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव देगा। जूनियर स्तर पर इस तरह के मुकाबले खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, मानसिक मजबूती और खेल रणनीति को विकसित करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। हॉकी इंडिया द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप से प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण शिविर में तैयार करना यह दिखाता है कि अब जमीनी स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से काम हो रहा है। पूर्व कप्तान सरदार सिंह और रानी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन इन युवाओं के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगा। एशिया कप 2026 से पहले यह सीरीज भारतीय टीमों के लिए अपनी कमजोरियों और ताकत को पहचानने का बड़ा अवसर है। अगर खिलाड़ियों को लगातार ऐसी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर मिलती रही, तो आने वाले वर्षों में भारतीय हॉकी को नई पीढ़ी के मजबूत और आत्मविश्वासी खिलाड़ी मिल सकते हैं, जो विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### नाहिद राणा और लॉरा वोल्वार्ट बने अप्रैल महीने के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि निरंतर प्रदर्शन और बड़े मौकों पर प्रभाव छोड़ने की पहचान भी है। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा का सम्मान जीतना यह दर्शाता है कि विश्व क्रिकेट में नई प्रतिभाएं तेजी से उभर रही हैं। न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उनका प्रदर्शन बताता है कि बांग्लादेश अब सिर्फ उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों तक सीमित टीम नहीं रह गई है। दूसरी ओर लॉरा



वोल्वार्ट का लगातार तीसरी बार यह पुरस्कार जीतना उनकी स्थिरता और क्लास को साबित करता है। महिला क्रिकेट में जिस तरह प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, उसमें लगातार रन बनाना आसान नहीं है। भारत और न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका को मजबूती दी है। यह पुरस्कार यह भी दिखाता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब हर देश के खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। युवा खिलाड़ियों के लिए यह प्रेरणा है कि लगातार मेहनत, फिटनेस और आत्मविश्वास के दम पर वैश्विक मंच पर पहचान बनाई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### मिताली पारुलकर का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मिताली पारुलकर किसी अभिनेत्री से कम नहीं हैं। वह न केवल एक बिजनेस वूमेन हैं, बल्कि एक पेशेवर बेकर भी हैं।



## आईपीएल लखनऊ के खिलाफ जीत दर्ज करके प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखना चाहेगी चेन्नई

# चेन्नई के लिए करो या मरो मुकाबला

**एजेंसी, लखनऊ**



लचर प्रदर्शन के बावजूद प्लेआफ की दौड़ में कायम चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपना दावा बनाए रखना चाहेगी जबकि दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ के लिये यह महज प्रतिष्ठा का मुकाबला है।

चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी है जबकि लखनऊ की टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों में नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है।

अच्छी 'फिनिशिंग' नहीं होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैंपियन चेन्नई टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की। शीर्षक्रम पर उर्विल के बेखौफ प्रदर्शन से पावरप्ले में चेन्नई का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। शुक्रवार को शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस को भी बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

जांघ की चोट के कारण हरफनमौला जैमी ओवर्टन के बाहर होने से चेन्नई की गेंदबाजी कमजोर हुई है। ओवर्टन ने दस मैचों में 14 विकेट लिये और वह इस सत्र में चेन्नई की गेंदबाजी की धुरी थे। अकील हुसैन, मुकेश चौधरी और अंशुल कम्बोज ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अफगानिस्तान के बायें हाथ के स्पिनर नूर अहमद प्रभावी रहे हैं। दूसरी ओर लखनऊ को कप्तान ऋषभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज विरोधी टीमों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और चेन्नई के खिलाफ पहले चरण के मैच में तो वे 203 रन बनाकर भी हार गए। जोश इंगलिस, निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्करम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

## गावस्कर बोले-कोहली ने शतक के साथ आलोचकों को दिया जवाब

**एजेंसी, रायपुर**



भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैंपियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के 60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के मैच में केकेआर को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' पर 'अमूल क्रिकेट लाइव' में कहा,''विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है।'' उन्होंने कहा,''हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढ़ी का है, लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है।'' उन्होंने कहा,''टी20 शतकों के मामले में वह दस शतक के साथ क्रिस गेल और बाबर आजम के बाद तीसरे नंबर पर है। उसने टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे किए और आईपीएल में नौ शतक लगा चुका है। रिकॉर्ड टूटने के लिये बनते हैं लेकिन कोहली अगर मैच दर मैच, सत्र दर सत्र ऐसे ही खेलता रहा तो किसी को भी वहां तक पहुंचने में लंबा समय लगेगा।'' गावस्कर ने यह भी कहा कि केकेआर द्वारा कोहली का कैच टपकाना मैच का निर्णायक पल रहा। उन्होंने कहा,''आरसीबी केकेआर मैच से पहले केकेआर कैच लपकने के मामले में बेहतरीन थी लेकिन यह कैच छोड़ना काफी महंगा पड़ा।'' (अनंत ज्ञान)

## सुपर शतरंज क्लासिक : पहले मुकाबले में फिरोजा से खेलेंगे आर प्रज्ञानानंदा

**एजेंसी, बुकारेस्ट**



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा अकेले भारतीय बचे हैं। उन्हें दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में नौ दौर में से पांच में सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा।

टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है, जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में औसत प्रदर्शन के बाद प्रज्ञानानंदा को अपने खेल में सुधार करना होगा। वह लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर खिसक गए हैं। अमेरिका के फेबियानो कारूआना को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में हॉलैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट से खेलेंगे।

गुकेश के नाम वापिस लेने के बाद उनकी जगह विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में उनके चैलेंजर उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव खेलेंगे। वह पहले दौर में रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल का सामना करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## पुराने वीडियो देखकर स्विंग तलाश रहीं रेणुका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** किसी भी तेज गेंदबाज के लिए स्विंग उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है और जब वही साथ छोड़ दे, तो आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। रेणुका सिंह ठाकुर का अपने पुराने वीडियो देखकर खुद को सुधारने की कोशिश करना बताता है कि बड़े खिलाड़ी अपनी कमियों को स्वीकार कर लगातार सीखने पर भरोसा करते हैं। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, लेकिन ऐसे दौर ही खिलाड़ियों की असली परीक्षा लेते हैं। टी20 विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले रेणुका का अपनी लय हासिल करने पर फोकस भारतीय टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। इंग्लैंड की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल मानी जाती हैं और वहां रेणुका की स्विंग भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। महिला क्रिकेट में अब प्रतिस्पर्धा पहले से कहीं ज्यादा बढ़ चुकी है। ऐसे में तकनीक, फिटनेस और मानसिक मजबूती पर लगातार काम करना जरूरी हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब किंग्स को मुंबई इंडियंस ने दिए तगड़े झटके

### जल्दी-जल्दी विकेट गिरने पर बड़ा स्कोर नहीं बना सकी पंजाब की टीम

**अनंत ज्ञान**



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के धर्मशाला के स्टेडियम में वीरवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो उसके लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ। मुंबई की टीम को थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद विकेट मिलते रहे, जिसके चलते वह पंजाब की टीम पर दबाव बनाने में कामयाब रही।

समाचार लिखे जाने तक पंजाब की टीम ने 16 ओवर में 6 विकेट खो दिए थे तथा उसका कुल स्कोर सिर्फ 140 रन था। अजमतुल्लाह उमरजई और मार्को येन्सन क्रीज पर डटे हुए थे। अजमतुल्लाह 14 रन पर खेल रहे थे, जबकि उनका साथ निभाने आए उमरजई मार्को येन्सन 2 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले कूपर कोनोली 21 रन पर आउट हो गए और सूर्यांश शेडगे भी आठ रन ही बना सके। वहीं, कप्तान श्रेयस अय्यर सिर्फ 4 रन का योगदान दे सके। हालांकि, ओपनर प्रभसिमरन सिंह (57) ने दमदार पारी खेलकर अपनी टीम को कुछ हद तक संभाला, लेकिन दूसरे छोर पर प्रियांश आर्या ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और 22 रन बनाकर आउट हो गए।

पंजाब की टीम का धर्मशाला का क्रिकेट ग्राउंड घरेलू मैदान है। पंजाब के काफी लोग धर्मशाला में पंजाब की टीम की हौसलाअफजाई करने के लिए आए हुए थे। पूरा स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। इससे पहले पंजाब की टीम को दिल्ली से इसी मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था।

## श्रीजेश की जगह सोयेज जूनियर पुरुष हॉकी टीम के बने कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फ्रांस के फ्रेडरिक सोयेज को वीरवार को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का नया कोच बनाया गया है, जो दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीआर श्रीजेश की जगह लेंगे। पूर्व स्टार गोलकीपर श्रीजेश का अनुबंध पिछले साल चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने के बाद खत्म हो गया था। हॉकी इंडिया ने उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया।

हॉकी इंडिया ने तर्क दिया कि यह फैसला 2036 ओलंपिक की मेजबानी की भारत की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक टिकाऊ और उच्च स्तरीय प्रदर्शन वाला इकोसिस्टम बनाने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। यूरोपीय हॉकी के बेहतरीन कोचों में से एक सोयेज के पास शीर्ष स्तर पर 15 साल का कोचिंग का अनुभव है। वह 1995 से 2010 तक फ्रांस के लिए 196 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 195 गोल किए। इसके बाद फ्रांस और स्पेन के कोच रहे। उनके कोच रहते स्पेन रियो ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहा। वह टोक्यो ओलंपिक में भी स्पेन के कोच रहे, जबकि पेरिस ओलंपिक 2024 में फ्रांस के मुख्य कोच थे। स्पेन के कोच रहते उन्होंने टीम को 2019 यूरोपीय चैंपियनशिप में रजत पदक दिलाया।

सोयेज के कोच रहते फ्रांस की अंडर-18 टीम 2025 यूरोपीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीती थी। वह 2021 से 2024 तक फ्रेंच हॉकी महासंघ के हाई परफॉर्मेंस निदेशक रहे। उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा,''हम हॉकी इंडिया परिवार में सोयेज का स्वागत करते हैं। उनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का शानदार अनुभव है और उनका अनुभव तथा कौशल भारतीय हॉकी को लाभान्वित करेगा चूंकि हम 2036 ओलंपिक का दीर्घकालिन विजन लेकर चल रहे हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## खिलाड़ियों के फंड पर अफसरों की मौज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में खेलों को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए बनाए गए नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड का इस्तेमाल अगर अफसरों की रिहायशी कॉलोनियों की ऐशो-आराम वाली सुविधाओं पर हो रहा है, तो यह सिर्फ वित्तीय अनियमितता नहीं बल्कि खिलाड़ियों के सपनों के साथ विश्वासघात है। जिन संसाधनों से नई प्रतिभाएं निखरनी चाहिए थीं, वे नौकरशाही के मनोरंजन केंद्र बनते दिख रहे हैं। यह मामला बताता है कि योजनाओं का उद्देश्य कितना भी बड़ा क्यों न हो, निगरानी और जवाबदेही कमजोर हो तो सिस्टम अपने असली मकसद से भटक जाता है। खेलों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद तभी पूरी होगी, जब खिलाड़ियों का हक खिलाड़ियों तक पहुंचे, न कि सत्ता और सुविधा के गलियारों तक। (अनंत ज्ञान)

**मैदान सूने और चमकते रहे क्लब हाउस**

## एस्टन विला के खिलाफ मोहम्मद सलाह की वापसी तय : आर्ने स्लॉट

**एजेंसी, लंदन**



लिवरपूल के स्टार फॉरवर्ड मोहम्मद सलाह एस्टन विला के खिलाफ होने वाले प्रीमियर लीग मुकाबले में वापसी कर सकते हैं। टीम के मुख्य कोच आर्ने स्लॉट ने गुरुवार को पुष्टि की कि शुक्रवार को एस्टन विला के खिलाफ मैच के लिए मोहम्मद सलाह उपलब्ध रहेंगे, लेकिन वह केवल कुछ मिनट ही खेल पाएंगे। उम्मीद है कि वह मैदान पर उतरेंगे। स्लॉट ने टीम के अन्य खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी अपडेट दिया। उन्होंने बताया कि गोलकीपर एलिसन बेकर ने टीम के साथ अभ्यास शुरू कर दिया है, लेकिन उनके खेलने पर अंतिम फैसला मैच से पहले लिया जाएगा। वहीं फ्लोरियन विर्ट्ज पेट के संक्रमण से जूझ रहे हैं और एंटीबायोटिक्स ले रहे हैं।

अपने भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर स्लॉट ने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि मैं अगले सीजन भी लिवरपूल का मैनेजर रहूंगा। मेरा क्लब के साथ अनुबंध है और क्लब के साथ हमारी बातचीत सकारात्मक रही है। जब आप लोग नहीं जीतते तो आलोचना होना स्वाभाविक है और हमें इसे स्वीकार करना होगा।'

मोहम्मद सलाह पिछले महीने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ मुकाबले में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान से बाहर हो गए थे। इसके बाद आशंका जताई जा रही थी कि उनका सीजन खत्म हो सकता है और संभवत: लिवरपूल के लिए उनका करियर भी समाप्ति की ओर है, क्योंकि मिस्र के स्टार खिलाड़ी के सीजन के अंत में क्लब छोड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, बाद में क्लब ने स्पष्ट किया था कि उनकी चोट उतनी गंभीर नहीं है जितनी शुरुआत में आशंका जताई गई थी। प्रीमियर लीग अंक तालिका में लिवरपूल और एस्टन विला दोनों 59 अंकों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। लिवरपूल यदि यह मुकाबला जीतता है, तो अगले सीजन के यूएफा चैंपियंस लीग में अपनी जगह लगभग पक्की कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

## थाईलैंड ओपन : पीवी सिंधु-लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, बैंकॉक**



भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और टूर्नामेंट की छठी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने महिला एकल के दूसरे दौर में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेमों में 21-13, 21-15 से हराया। सिंधु ने यह मुकाबला महज 28 मिनट में अपने नाम किया। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर-3 अकाने यामागुची से होगा, जहां भारतीय स्टार के सामने कड़ी चुनौती रहने वाली है। पुरुष एकल वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया। 39 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया।

क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन का मुकाबला चीनी ताइपे के ली चिया हाओ और थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया की ब्रायन जेरेमी गूटिंग और मोहम्मद हैकल की जोड़ी को 21-12, 21-19 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व नंबर-4 भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 44 मिनट में जीता। अब अगले दौर में सात्विक-चिराग का सामना जापान की छठी वरीयता प्राप्त ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की जोड़ी से होगा। हालांकि, युवा भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग का अभियान दूसरे दौर में समाप्त हो गया।

इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका को मेजबान थाईलैंड की पिचामोन ओपाटनिपुथ ने 23-21, 21-11 से हराया। दिन में आगे भारत के पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत भी चीनी ताइपे के सू ली यांग के खिलाफ अपने दूसरे दौर का मुकाबला खेलेंगे। (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट 12वीं बार 400+ रन का बनाया रिकॉर्ड, आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले प्लेयर भी बने

# कोहली ने टी-20 में सबसे तेज 14 हजार रन बना रचा इतिहास

**एजेंसी, रायपुर**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हरा दिया। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में विराट कोहली ने कई रिकार्ड्स बना डाले।

कोहली ने नाबाद 105 रन की पारी खेली। इसी के साथ वे टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने आईपीएल में 12वीं बार 400+ रन का आंकड़ा भी पार किया। वे लीग इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी बने। विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। आरसीबी के लिए खेलते हुए उन्होंने अपना 279वां मुकाबला खेला और महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। धोनी और रोहित ने आईपीएल में 278-278 मैच खेले हैं। कोहली के नाम अब आईपीएल में 9000 से ज्यादा रन हो चुके हैं। उन्होंने 279 मैचों में 9 शतक और 66 फिफ्टी की मदद से 9145 रन बनाए हैं।

कोहली ने रनचेज करते हुए आईपीएल में अपना तीसरा शतक लगाया। इसके साथ ही उन्होंने जोस बटलर की बराबरी कर ली। आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा चेजिंग सेंचुरी अब बटलर और कोहली के नाम हैं।

विराट कोहली आईपीएल में दो अलग-अलग टीमों के खिलाफ 2-2 शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने गुजरात लॉयंस और कोलकाता नाइट राइडर्स, दोनों के खिलाफ दो-दो सेंचुरी लगाई हैं। कोहली ने टी-20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह सबसे कम पारियों में इस आंकड़े तक पहुंचने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने यह उपलब्धि सिर्फ 409 पारियों में हासिल की। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 423 पारियों में 14 हजार टी-20 रन पूरे किए थे। (अनंत ज्ञान)

### कोहली ने लगाया आईपीएल करियर का 9वां शतक

**कोहली** ने आईपीएल में अपना 9वां शतक जड़ दिया और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने के रिकॉर्ड को और मजबूत कर लिया। जोस बटलर 7 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कोहली ने टी-20 क्रिकेट में अपना 10वां शतक भी लगाया। इसके साथ ही वह सबसे ज्यादा टी-20 सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में डेविड वॉर्नर की बराबरी पर पहुंच गए। क्रिस गेल 22 शतकों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे आगे हैं, जबकि बाबर आजम के नाम 13 सेंचुरी दर्ज हैं।

### दो मैचों की नाकामी से नर्वस थे विराट

**लगातार** दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली का यह बयान हर खिलाड़ी के मानसिक संघर्ष को सामने लाता है। बड़े खिलाड़ी भी दबाव और बेचैनी से अछूते नहीं होते, लेकिन उनकी खासियत यही है कि वे उसी दबाव को प्रदर्शन में बदल देते हैं। केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी सिर्फ एक शतक नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुभव की मिसाल थी। कोहली ने यह भी साबित किया कि असफलता अंत नहीं, बल्कि बेहतर वापसी की शुरुआत हो सकती है।